आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 149 | उज्जैन, रविवार 14 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 14 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




## देश विदेश


### लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ अगले आर्मी चीफ होंगे

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के अगले आर्मी चीफ होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के लिए उनकी नियुक्ति की मंजूरी दी। सेठ मौजूदा आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून को खत्म होगा। उसी दिन सेठ भारत के 31वें आर्मी चीफ का पद संभालेंगे। वे अभी उप सेना प्रमुख के पद पर हैं। उन्होंने दो महीने पहले, 1 अप्रैल को यह पद संभाला था। उप सेना प्रमुख भारतीय सेना के दूसरे सबसे बड़े अधिकारी होते हैं। बतौर उप सेना प्रमुख धीरज सेठ आर्मी चीफ के साथ मिलकर सेना के कामकाज, सैन्य तैयारियों और नई तकनीक को शामिल करने जैसे अहम काम देखते हैं। सेना के संचालन और व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से चलाने की जिम्मेदारी भी उनके पास होती है।

### अभिषेक बनर्जी के घर रात तीन बजे पुलिस की रेड

**कोलकाता।** ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित घर पर कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार देर रात 3 बजे छापा मारा। पुलिस टीम सेंट्रल फोर्स के जवानों के साथ पहुंची। पुलिस अधिकारी अंदर गए, जवान गेट के बाहर पहरा देते रहे। तलाशी अभियान करीब 4 घंटे तक चला। छापे की सूचना मिलते ही ममता बनर्जी तुरंत अभिषेक के घर आईं, थोड़ी देर रुकीं फिर वापस चली गईं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी अभिषेक के पीए सुमित रॉय का पता लगाने के लिए की गई थी। सुमित के खिलाफ सालबोनी पुलिस स्टेशन में वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर केस दर्ज है। तब से पुलिस सुमित की तलाश में है। रॉय का मोबाइल फोन आखिरी बार बनर्जी के कालीघाट आवास पर ट्रेस किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने यहां छापा मारा।

### सबसे अजीब अफवाह थी मैं गे हूं: मौनी रॉय



**मुंबई।** एक्ट्रेस मौनी रॉय ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी सोशल मीडिया चर्चाओं और अफवाहों पर खुलकर बात की। मोनिका शर्मा के डिजिटल टॉक शो में उनसे पूछा गया कि बॉलीवुड में आने के बाद उन्होंने अपने बारे में सबसे अजीब अफवाह कौन-सी सुनी। इस पर मौनी ने जवाब दिया, यह कि मैं गे हूं। मौनी ने इस सवाल का जवाब हल्के अंदाज में दिया और साफ किया कि वह ऐसी अटकलों को गंभीरता से नहीं लेतीं। पिछले कुछ समय से उनकी निजी जिंदगी चर्चा में रही है और सोशल मीडिया पर उनके रिश्तों व दोस्ती को लेकर कई तरह के अनुमान लगाए जाते रहे हैं। मौनी ने कहा कि उनके अच्छे-बुरे और मुश्किल दौर में करीबी महिला दोस्तों ने हमेशा साथ दिया। उनके मुताबिक मजबूत दोस्ती और सपोर्ट सिस्टम किसी भी इंसान को मुश्किल समय से बाहर आने में मदद करता है। एक्ट्रेस ने युवा महिलाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और भावनात्मक रूप से मजबूत बनना चाहिए। उनके मुताबिक आत्मनिर्भरता सिर्फ करियर नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती से भी जुड़ी होती है। मौनी ने कहा कि लोगों की राय और सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन सबसे जरूरी खुद को समझना और अपने फैसलों पर भरोसा रखना है।

### ईरान-अमेरिका पीस डील पर लगी मुहर, होर्मुज जल्द खुल सकता है

**नई दिल्ली।** भारत समेत पूरे विश्व के लिए खुशखबरी है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से भारत समेत कई देशों में कच्चे तेल का संकट छाया है। इससे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी के दामों में काफी बढ़ोतरी हुई है। अब राहत मिलने की संभावना तेज हो गई है। अमेरिका और ईरान में फिर झड़प के बाद पीस डील पर मुहर लगने की रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान ने संकेत दिया है कि उनके युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौता होने के करीब है, एक वरिष्ठ अमेरिकी प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष एक मसौदे पर सहमत हो गए हैं और वाशिंगटन को आने वाले दिनों में एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है।

### सिडनी जा रही श्रीलंकन एयरलाइंस की फ्लाइट पर बिजली गिरी

**कटुनायके।** श्रीलंकन एयरलाइंस की फ्लाइट यूएल-606 शुक्रवार सुबह 1 बजे कटुनायके स्थित बंदरानायके अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सिडनी के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान विमान पर बिजली गिर गई। इसके बाद फ्लाइट को सुबह करीब 1.40 बजे सुरक्षित रूप से वापस उसी एयरपोर्ट पर उतारा गया। फ्लाइट में 217 यात्री और 16 क्रू मेंबर सवार थे। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, बाद में श्रीलंकन एयरलाइंस ने यात्रियों को सिडनी भेजने के लिए उसी मॉडल का दूसरा एयरबस ए330 विमान उपलब्ध कराया। यह विमान सुबह करीब 6.06 बजे सिडनी के लिए रवाना हुआ। वहीं, बिजली की चपेट में आए विमान को जांच और मरम्मत के लिए कटुनायके एयरपोर्ट स्थित श्रीलंकन एयरलाइंस के हैंगर में भेज दिया गया है।

असम में लैंडिंग के दौरान आग लगने से दो हिस्सों में टूट गया

# एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट विमान क्रैश

## पायलट समेत 5 की मौत, इनमें राजस्थान-बिहार के अग्निवीर भी शामिल

**एजेंसी ▸▸ जोरहाट**

असम में जोरहाट के रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं।

दानिश बिहार के तो खेमाराव राजस्थान के रहने वाले थे। एक को-पायलट घायल हो गया है। हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था। हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्से में टूट गया। यह एएन-32 मालवाहक विमान था, जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है।



### एयरफोर्स एएन-32 विमानों को बदलने की तैयारी में

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भारतीय वायुसेना अपने पुराने एएन-32 और आईएल-76 मालवाहक विमानों को बदलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए नए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे, ताकि भविष्य में सैनिकों, हथियारों और सैन्य सामान की ढुलाई की जरूरतें पूरी की जा सकें।

अगले तीन वर्षों में 22 हजार पद भरे जाएंगे

## बिलों में घुसे सपोलों को निकालेगी पुलिस : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी पुलिस ने ऐसे नेटवर्क को खत्म करने का काम किया है, जो बड़ा आतंकवादी बनकर पाकिस्तान के इशारे पर भारत के लिए संकट खड़ा कर सकता था। भविष्य में भी हमारी पुलिस बिलों में घुसे ऐसे संपोलों को ढूंढ़ निकालने का काम करेगी। इस नेटवर्क के खात्मे के दौरान पुलिस को कुछ जिहादी साहित्य भी मिला है, जिसके आधार पर आगे की जांच की जा रही है। सीएम यादव ने ये बातें पुलिस मुख्यालय में आईजी कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र के बाद मीडिया से चर्चा में कहीं।

सीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश में 8 साल बाद सब-इंस्पेक्टरों की भर्ती की गई है और अगले तीन वर्षों में 22 हजार पद भरे जाएंगे। इसके लिए हर साल भर्ती प्रक्रिया चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि धार में भोजशाला पर कोर्ट के फैसले के बाद पुलिस ने बड़ी ही समझदारी से पूरे मामले को हैंडल करने का काम किया है।

## राममंदिर चढ़ावा गिनने वाले ने गोबर में छिपाए थे रुपए

**एजेंसी ▸▸ अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे के 7 करोड़ रुपए की चोरी के दावे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर ट्रस्ट ने शनिवार को सीएम योगी से चोरी के दावे की जांच एसआईटी से कराने की मांग की।

इधर, मंदिर के कर्मचारी लवकुश मिश्रा (27) के घर से 10 लाख रुपए बरामद हुए हैं। उसने रुपए गोबर में दबाकर छिपाए थे। इसके अलावा, कुछ पैसे बक्से में भी रखे थे। हालांकि, ये रुपए किसके हैं, यह अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं लवकुश के पिता ने भी रुपए मिलने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक, लवकुश मंदिर में चढ़ावे की रकम गिनने का काम करता था। लवकुश की नौकरी उसके ससुर ने लगवाई थी। लवकुश का साला अनुकल्प मिश्रा पहले से मंदिर में नौकरी कर रहा था।

## मोदी फ्रांस-स्लोवाकिया की 6 दिन की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह फ्रांस और स्लोवाकिया की 6 दिनों की यात्रा पर रवाना हो गए। उनकी यह यात्रा 13 से 18 जून तक चलेगी। पीएम बनने के बाद मोदी की यह 7वीं फ्रांस यात्रा है। वे 13-14 जून को फ्रांस के नीस शहर में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

## मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम का टेस्ट कामयाब

**एजेंसी ▸▸ जोरहाट**

**5000किमी दूर से आ रही मिसाइल को मार गिराएगा**

भारत अब लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों, यहां तक कि इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के खतरों का भी मुकाबला कर सकता है। डीआरडीओ ने 10 और 11 जून को लगातार 3 फ्लाइट टेस्ट किए गए, जिनमें मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन किया गया। इसमें इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल क्लास तक के खतरों समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने और बेअसर करने की क्षमता भी शामिल है। यह स्वदेशी तकनीक दुश्मन की मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही नष्ट कर देती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 जून को टेस्टिंग की तस्वीरें अकाउंट पर शेयर की हैं। इसके साथ-साथ नेवल एंटी शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का भी टेस्ट किया गया। इसे भारत की समुद्री स्ट्राइक और डिफेंस स्किल को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## महिला इंजी. 6 महीने की बच्ची के साथ छठवें फ्लोर से कूदी, मां की मौत

**एजेंसी ▸▸ हैदराबाद**

तेलंगाना के हैदराबाद में 37 साल की सॉफ्टवेयर इंजीनियर ईशा साहू अपनी छह माह की बेटी को गोद में लेकर अपार्टमेंट की छठी मंजिल से कूद गई। घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्ची चमत्कारिक रूप से बच गई। पुलिस ने बताया कि बच्ची अपार्टमेंट की सोलर फेंसिंग के तारों पर गिरकर लटक गई, जिससे उसकी जान बच गई।



पास के एक चौकीदार ने रोने की आवाज सुनकर उसे सुरक्षित निकाला। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला प्रसव के बाद से अवसाद (डिप्रेशन) से जूझ रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राजस्थान के चूरु में रेलवे स्टेशन का शेड उखड़कर ट्रैक पर गिरा



**एजेंसी ▸▸ जयपुर**

यूपी में प्री-मानसून एक्टिव हो गया है। शनिवार सुबह कानपुर-अयोध्या, उन्नाव समेत 25 शहरों में बारिश हुई। वाराणसी में दोपहर में तूफान आया इससे होर्डिंग उड़ गई। लखनऊ में तेज आंधी आने से दिन में अंधेरा छा गया। हाथरस में बारिश के चलते कोतवाली सदर में पानी भर गया और सड़कें डूब गईं। राजस्थान में शुक्रवार को बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर और चूरू के कई इलाकों में हवा के साथ बारिश हुई। चूरू के श्रीमकड़ीनाथ रेलवे स्टेशन पर लगा टिनशेड अंधड़ से रेलवे ट्रैक पर गिर जाने से ट्रेनें लेट हो गईं। दिल्ली में शनिवार सुबह बारिश के चलते कई फ्लाइट्स लेट हुईं। इंडिगो एयरलाइंस ने एक्स पर पोस्ट कर कहा खराब मौसम की वजह से उड़ानों के समय पर असर पड़ा है।

पीओके में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत


# चार दिन में 1100 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी ▸▸ मुजफ्फराबाद**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते 4 दिनों से चल रहे आंदोलन में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, चार दिनों में 1100 से ज्यादा लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है।

दरअसल, पीओके में विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों लेकर विवाद चल रहा है। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं जो जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में जाकर बसे थे।

पीओके सुप्रीम कोर्ट ने 7 जून को आरक्षण खत्म करने की मांगों को खारिज कर दिया और कहा कि संवैधानिक संशोधन सरकार से छीनी जाने वाली कोई रियायत नहीं है। इस फैसले के बाद जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी इन सीटों को खत्म करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। इस वजह से मुजफ्फराबाद, मीरपुर में बाजार, स्कूल, कॉलेज और दफ्तर बंद हैं। नेटबंदी भी जारी है। इससे घाटी बाहरी दुनिया से कटी हुई है।



### कई नेताओं पर राजद्रोह का केस दर्ज

इससे प्रदर्शनकारियों का जोश कम नहीं हुआ है। उनमें नाराजगी और बढ़ गई है। जेएएसी के सदस्य धरने की तैयारी तेज कर रहे हैं। पाकिस्तानी आर्मी और सरकार ने पुंछ, मीरपुर और मुजफ्फराबाद में अतिरिक्त अर्धसैनिक बल की तैनाती के आदेश दिए हैं। इनमें रेंजर्स और फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी के जवान शामिल हैं। प्रशासन ने प्रदर्शन समर्थक जेएएसी नेताओं शौकत नवाज मीर, ख्वाजा मेहरान और अन्य पर राजद्रोह के केस दर्ज किए हैं। सरकार अर्धसैनिक बलों का खौफ दिखाकर आंदोलन कुचलने की कोशिश कर रही है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## समस्या वहीं, हल नहीं

समस्याओं से सामना करना जीवटता की निशानी है। अगर एक ही समस्या से बार-बार सामना करना पड़े तो इसका आशय है निदान में पर्याप्त समर्पण और ठोस स्थिति नहीं रही है। मंदिर परिसर के बाहर भीख मांगना एक धंधा बन गया है। यही नहीं अन्यानेक तरीके इसके लिए निकाल लिए गए हैं। इसे सफलतम रूप देने के लिए भी अन्यानेक तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों का उपयोग, हाथ-पैर जोड़ना, स्तनपान करने वाले बच्चों की दुहाई देना, उन्हें गोद में उठाकर श्रद्धालुओं को उनके बच्चों के भविष्य को लेकर दुआ देना शामिल रहे हैं। हालिया दिनों में इससे आगे की स्थिति सामने आने लगी है। बच्चों को आगे कर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के कपड़े खींचना,खासकर महिलाओं के, श्रद्धालुओं की जेब में बच्चों द्वारा हाथ डालना, भीख नहीं मिलने पर बद्दुआ का उपयोग करना जिससे की श्रद्धालु आवेश में आ जावे। यही नहीं श्रद्धालुओं को तैश में लाना भी इसी में से एक है। मंदिर परिसर के बाहर पूरी गैंग इस तरह के काम में लगी हुई है। इससे आने वाले श्रद्धालुओं को कई बार विपरित परिस्थिति से गुजरना पडता है और आत्मिक तौर पर उन्हें आहत होने जैसे मामले भी होते हैं। हाल ही में एक मामले में तो भीख के रूपयों के लिए एक दूध मुंहे बच्चे को ही महिला श्रद्धालु के पांव में रख दिया गया। इन मामलों से आए दिन हंगामें के हालात मंदिर परिसर के बाहर होते जा रहे हैं। कई बार मारपीट के हालात भी बनते हैं। खुसूर-फुसूर है कि पास के शहर को इनसे मुक्ति मिल सकती है और धर्म नगरी के आश्रम में ही उनकी सुधारवादी प्रक्रिया को अंजाम दिया गया लेकिन धर्मनगरी की इस विकृति को यहां के यहां ही सुधार नहीं किया जा पा रहा है। ढेरों से सुबह से निकलने वाली महिलाओं और बच्चों को अगर संबंधित विभाग दो-चार दिन के लिए सुधारवादी स्थितियों में घेर दे तो आने वाले समय में यहां से भी इनकी मुक्ति की स्थिति बन जाएगी लेकिन संबंधित मात्र हर बार फोरी कार्रवाई कर यानिकी अंगुली कटाकर शहीद में शामिल हो जाते हैं और समस्या वहीं की वहीं रह जाती है।




### कई दिनों से पानी में तैर रहे बैरिकेड्स बन रहे थे हादसे का कारण

# शिप्रा नदी में खतरनाक हालत में पड़े बैरिकेड्स हटाए

## श्रद्धालुओं को मिली राहत, मां शिप्रा तैराक दल ने चलाया अभियान, दत्त अखाड़ा क्षेत्र के घाट को बनाया स्नान योग्य





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शिप्रा नदी के दत्त अखाड़ा क्षेत्र स्थित घाट पर कई दिनों से नदी के भीतर खतरनाक स्थिति में पड़े बैरिकेड्स श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बने हुए थे। पानी में तैर रहे इन बैरिकेड्स के कारण श्रद्धालुओं को स्नान करने में कठिनाई हो रही थी, वहीं उनसे चोटिल होने का खतरा भी बना हुआ था। इसके बावजूद संबंधित व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था।

अधिक मास के दौरान शिप्रा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। ऐसे समय में घाटों पर बेहतर व्यवस्थाओं की आवश्यकता थी, लेकिन दत्त अखाड़ा घाट के समीप नदी में पड़े बैरिकेड्स अव्यवस्था और लापरवाही का उदाहरण बने हुए थे। पानी में लंबे समय से पड़े रहने के कारण ये बैरिकेड्स खराब भी हो रहे थे।

### मां शिप्रा तैराक दल ने शुरू किया अभियान

शनिवार को मां शिप्रा तैराक दल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नदी में पड़े बैरिकेड्स को हटाने का अभियान शुरू किया। दल के सदस्यों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों ने भी इस कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। मां शिप्रा तैराक दल के सचिव संतोष सोलंकी, प्रचार सचिव तेजा कहार, सपना माली तथा संस्था के बच्चों ने मिलकर नदी से बैरिकेड्स निकालकर संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को समाप्त किया। उनके इस प्रयास से घाट की व्यवस्था सुधरी और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम स्नान की सुविधा मिल सकी। सपना माली ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया, जिससे घाट पर फैली अव्यवस्था को दूर कर स्नान व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सका।

### घाट हुआ सुरक्षित, श्रद्धालुओं ने की अभियान की सराहना

बैरिकेड्स हटने के बाद घाट पूरी तरह स्नान योग्य हो गया और श्रद्धालु बिना किसी बाधा के शिप्रा नदी में स्नान करने लगे। घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने मां शिप्रा तैराक दल के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।

### लापरवाही के चलते करोड़ों रुपये से किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों की बिगड़ रही स्थिति

# नानाखेड़ा चौराहे का डेकोरेटिव डिवाइडर टूटा, सड़क पर बिखर रहे लाल पत्थर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों को आकर्षक स्वरूप देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर किए गए सौंदर्यीकरण कार्य अब रखरखाव के अभाव में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। नानाखेड़ा क्षेत्र में सिग्नल के समीप सड़क के बीच बनाया गया नक्काशीदार लाल पत्थरों का डेकोरेटिव डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया है। डिवाइडर के पत्थर टूटकर सड़क पर गिर रहे हैं, जिससे न केवल चौराहे की सुंदरता प्रभावित हो रही है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

**देखरेख के अभाव में बिगड़ रही चौराहों की रंगत-** नानाखेड़ा चौराहे पर पूर्व में लाल नक्काशीदार पत्थरों से आकर्षक डिवाइडर का निर्माण किया गया था, जो क्षेत्र की पहचान और सुंदरता का केंद्र था। वर्तमान में डिवाइडर के कई हिस्से टूट चुके हैं और पत्थर सड़क पर बिखर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं की गई, जिसके कारण स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।



### नए निर्माण पर जोर पुराने कार्य हो रहे उपेक्षित

आगामी सिंहस्थ और अन्य विकास योजनाओं को ध्यान में रखते हुए शहर में विभिन्न निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं। इसके बावजूद पूर्व में किए गए निर्माण कार्यों के संरक्षण और रखरखाव पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप कई स्थानों पर बनाई गई संरचनाएं और सजावटी निर्माण धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होते जा रहे हैं।

### टूटे पुतलों पर सिर्फ रंग-रोगन, नहीं हो रहा सुधार

- शहर के कई चौराहों पर पशु-पक्षियों, मानव आकृतियों और अन्य कलात्मक प्रतिमाओं का निर्माण किया गया था। इनमें से कई प्रतिमाएं अब टूट-फूट का शिकार हो चुकी हैं। नागरिकों का आरोप है कि इन क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत कराने के बजाय केवल उन पर रंग-रोगन और पेंट कर औपचारिकता निभाई जा रही है। इससे उनकी वास्तविक स्थिति छिप नहीं रही और वे पहले से अधिक बदसूरत दिखाई दे रही हैं।
- नानाखेड़ा चौराहे के क्षतिग्रस्त डिवाइडर की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा शहर के अन्य सौंदर्यीकरण कार्यों की नियमित निगरानी और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि करोड़ों रुपये की लागत से विकसित की गई शहर की सुंदरता सुरक्षित रह सके।

## सोमवती अमावस्या पर्व स्नान की तैयारियों का लिया जायजा



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अधिकमास के दौरान सोमवार को आने वाली सोमवती अमावस्या के पर्व स्नान को ध्यान में रखते हुए शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने एमआईसी सदस्यों एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ सोमतीर्थ कुंड और रामघाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्देश दिए कि पर्व स्नान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं। श्रद्धालुओं के लिए स्नान हेतु फव्वारों की व्यवस्था, मार्गदर्शक सूचना संकेतक बोर्ड, कंट्रोल रूम, महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक चेंजिंग रूम, टेंट-शामियाने, पार्किंग स्थल, चलित शौचालय तथा सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

महापौर ने कहा कि सोमवती अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है, इसलिए सभी आवश्यक सुविधाएं सहज और व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

नगर निगम द्वारा अन्य प्रमुख घाटों पर भी शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं लगातार संचालित होती रहें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महापौर ने पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार, जोनल अधिकारी श्याम सुंदर शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज कॉलम

### शुभम वर्मा की पदोन्नति एवं इलेक्ट्रिकल लाइसेंस परीक्षाएं पास करने पर बधाई दी

**अकोदिया।** अकोदिया मंडी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ क्रांतिकारी जागरूक पत्रकार दैनिक अवंतिका समाचार पत्र के अकोदिया ब्यूरो चीफ सुनील वर्मा के बेटे जो कि कोयला खदान कोल इंडिया एनसीएल कोयला खनन मंत्रालय नवानगर जिला सिंगरौली संभाग रीवा में स्थित है। भारत सरकार की निगाही परियोजना में शुभम वर्मा के 5 साल पूर्ण होने एवं छठे साल के प्रवेश मे इलेक्ट्रिकल विभाग में सेकंड ग्रेड प्रमोशन पर स्टाफ के लोगों एवं मित्र मंडली कॉलोनी के सभी चाहने वाले शुभचिंतक रिश्तेदारों ने शुभम वर्मा को मिठाई खिलाकर माला पहनाकर प्रमोशन की बधाई व शुभकामनाएं दी। इसी के साथ शुभम वर्मा ने मप्र शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित इंडस्ट्रियल, डोमेस्टिक, अंडरग्राउंड, ओवरहेड, माइनिंग एवं नॉन माइनिंग सुपरवाइजर परीक्षा सहित 6 लाइसेंस के लिए परीक्षाएं पास करने पर वर्मा परिवार में खुशी का माहौल है, सभी लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए वर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### कृषि उपज मंडी का सीजन ऑफ होने से नीलामी प्लेटफॉर्म सूने

**उज्जैन।** कृषि उपज मंडी में ऑफ-सीजन शुरू होने से नीलामी प्लेटफॉर्म खाली नजर आने लगे हैं। जहां सीजन में रोज 6 से 7 करोड़ रुपए का कारोबार होता था, वहां अब नीलामी 1 से 2 घंटे में खत्म हो रही है। गेहूं का सीजन इस बार मंडी में कमजोर रहा। सरकारी खरीदी बंद होने के बाद आवक घट गई और भाव में भी कमी आई। गेहूं ब्रोकर संजय खंडेलवाल के मुताबिक खरीदी रुकते ही मंडी में गेहूं की आवक लगभग समाप्त हो गई। किसान प्रेमनारायण ने बताया कि गेहूं बेचकर अब सोयाबीन की तैयारी कर रहे हैं। मंडी व्यापारी संघ के सचिव हजारीलाल मालवीय ने कहा कि कारोबार लगभग शून्य पर है। सोयाबीन कारोबारी अमर अग्रवाल के अनुसार ऑफ-सीजन में भी सोयाबीन के भाव 10,000 रुपए तक रहे। मंडी में सोयाबीन 6,900 से 9,700 रुपए में बिका, जबकि प्लांट ऑफर 6,950 से 7,000 रुपए बताए गए।

### रिटेल पंप से ग्राहक को 200 लीटर से अधिक डीजल देने पर पाबंदी

**उज्जैन।** डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति में आ रहे उतार-चढ़ाव के बीच अब एक और नई व्यवस्था सामने आई है। यह कि कोई भी रिटेल पेट्रोल पंप संचालक किसी भी ग्राहक को 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं दे सकेगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा ने बताया नियम को अब सख्ती से लागू किया जा रहा है। इसमें यह होगा कि जिन पेट्रोल पंप पर ऐसे ग्राहक भी आते हैं, जिनकी खपत 200 लीटर से अधिक हैं, उन्हें रिटेल की बजाय इंडस्ट्रियल पंप से ही ईंधन दिया जा सकेगा। इसके लिए पंप संचालक को अलग से आवेदन कर इंडस्ट्रियल पंप की अनुमति लेना होगी। जिले में वर्तमान करीब 8 इंडस्ट्रियल पंप भी है।

## संतवाणी से व्यक्तित्व दक्षता विकास एवं संस्कार निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

संत वाणी से व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार केंद्र तथा संत शिरोमणि रविदास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में "संतवाणी से व्यक्तित्व विकास, दक्षता एवं संस्कारों का निर्माण विषय पर प्रशिक्षकों हेतु ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिनिधियों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों के माध्यम से गाँव एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं में व्यक्तित्व विकास, दक्षता संवर्धन तथा स्वरोजगार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं आत्मविश्वासी बनाने पर विशेष महत्व दिया गया। केंद्र द्वारा व्यक्तित्व विकास, करियर काउंसलिंग, मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी निरंतर संचालित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेरक प्रबोधक डॉ. शैलेन्द्र पाराशर, डॉ. अंबेडकर पीठ, , पूर्व आचार्य सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने संतवाणी के माध्यम से व्यक्तित्व एवं दक्षता विकास विषय पर प्रेरक उदाहरणों और व्यावहारिक प्रसंगों सहित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि संतों की वाणी व्यक्ति, समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन की शक्ति रखती है। प्रत्येक व्यक्ति में स्वयं तथा समाज को बदलने की अंतर्निहित क्षमता विद्यमान है ।

## किसानों ने लिया खरीफ में सोयाबीन की 100 प्रतिशत बोवनी का फैसला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन-इंदौर क्षेत्र में सोयाबीन उत्पादन के कारण 100 से अधिक सोयाबीन प्लांट हैं। इनमें से करीब 70% प्लांट अभी चल रहे हैं। बाजार में सोयाबीन के भाव 10,000 रुपए के पार जाने के बाद किसानों ने खरीफ में 100% बोवनी का फैसला किया है।

किसान करणसिंह पटेल के अनुसार सरकार ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 5,708 रुपए कर दिया है। मंडी कारोबारी अमर अग्रवाल ने बताया कि स्टॉक कम होने से नई आवक तक भाव ऊंचे रह सकते हैं।



दौलतगंज तेल बाजार में 15 किलो टिन 2,495 रुपए और 1 किलो 164 रुपए बताया गया।

# आशा कार्यकर्ताओं संघ का धरना

## चौथे दिन भी जारी रहा प्रदर्शन, कहा- कई महीनों से मानदेय नहीं मिला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आशा एवं सुपरवाइजर कर्मचारी महासंघ के बैनर तले आशा कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें पिछले कई महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने सरकार और अधिकारियों से लंबित भुगतान जल्द जारी करने की मांग की।

उज्जैन में आशा एवं सुपरवाइजर कर्मचारी महासंघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार चौथे दिन धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में जिलेभर से करीब 200 आशा कार्यकर्ता शामिल हुईं और नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया।





प्रदेश महामंत्री ने बताया कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं देने का काम करती हैं, लेकिन उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई आशा कार्यकर्ताओं का चार से पांच महीने का भुगतान लंबित है। वर्ष 2025 के बकाया भुगतान का भी अभी तक पूरा हिसाब नहीं हुआ है।उन्होंने कहा कि कुछ कार्यकर्ताओं को अलग-अलग राशि दी गई है, किसी को 7 हजार, किसी को 8 हजार, तो किसी को 10-11 हजार रुपए मिले हैं, जबकि बाकी भुगतान रोक दिया गया है। इससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। संगठन का कहना है कि भुगतान न होने के पीछे सरकार या अधिकारियों में से कौन जिम्मेदार है, यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार, 14 जून 2026 | www.awantika.com 

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज महाकुंभ में किए फायर सेफ्टी प्रबंधन का प्रेजेंटेशन

**उज्जैन।** संभाग आयुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित फायर सेफ्टी प्लानिंग की प्रारंभिक बैठक कलेक्टर सभागृह में आयोजित हुई। उत्तर प्रदेश की फायर सेफ्टी टीम के साथ प्रयागराज कुंभ 2025 में की गई फायर सेफ्टी प्रबंधन व्यवस्था का प्रेजेंटेशन देखा। उत्तर प्रदेश के फायर सेफ्टी अधिकारी (बुलंदशहर) प्रमोद शर्मा और अंशुल मित्तल फायर सेफ्टी अधिकारी (लखनऊ) ने प्रयागराज कुंभ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी ।संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने बताया उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ 2028 को फायर प्रूफ बनाने के लिए बेहतर प्रबंधन और रिस्पांस समय को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश के दल के साथ शुक्रवार को मंथन किया गया।

### उज्जैन जिले ने किया राज्य स्तरीय प्रथम स्थान प्राप्त

**उज्जैन।** शिक्षा के क्षेत्र में हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना सरकार और समाज का प्राथमिक दायित्व है। इसी संकल्प को साकार करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए नामांकन अभियान में उज्जैन जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले के सामूहिक प्रयास, मजबूत नेतृत्व और समुदाय की सक्रिय भागीदारी का प्रमाण है। शिक्षा पोर्टल 3.0 के आंकड़ों के अनुसार 5 जून 2025 तक जिले में कक्षा 1 से 8 तक का कुल नामांकन 92.57 प्रतिशत रहा। राज्य स्तरीय रैंकिंग में उज्जैन जिले ने 92.0 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अन्य जिलों का प्रदर्शन कम रहा। कक्षा-1 में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए जिले ने राज्य में प्रथम स्थान (98.0 प्रतिशत) प्राप्त किया।

### पंचकोश सिद्धांत से ही संभव है विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास

**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे दिन शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका और भारतीय दर्शन के पंचकोश सिद्धांत पर विस्तार से मंथन हुआ। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि तकनीक शिक्षा के क्षेत्र में एक शक्तिशाली माध्यम जरूर है, लेकिन यह कभी शिक्षक का विकल्प नहीं बन सकती। वहीं, विद्यार्थी का वास्तविक विकास केवल पंचकोश के संतुलित विकास से ही संभव है। तकनीक दे सकती है जानकारी, लेकिन प्रेरणा और संस्कार केवल शिक्षक से प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में 'एआई शिक्षक की भूमिका, चुनौतियां और अवसर' विषय पर अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के वैज्ञानिक सलाहकार संतोष कुमार विश्वकर्मा ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि एआई डेटा से सीखने, निर्णय लेने और समस्या समाधान में सक्षम है। वर्तमान में चैटजीपीटी, जेमिनी और एलेक्सा जैसे उपकरणों ने शिक्षा व पढ़ने-पढ़ाने के तरीकों में व्यापक बदलाव किया है। नई शिक्षा नीति 2020 भी डिजिटल शिक्षा और नवाचार पर बल देती है।

### मुख्यमंत्री ने शास्त्रीय नर्तक डॉ. पुरू दाधीच को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कत्थक नृत्य की दाधीच शैली के प्रवर्तक और पद्म श्री से सम्मानित डॉ. पुरु दाधीच को 'संगीत नाटक अकादमी रत्न' से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. दाधीच ने भारत की शास्त्रीय नृत्य परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनके इस सम्मान से कला, साहित्य व संस्कृति की नगरी इंदौर सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश की प्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्तर पर और बढ़ी है।

### बिजली कंपनी के एमडी श्री सिंह ने किया निरीक्षण

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार की शाम इंदौर शहर वृत्त अंतर्गत एयरपोर्ट बिजली जोन का दौरा किया। श्री सिंह ने बिजली वितरण, उपभोक्ता सेवा संचालन, शिकायत निवारण, राजस्व संग्रहण समेत कंपनी की प्राथमिकताओं वाले विषयों की बिंदुवार जानकारी जोन प्रभारी गौरव दुबे से ली। इस अवसर पर मुख्य अभियंता सतर्कता एसआर बमनके, स्टोर संकाय प्रमुख अचल जैन, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक संजय मालवीय आदि मौजूद थे। सिंह ने पोलोग्राउंड इंदौर स्थित ट्रांसफार्मर की मेजर रिपेयरिंग यूनिट समेत अन्य क्षेत्रों का भी निरीक्षण कर सुधारात्मक कार्य के लिए निर्देशित किया।

### प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र एवं प्रस्ताव आमंत्रित

**उज्जैन।** सहायक संचालक हाथकरघा से प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत संचालित कौशल एवं तकनीकी विकास योजना के तहत हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिए वस्त्र रंगाई एवं छपाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए 10 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु समिति, समूह, उद्यमी, अशासकीय संस्था एवं शासकीय संस्था से आवेदन पत्र एवं प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं ।योजना के अनुसार जिला स्तर पर 15 दिवस का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु चयनित एजेंसी को उसके उद्देश्यों एवं गतिविधियों के अंतर्गत सहायता की पात्रता होगी ।आवेदन करने वाली संस्था अथवा समूह का विगत तीन वर्षों से हाथकरघा या हस्तशिल्प के माध्यम से स्वयं के व्यापार-व्यवसाय में संलग्न होना आवश्यक है। साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत संस्था अथवा समूह को प्रशिक्षित हितग्राहियों को स्वयं के अथवा संस्था/समूह के व्यापार-व्यवसाय में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

---

### विशेष रिपोर्ट: पटेल ब्रिज हादसा, बीमा-फिटनेस की अफवाहों के बीच उठे सिस्टम पर सवाल

# वाहनों की रोज जांच, लेकिन शासकीय वाहनों की जवाबदेही कौन तय करेगा?

## टायर फटने से बेकाबू हुआ था पानी का टैंकर, मौके पर अफरा-तफरी का हो गया था माहौल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

जवाहर मार्ग स्थित पटेल ब्रिज पर गुरुवार को नगर निगम से अटैच एक पानी के टैंकर के हादसे ने शहर को झकझोर दिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, चलते समय टैंकर का टायर अचानक फट गया, जिसके बाद चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और टैंकर अनियंत्रित होकर आगे बढ़ गया। इसकी चपेट में आकर चार पहिया और दोपहिया सहित कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में कुछ लोगों के घायल होने की भी सूचना सामने आई, जबकि टैंकर में सवार एक व्यक्ति को भी चोट आई। राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों की मदद की, वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था संभाली। हादसे के बाद टैंकर चालक के मौके से चले जाने की भी जानकारी सामने आई। लेकिन इस घटना ने केवल एक सड़क दुर्घटना की कहानी नहीं लिखी, बल्कि शासकीय विभागों से जुड़े वाहनों की निगरानी व्यवस्था, जवाबदेही और सड़क सुरक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए। पटेल ब्रिज पर हुआ यह हादसा सौभाग्य से किसी बड़ी जनहानि में नहीं बदला। लेकिन यह घटना प्रशासन के लिए एक चेतावनी जरूर है कि सड़कों पर चलने वाले भारी वाहनों की निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है।



### हादसे के बाद शुरू हुई चर्चाएं

घटना के कुछ ही देर बाद शहर में यह चर्चा तेजी से फैलने लगी कि दुर्घटनाग्रस्त टैंकर का बीमा और फिटनेस प्रमाणपत्र समाप्त हो चुका था और बिना वैध दस्तावेजों के वाहन का संचालन किया जा रहा था। सोशल मीडिया से लेकर आम नागरिकों के बीच यह सवाल उठने लगा कि यदि यह सही है, तो आखिर जिम्मेदारी किसकी होगी? इन चर्चाओं की सच्चाई जानने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों से बातचीत की गई।

### अपर आयुक्त का स्पष्टीकरण दस्तावेज पूरी तरह वैध थे

नगर निगम के अपर आयुक्त मनोज पाठक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दुर्घटनाग्रस्त टैंकर का बीमा और फिटनेस दोनों वैध थे। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद कुछ लोगों द्वारा यह गलत जानकारी फैलाई जा रही थी कि वाहन के आवश्यक दस्तावेज समाप्त हो चुके थे, जबकि विभागीय रिकॉर्ड में ऐसा कोई तथ्य नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के संचालन में शामिल वाहनों के दस्तावेजों का नियमित संधारण किया जाता है और बिना वैध दस्तावेजों के किसी वाहन को संचालन की अनुमति नहीं दी जाती।

### जल समिति प्रभारी बोले बिना कागज कोई वाहन नहीं चलता

नगर निगम की जल समिति के प्रभारी अभिषेक (बबलू) शर्मा ने बताया कि शहर में पेयजल वितरण के लिए निगम के स्वयं के वाहनों के साथ निजी तौर पर अटैच टैंकरों का भी संचालन किया जाता है। उन्होंने कहा विभाग द्वारा बीमा, फिटनेस और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का पूरा ध्यान रखा जाता है। किसी भी प्रकार की दस्तावेजी कमी पाए जाने पर वाहन को न तो संचालन में लिया जाता है और न ही निगम से अटैच किया जाता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संचालित किया जाता है।

### वर्कशॉप प्रभारी ने भी की पुष्टि

नगर निगम वर्कशॉप शाखा के प्रभारी मनीष पांडे ने भी पुष्टि की कि दुर्घटनाग्रस्त टैंकर का बीमा और फिटनेस दोनों वैध थे। उन्होंने बताया कि वाहनों के रखरखाव और तकनीकी स्थिति की समय-समय पर समीक्षा की जाती है, ताकि संचालन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी परेशानी से बचा जा सके।

### सबसे बड़ा सवाल : क्या शासकीय वाहनों की भी होती है नियमित जांच?

पटेल ब्रिज हादसे के बाद आम लोगों के बीच सबसे अधिक चर्चा इसी सवाल को लेकर हुई कि जब ट्रैफिक पुलिस निजी वाहनों को रोककर लाइसेंस, बीमा, फिटनेस और प्रदूषण प्रमाणपत्र की जांच करती है, तो क्या शासकीय विभागों और उनसे अटैच वाहनों की भी उसी तरह नियमित जांच होती है? इस संबंध में ट्रैफिक जोन-3 के एसीपी हिंदू सिंह मुवेल से चर्चा की गई। उन्होंने बताया विशेष अभियान और सड़क सुरक्षा पखवाड़ों के दौरान शासकीय वाहनों की भी जांच की जाती है। हालांकि सामान्य दिनों में प्रत्येक विभाग की अपनी जिम्मेदारी होती है कि वे अपने वाहनों के बीमा, फिटनेस और अन्य दस्तावेजों को अद्यतन रखें। संबंधित विभागों द्वारा इनकी नियमित निगरानी की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि शासकीय विभागों के वाहनों के दस्तावेजों का संधारण और परीक्षण उनकी प्रशासनिक जवाबदेही का हिस्सा होता है।

### कागज वैध थे, लेकिन सवाल अभी भी बाकी हैं

अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दुर्घटनाग्रस्त टैंकर के दस्तावेज वैध थे, लेकिन इस हादसे ने कुछ महत्वपूर्ण सवाल भी छोड़ दिए हैं-

- यदि टायर फटने से इतना बड़ा हादसा हो सकता है, तो भारी वाहनों के टायरों की स्थिति की जांच कितनी नियमित होती है?
- क्या फिटनेस प्रमाणपत्र केवल दस्तावेजी प्रक्रिया है या वाहन की वास्तविक तकनीकी जांच भी की जाती है?
- निगम से अटैच वाहनों का भौतिक निरीक्षण कितनी अवधि में होता है?
- क्या भारी वाहनों के लिए अलग से तकनीकी ऑडिट की व्यवस्था होनी चाहिए?
- क्या शासकीय और निजी वाहनों की जांच के मानकों में एकरूपता आवश्यक है?

**विशेषज्ञों की राय : रोकथाम पर हो फोकस-** सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए शासकीय और निजी, दोनों प्रकार के भारी वाहनों के लिए नियमित तकनीकी ऑडिट अनिवार्य किया जाना चाहिए। विशेष रूप से टायर, ब्रेक, स्टीयरिंग और सस्पेंशन सिस्टम की जांच तय अंतराल पर होनी चाहिए।

---

# विवाद करने पर सीने में चाकू घोंप भाई का कत्ल

## मां लेकर आई थी शराब, मृतक पर दर्ज थे 24 अपराध

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

एक क्वार्टर शराब लेकर आई मां से पुत्र दूसरी बोतल लाने के लिए विवाद कर रहा था। छोटे भाई ने समझाने का प्रयास किया तो उसके साथ हाथापाई करने लगा। छोटे भाई ने सीने पर चाकू घोंप दिया। बड़े भाई की मौत हो गई।

हीरामिल की चाल में रहने वाला मनीष पिता मोहनलाल टटवाल 35 साल अपराधिक गतिविधियों में शामिल था जिसके खिलाफ 24 अपराध दर्ज थे। उसे शराब पीने की लत थी। शुक्रवार देर शाम मां शगुनबाई मजदूरी कर लौटी थी। मनीष ने मछली बनाने के लिए कहा और शराब लाने की बात कही, मां ने मछली मंगवाई और एक क्वार्टर पुत्र के लिए लाकर दिया। शराब पीने के बाद मनीष और शराब मांगने लगा। मां पैसे नहीं होने की बात कही, उसने विवाद शुरू कर दिया और हंगामा करने लगा देर रात छोटा भाई सागर उर्फ.नाना घर लौटा तो उसने बड़े भाई मनीष को मां से विवाद करते देखा। शराब के लिए झगड़ा कर रहे भाई को सागर ने समझाने का प्रयास किया तो दोनों के बीच विवाद और हाथापाई शुरू हो गई। झगड़ा करते हुए दोनों घर से बाहर आ गए।

### कत्ल कर भागे सागर की तलाश शुरू की

सागर में चाकू निकालकर भाई मनीष के सीने में घोंप दिया। सागर ने दूसरा वार भी सीने पर किया और मौके से भाग निकला। मां शगुनबाई ने घर के बाहर पुलिया के नीचे मनीष को खून से सना देखा तो रात 12:30 बजे आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल लेकर पहुंची। जहां कुछ देर बाद मनीष की मौत हो गई। देवासगेट थाना एसआई राधेश्याम आंवलिया ने बताया कि घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच गई थी। जहां जानकारी सामने आई थी मछली बनाने और शराब लाने की बात को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या की है। रात में ही सीएसपी दीपिका शिंदे टीम के साथ घटनास्थल पहुंची। भाई का कत्ल कर भागे सागर की तलाश शुरू की गई। शनिवार सुबह पुलिस में हत्या का मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया है। एसआई आंवलिया के अनुसार मृतक के खिलाफ 24 मामले दर्ज है वहीं कत्ल करने वाले छोटे भाई पर भी 8 आपराधिक मामले दर्ज है। मृतक के पिता का पूर्व में निधन हो चुका है। परिवार में पांच बहने दो भाई और मां है।

---

# इंदौर में डिजिटल टीम गठन की कवायद तेज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बदलते राजनीतिक दौर में सोशल मीडिया की बढ़ती ताकत को देखते हुए इंदौर शहर कांग्रेस भी अब अपनी डिजिटल मौजूदगी को मजबूत करने की तैयारी में जुट गई है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने सोशल मीडिया विभाग की नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू करते हुए सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष नागेश जाधव को जल्द से जल्द सक्रिय और प्रभावी टीम तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

शहर कांग्रेस द्वारा जारी पत्र के अनुसार संगठन की गतिविधियों एवं जनहित के मुद्दों को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से इंदौर शहर कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की कार्यकारिणी का गठन किया जाना प्रस्तावित है। पत्र में विधानसभा क्षेत्रों से ऐसे कार्यकर्ताओं के नाम मांगे गए हैं जो सोशल मीडिया पर सक्रिय हों, संगठन के प्रति समर्पित हों तथा जिम्मेदारी निभाने की क्षमता रखते हों।

प्रस्तावित नामों के साथ संबंधित कार्यकर्ता का मोबाइल नंबर एवं वर्तमान संगठनात्मक दायित्व भी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

---

# संभागायुक्त ने ओंकारेश्वर में तैयारियों का जायजा लिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सिद्धार्थ बहुगणा के साथ ओंकारेश्वर का दौरा किया। उन्होंने आगामी 18 एवं 19 जून को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के ओंकारेश्वर के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के सम्बंध में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, पुनासा एसडीएम पंकज वर्मा, सिकल सेल एनीमिया की स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. रूही खान के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने इस दौरान ओंकारेश्वर में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल एवं हैलिपेड पर जाकर वहां की व्यवस्थाओं के सम्बंध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ज्योतिर्लिंग मन्दिर में जाकर वहां की जाने वाली व्यवस्थाओं के सम्बंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

---

### दैनिक अवन्तिका के अभियान से जुड़कर पुरुषोत्तम मास में मीनाक्षी सेवा समिति इंदौर द्वारा

# उज्जैन में किया मिट्टी के सकोरे का वितरण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/उज्जैन**

जीव दया प्रकल्प के अनुसार भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे का वितरण मीनाक्षी सेवा समिति द्वारा संतोषवर महादेव मंदिर गणेश नगर आगर रोड़ उज्जैन में किया गया। मीनाक्षी सेवा समिति सचिव (उज्जैन) निशा जोशी (पंडित) कवयित्री ने बताया कि हमें इंसानों की सेवा के साथ साथ पशु पक्षियों की भी चिंता करनी चाहिए।

मीनाक्षी सेवा समिति के अध्यक्ष बलराम सोनी ने कहा की ये सकोरे




आपको नियमित साफ जल से भरकर अपनी छत या बालकनी में रखना है। संतोषवर महादेव मंदिर की माताओं, बहनों मात्र शक्ति ने इस पुण्य कार्य में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संतोषवर महादेव मंदिर की माताओं, बहनों की भजन मंडली की प्रमुख डिम्पल झाला ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य निरंतर होते रहना चाहिए। गणेश नगर निवासी रेखा चौहान ने बताया कि ये पुण्य कार्य को हम सभी मीनाक्षी सेवा समिति के माध्यम से कर रहे हैं ताकि ये सेवा दूसरों को भी प्रेरणा दे। मीनाक्षी सेवा समिति की उज्जैन की पर्यावरण संरक्षण इकाई की प्रमुख रेखा चौहान एवं ममता चौहान, कैलाश पंवार, मीरा साहू, राधा सिसोदिया, प्रकाश चौहान, रामगुनी चौहान, बीना कायस्थ की भी उपस्थिति रही।

---

### इंदौर में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की अहम बैठक, खाद्य सुरक्षा से लेकर जलवायु अनुकूल खेती पर हुआ मंथन

# इंदौर में अतिथियों ने ब्रिक्स वाटिका में रोपे फलदार पौधे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मेघदूत उपवन में आयोजित ब्रिक्स देशों के उच्च स्तरीय कृषि सम्मेलन के तहत विकसित ब्रिक्स वाटिका में विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों ने शनिवार को फलदार पौधों का रोपण किया। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया गया। इंदौर में 9 से 13 जून तक आयोजित ब्रिक्स कृषि सम्मेलन के अंतर्गत विशेष रूप से तैयार ब्रिक्स वाटिका में 51 फलदार पौधे लगाने की योजना बनाई है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भागीरथ चौधरी, मप्र के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक रमेश मेंदोला सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि मेघदूत उपवन में विकसित ब्रिक्स वाटिका अंतरराष्ट्रीय मित्रता, पर्यावरणीय प्रतिबद्धता और सतत विकास के साझा संकल्प का प्रतीक बनेगी। उन्होंने बताया कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन के दौरान विकसित ग्लोबल गार्डन और यूरेशियन कॉन्फ्रेंस के समय बनाए गए यूरेशिया गार्डन की तर्ज पर अब ब्रिक्स वाटिका तैयार की गई है।



### चार प्रमुख मुद्दों पर रहा फोकस

- बैठक में मुख्य रूप से चार महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन होगा।
- खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका को मजबूत बनाना।
- कृषि व्यापार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।
- जलवायु परिवर्तन के अनुरूप टिकाऊ एवं लचीली कृषि व्यवस्था विकसित करना।
- कृषि एवं खाद्य प्रणालियों में नवाचार, अनुसंधान और साझेदारी को प्रोत्साहित करना।

### सम्मेलन का आखिरी दिन

इंदौर में आयोजित ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का 13 जून को पांचवां और आखिरी दिन था। इसमें ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सदस्य देशों के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान खोजने पर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान शामिल हुए। बैठक में कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी साझेदारी और खाद्य हानि को कम करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक को ब्रिक्स देशों के बीच कृषि सहयोग को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है। इसमें सदस्य राष्ट्र कृषि उत्पादन बढ़ाने, किसानों की आय में सुधार और टिकाऊ कृषि प्रणालियों को मजबूत बनाने के लिए साझा रणनीति पर चर्चा की गई।

### साझा दस्तावेज तैयार

बैठक के समापन पर सदस्य देशों की सहमति और सुझावों के आधार पर एक साझा दस्तावेज तैयार किया जाएगा, जिसमें कृषि क्षेत्र के लिए भविष्य की रणनीतियों, सहयोग के नए अवसरों और खाद्य सुरक्षा से जुड़े अहम बिंदुओं को शामिल किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती खाद्य चुनौतियों और जलवायु संकट के बीच यह बैठक कृषि क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और सतत विकास को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्री और अधिकारियों ने किया मांडू का भ्रमण

**इंदौर।** इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के महत्वपूर्ण कृषि सम्मेलन में सहभागिता कर रहे विदेशी मेहमानों ने आज धार जिले की ऐतिहासिक नगरी मांडू का भ्रमण कर कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। ₹पूर्व का शिराजर₹ के नाम से प्रसिद्ध मांडू की 15वीं शताब्दी की स्थापत्य कला, उन्नत जल-संरक्षण तकनीक एवं सांस्कृतिक धरोहर को देखकर ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्री और अधिकारी विदेशी अभिभूत हो गए। विदेशी मेहमानों का स्वागत मालवी परंपराओं के साथ पुष्पवर्षा से किया गया। मेहमानों का स्वागत पारंपारिक नृत्य दलों द्वारा नृत्य प्रस्तुति से किया गया। नृत्य दल द्वारा आदिवासी ढोल, थाली की थाप पर कुराटीया मारते हुए नृत्य किय,जिसे देख विदेशी मेहमान भी साथ में थिरकने लगे।

## न्यूज कालम



## बच्चों के संस्कारों की शुरुआत घर से होती है-अशोक लाड

**सनावद।** शहर में शनिवार को बीसा लाड़ समाज में अल्प प्रवास पर पधारे लाड़ समाज की सामाजिक संस्था "अपनत्व" के संस्थापक शरद लाड़ ,वंदिता लाड़,राजेंद्र लाड़,अक्षत लाड़ सहित समाजजनों की उपस्थिति में उनका स्वागत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्थापक शरद लाड़ ने उपस्थित समाज जनों को संस्था का उद्देश्य बताते हुए समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, सहित अन्य समाज के भी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को समाज द्वारा उच्च शिक्षा जरूरतमद लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला स्वालंबन रोजगारउन्मुखी के साथ समाज की नूतन पीढ़ी को समाज के रीति रिवाजों ओर परंपराओं से जोड़े रखना मुख्य उद्देश्य है। युवा अक्षत लाड़ ने कहा कि समाज में बुक बैंक स्थापित समाज के प्रतिभावान एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को बुक एवं नोट्स उपलब्ध कराना के साथ भविष्य में करियर गाइडेंस जैसे कार्य करना हमारा उद्देश्य है। समाज के मधुसूदन लाड़ को ज्योतिष कर्म में विक्रमादित्य ज्योति शिरोमणी अवॉर्ड से सम्मानित होने के अवसर पर समाजजनों द्वारा पुष्पमाला कुमकुम तिलक कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के अशोक लाड़ ने कहा कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे देखते हैं। इसलिए संस्कारों की शुरूआत घर से होती है और स्कूल में उनका विकास होता है।

## बावड़ीखेड़ा से एक्वाडक्ट पुल तक नहर के दोनों ओर सड़क निर्माण की मांग

**बड़वाह।** समीपवर्ती ग्राम बावड़ीखेड़ा (प्रेम टेक्सटाइल) से नर्मदा एक्वाडक्ट पुल तक नहर के दोनों ओर 7 किमी लंबी सड़क निर्माण की मांग विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री से की है। इस संबंध में विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को दोबारा पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है ग्राम बावड़ीखेड़ा से नर्मदा एक्वाडक्ट पुल तक नहर के दोनों ओर सड़क बन जाने से बड़वाह नगर को अतिरिक्त बायपास की सुविधा मिल जाएगी। इससे महेश्वर की ओर से ओंकारेश्वर तीर्थ स्थल तक आवागमन करने वाले वाहनों को शॉर्टकट मार्ग की सुविधा मिल जाएगी और बड़वाह नगर के सघन आवासीय क्षेत्र से गुजर रहे महेश्वर रोड पर यातायात का दबाव कम होगा तथा महेश्वर रोड एवं जयस्तंभ चौक पर यातायात में बाधा एवं चक्काजाम की समस्या का समाधान भी होगा। नहर के दोनों ओर सड़क निर्माण से ओंकारेश्वर रोड व महेश्वर रोड की दूरी भी लगभग 5 किमी कम हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि नहर के मध्य से इन्दौर- इच्छापुर नेशनल हाइवे भी गुजर रहा है। नहर के दोनों ओर सड़क निर्माण होने से नेशनल हाईवे की सीधी कनेक्टिविटी ओंकारेश्वर रोड तक हो जाएगी तथा सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले तीर्थयात्रियों के वाहनों को भी आवागमन हेतु अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध हो जाएगा।

## सिंहस्थ-2028 विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वितीय बैच का समापन

**अलीराजपुर।** आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनंक 8 जून से आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच का आज दिनांक 13 जून को पुलिस कंट्रोल रूम आलीराजपुर में सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल (वि.स.बल) एवं होमगार्ड के कुल ४० अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। समापन अवसर पर अति पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्रीमती ज्योति उमठ बघेल उपस्थित रही तथा उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में अनुशासन, सेवा भावना, संवेदन शीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षकों द्वारा सिंहस्थ से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, जल बचाव, संचार व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं के प्रति व्यवहारिक दक्षता आदि विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अन्तिम दिन प्राथमिक उपचार एवं ष्टक्कक्र की ट्रेनिंग दी गई ।

# टांडा में हुआ जनकल्याण शिविर का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा(धार)

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में कई जगह जनकल्याण शिविर लगाए जा रहे है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को टांडा पंचायत परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टांडा व आसपास की 18 पंचायत के लोगो की समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर लगा। विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी समस्याओ के निदान के लिए तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए उपस्थित थे।



कार्यक्रम के आरंभ में सरपंच श्रीमती वर्षा लक्की ठाकुर , वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन मंडल अध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी जनपद सदस्य भुरू भाई जाली जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नारायण भूरिया ,मंडल महामंत्री जड़ाव मंडलोई ,भाजयुवा मोर्चा के ऋषभ पाटनी गंधवानी , कांग्रेस नेता संदीप अग्रवाल, सुनील राठौड़ , पंच सागर पिपलाज आदि अतिथियों ने तथा बाग जनपद सी ई ओ विष्णु कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। मंचासिन अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। आरंभ में भाजपा नेता पारस जैन ने केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचे योजनाओं का पर्याप्त प्रचार प्रसार हो तथा कई किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र से आया हुआ हितग्राही बार बार विभागीय चक्कर काट कर परेशान ना हो इस बात पर जोर दिया। मंडल अध्यक्ष अमरसिंह मंडलोई ने कहा की क्षेत्र की 18 ग्राम पंचायतों का शिविर यहां रखा गया जिससे कई पंचायतों के लोग यहां पहुंच नही पाए आस पास की पांच सात पंचायत का शिविर एक जगह लगाना चाहिए ताकि हितग्राही शिविर में उपस्थित हो सके दूर के ग्रामों से आया हुआ व्यक्ति दिन भर परेशान होता है तथा शिविर का पर्याप्त प्रचार प्रसार भी होना चाहिए आज के शिविर में प्रचार प्रसार का अभाव दिख रहा है आपने कहा की बारिश का मोसम प्रारंभ होने वाला है कृषि बीज खाद की उपलब्धता सुनिश्च की जाए ।जनपद सदस्य भुरू भाई जाली ने शासन की नल जल योजना पर कहा की गावों में पानी की टंकी तो बन गई किंतु लोगो के घरों में पानी नहीं आ रहा है शासन की यह महत्वपूर्ण योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई वही हैंडपंप सुधरवाने के लिए ग्रामीणों को दो दो हजार रु तक अपने जेब से देना पड़ते है तब जाकर हैंडपंप सुधरता है इंका नेता सुनील राठौड़ ने भी नल जल व्यवस्था के लिए पी एच ई विभाग पर प्रश्न उठाए जन प्रतिनिधियों ने कृषि, राजस्व ,पी एच ई ,आदि विभागों की समस्याओं पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा और अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, आगामी त्योहारों की कानून व्यवस्था और विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचना ही प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का आत्म बोध करें और पूरी जवाब देहिता व संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। उर्वरक वितरण की नियमित मॉनिटरिंग और संतुलित उपयोग पर जोरः- कलेक्टर ने कृषि विभाग और समस्त एसडी एम को निर्देशित किया कि जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण सुचारू रूप से बना रहे। जिन समितियों में उर्वरक वितरण 75 से कम है, उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए और वितरण का ग्राफ बढ़ाया जाए। किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में जागरूक किया जाए।निजी खाद विक्रेताओं के स्टॉक ऑर्डरिंग एवं रिसीविंग की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। विभाग दैनिक रूप से रिकॉर्ड अपडेट करवाए ।आगामी पर्वों को लेकर शांति आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये।

## कथा श्रवण के दौरान सांसद पाटील ने भवन निर्माण हेतु 11 लाख रुपये देने की घोषणा की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

पुरुषोत्तम मास के अवसर पर खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बुरहानपुर स्थित उदासीन आश्रम में आयोजित पुरुषोत्तम कथा का श्रवण किया। इस दौरान उन्होंने व्यासपीठ का पूजन किया, आरती में सहभागिता की तथा महंत स्वामी पुष्करानंद महाराज, स्वामी योगेश्वरानंद महाराज एवं अन्य संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।



श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि राजसत्ता का रास्ता धर्मसत्ता से होकर जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी मार्ग पर चलते हुए सनातन संस्कृति का ध्वज विश्वभर में फहरा रहे हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

सांसद पाटील ने उदासीन आश्रम के भवन निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए अपनी सांसद निधि से 11 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम तो मात्र निमित्त हैं, देने वाले प्रभु हैं। ईश्वर की कृपा से समाज और धर्म की सेवा में योगदान देने का अवसर प्राप्त होता है।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पावरलूम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती भाई नवलखे, किशोर शाह, मनोज टंडन, अधिवक्ता संतोष देवताले, आदित्य प्रजापति, एमआईसी चेयरमैन भारत इंगले, अमित नवलखे, राजेश महाजन, डॉ दीपक वाभले, विनायक सहगल, मुकेश तारवाला, लीलाधर भावसार, हेमलाल मोरे, दिनेश धारे, दिलीप

## परम पवित्र पुरुषोत्तम मास में जूना श्रीराम मंदिर बना भक्ति और श्रद्धा का केंद्र

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

नगर के लगभग तीन शताब्दी प्राचीन जूना श्रीराम मंदिर में परम पवित्र पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हो रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण, पूजन-अर्चन और यज्ञ में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। जूना श्रीराम मंदिर के संस्थापक एवं कथा वाचक पंडित पंकज मेहता (गुरुजी) ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 मई, रविवार से प्रारंभ हुए इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत आर्थिक समृद्धि, व्यापारिक उन्नति, उत्तम स्वास्थ्य तथा



भगवत कृपा की प्राप्ति के उद्देश्य से प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। पुरुषोत्तम मास को भगवान विष्णु का अत्यंत प्रिय मास माना जाता है और इस अवधि में किए गए जप, तप, दान, व्रत एवं कथा-श्रवण का अक्षय पुण्य प्राप्त होता है।उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन प्रातः सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ में प्रतिदिन एक यजमान दंपति वैदिक विधि-विधान के साथ पूजन, पाठ एवं अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। इसके साथ ही मंदिर में विराजित श्री ठाकुरजी (श्री शालिग्राम जी) तथा श्री राधाकृष्ण जी का नित्य अभिषेक एवं विशेष पूजन किया जा रहा है। श्रद्धालु तुलसीदल, पुष्प एवं नैवेद्य अर्पित कर भगवान की आराधना कर रहे हैं।पुरुषोत्तम मास के दौरान मंदिर में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय प्रयोग, नवग्रह पूजन, ग्रह शांति यज्ञ, श्रीमद्भगवद्गीता पाठ, श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र पाठ, श्रीमद्भागवत पाठ तथा श्री विष्णु पुराण पाठ का नियमित आयोजन भी किया जा रहा है। इन धार्मिक अनुष्ठानों से मंदिर परिसर पूर्णतः भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत हो उठा है।

### केसीसी रिश्वतकांड में नया मोड़

## किसान का खाता ओवरड्यू तो फिर ऋण नवीनीकरण की प्रक्रिया कैसे बढ़ी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर

सेवा सहकारी संस्था मर्यादित अत्याना में केसीसी ऋण नवीनीकरण के नाम पर 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए दो कर्मचारियों के लोकायुक्त के हत्थे चढ़ने के बाद अब पूरे मामले में नए सवाल खड़े हो गए हैं। सहकारी संस्था के प्रभारी प्रबंधक अमन जोशी और सहायक समिति प्रबंधक रमेशचंद्र पंड्या की गिरफ्तारी के बाद जांच का दायरा बढ़ाने की मांग उठने लगी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि शिकायतकर्ता किसान जाकिर हुसैन पटेल का खाता वास्तव में ओवरड्यू था और जमा राशि की रसीद तक नहीं कटी थी, तो फिर ऋण नवीनीकरण की प्रक्रिया किस आधार पर आगे बढ़ रही थी? लोकायुक्त की कार्रवाई ने जहां सहकारी संस्था के दो कर्मचारियों को कठघरे में खड़ा कर दिया है, वहीं गौतमपुरा को-ऑपरेटिव बैंक की कार्यप्रणाली और शाखा प्रबंधन की भूमिका भी चर्चा के केंद्र में आ गई है। ग्रामीणों और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच केवल रिश्वत लेने वाले कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह भी देखा जाना चाहिए कि ऋण प्रकरण किस स्तर तक पहुंचा और उसमें बैंक की क्या भूमिका रही।गौतमपुरा को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक राजेश चौधरी का कहना है कि किसान जाकिर हुसैन पटेल की जमा रसीद नहीं कटी है, इसलिए उसका खाता आज भी ओवरड्यू माना जा रहा है। दूसरी ओर किसान का दावा है कि उसने संबंधित राशि जमा कर दी थी तथा विड्रॉल स्लिप और बैंक पासबुक गुम होने की जानकारी भी बैंक प्रबंधन को दी गई थी। यहीं से कई महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

### पत्रकार कल्याण परिषद के संगठन का हुआ विस्तार

## जिला पदाधिकारियों और तहसील अध्यक्षों की हुई नियुक्तियां

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

भारत के पत्रकारों के संगठन पत्रकार कल्याण परिषद के खरगोन जिले के अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांती त्रिपाठी की सहमति और प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा की अनुशंसा और निर्णय के अनुसार संगठन का विस्तार करते हुए जिला पदाधिकारियों और तहसील अध्यक्षों की नियुक्तियां की है ।

श्री जायसवाल ने भारत के पत्रकारों के संगठन पत्रकार कल्याण परिषद का खरगोन जिले का संरक्षक एवं मार्गदर्श यादवेन्द्र सिंह, आशुतोष पुरोहित, शशिकांत शर्मा और ममताराम पाटुद को नियुक्त किया है । जिला उपाध्यक्ष के पद पर नवीन बार्चे कसरावद और प्रभू पटेल करही को नियुक्त किया है । जिला महासचिव के पद पर शशांक त्रिवेदी बन्हेर-बिस्टान,



जिला सचिव के पद पर इरफान शेख खरगोन , जिला कोषाध्यक्ष के पद पर प्रवीण जायसवाल बमनाला, जिला संगठन मंत्री के पद पर पुरषोत्तम सोनी और बालकृष्ण यादव को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है ।

श्री जायसवाल ने खरगोन तहसील का अध्यक्ष अंकित बडोले, महेश्वर तहसील का अध्यक्ष भगत पटेल, भीकनगांव तहसील का अध्यक्ष शुभम कुमार शर्मा, बडवाह तहसील का अध्यक्ष संतोष मालवीया, गोगावां तहसील का अध्यक्ष गणेश गुप्ता, भगवानपुरा तहसील का अध्यक्ष महेश मालवीया, सेगाव तहसील का अध्यक्ष संजय जायसवाल, झिरन्या तहसील का अध्यक्ष विकास रमेशचन्द्र शर्मा, कसरावद तहसील का अध्यक्ष आयुष जायसवाल और सनावद तहसील का अध्यक्ष अजय मालवीय को नियुक्त किया है । इन सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर राकेश जायसवाल, संजय शर्मा और वेदांती त्रिपाठी के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

### पीड़ित पत्रकारों की मदद करना हमारी प्राथमिकता

राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदान्ती त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय शर्मा इन्दौर संभाग प्रभारी सुरेश चन्देल और जिलाध्यक्ष राकेश जायसवाल ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे संगठन की नीतियों को धरातल पर उतारते हुए पत्रकारों के हित , सुरक्षा और कल्याण के लिए काम करेंगें । पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखना और पीड़ित पत्रकारों की मदद करना हमारी प्राथमिकता है । शीघ्र ही खरगोन जिले में संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति , विस्तार और सदस्यता अभियान को लेकर बैठक भी आयोजित की जाएगी ।

## जनकल्याण शिविर एवं लोक कल्याण मेले का किया आयोजन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

शासन के निर्देशानुसार 12 जून से 18 जून की अवधि में प्रत्येक नगरीय मुख्यालय पर जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत शुक्रवार 12 जून को नगर पालिका परिषद् बड़वानी कैंपस में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे केन्द्र शासन एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के स्टॉल लगाये गए तथा हितग्राहियों को स्वीमकृति पत्रक एवं हितलाभ वितरण किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, श्री निक्कु चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सुभाष भावसार, वार्ड पार्षद श्री मोहन बामनीया, श्री अविनाश कलोसिया, श्री शंकर कुशवाह, श्रीमती भागाबाई शोभाराम, एल्डारमेन श्री राजेन्द्रन सोनी, श्री विश्वास सराफ, पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल आर्य, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक वरूण चावड़ा एवं मुख्या नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा द्वारा केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख योजनाओं में लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को स्वीसकृति पत्र प्रदान किये गये ।

जिसमें प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के 3 ऋण स्वीकृति पत्रक, 1 क्रेडिट कार्ड एवं 1 हितग्राही को ऋण समय से चुक्ता करने पर प्रशस्ती पत्र, 02 संबंल कार्ड, 02 जन्म प्रमाण पत्र, 01 मृत्यु प्रमाण पत्र, 01 पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किये। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा द्वारा बताया गया कि जनकल्याण मेले का आयोजन नगर पालिका परिसर में 12 से 18 जून तक तथा लोक कल्याण मेले का आयोजन 30 जून तक किया जावेगा जिसमें विभिन्न योजना के पात्र हितग्राहियों को नगर पालिका पहुँच कर आवेदन करने की अपील की गई।

साथ ही प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के सफलतापूर्वक 6 वर्ष पूर्ण होने पर पुरे देश में पथ विक्रेताओ के लिए 1 जून से 30 जून तक लोक कल्याण मेले का आयोजन भी नगर पालिका परिसर में किया जा रहा है । लोक कल्याण मेले अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत प्रथम बार में 15 हजार, दूसरी बार में 25 हजार एवं तीसरी बार में 50 हजार का ऋण एवं दूसरी बार का ऋण चुका चुके हितग्राही को क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी जा रही है ।

प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में सीएससी के माध्यम से पेंशन योजना एवं डिजीटल बैंकिंग सेवा से भी जोड़ा जा रहा है। इस मेले में स्वनिधि योजना अंतर्गत समय से ऋण चुकाने वाले हितग्राहियों का सम्मान किया।

### ग्राम मेघा की श्रीमती बजारी बाई ने पेश की मिसाल

**बड़वानी ।** जिला प्रशासन बड़वानी द्वारा पाटी विकासखंड में संचालित समुदाय आधारित पोषण सखी मॉडल स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस मॉडल के तहत समुदाय की स्थानीय महिलाओं को ही समस्या के समाधान का हिस्सा बनाकर, समाज में स्वास्थ्य के प्रति व्यवहार परिवर्तन आधारित कार्य किए जा रहे हैं।

## पानसेमल विधायक ने निवाली में किया बीज वितरण केंद्र का उदघाटन

**बड़वानी ।** विकासखण्ड निवाली स्थित किसान ज्ञान भवन परिसर में बीज वितरण केन्द्र का उद्घाटन विधायक श्री श्याम बर्डे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में माननीय विधायक द्वारा कृषकों को ॥ष्ठक्कस्- कपास की खेती अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा उन्नत कृषि तकनीकों के माध्यम से उत्पादन एवं आय में वृद्धि करने की बात कही। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री के.सी. वास्केल द्वारा कृषकों को कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने हेतु ॥ष्ठक्कस्- कपास एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी गई। वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल सिसोदिया एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र सिटोले द्वारा कृषकों को शासन की कृषि हितैषी योजनाओं की जानकारी दी।

## जर्जर मकानों पर मानसून से पहले चलेगा बुलडोजर

**उज्जैन।** मानसून की दस्तक से पहले नगर निगम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। बारिश के मौसम में जर्जर मकानों के गिरने से होने वाले हादसों और जनहानि को रोकने के लिए निगम ने अभियान तेज कर दिया है। शहर के अलग-अलग जोनल क्षेत्रों में चिह्नित की गई अति खतरनाक और जर्जर इमारतों को ढहाने की कार्रवाई युद्धस्तर पर शुरू होने वाली है।अपर आयुक्त संतोष टैगोर के मुताबिक पूरे शहर का सर्वे कर जर्जर और जर्जर हो चुकीं इमारतों की सूची तैयार की गई है। कई मकान तो पहले ही सड़क चौड़ीकरण में हटाए जा चुके हैं, इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी जोन वार सूची तैयार की जा चुकी है। जिन इमारतों की स्थिति बेहद नाजुक और खतरनाक पाई है, उनके मालिकों को पहले ही कानूनी नोटिस थमा दिए।

## सीईओ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

गुरुवार को सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कुमट की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई।सीईओ जिला पंचायत श्री कुमट ने निर्देश दिए कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र हितग्राहियों तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के समस्त नागरिकों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाए।

100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग, एक्स-रे एवं फूड बास्केट वितरण सुनिश्चित किया जाए। उज्जैन शहरी क्षेत्र, नरवर एवं बड़नगर में शत-प्रतिशत एक्स-रे कर टीबी स्क्रीनिंग पूर्ण की जाए। टीकाकरण के अंतर्गत बड़नगर एवं खाचरौद में एमआर-१ एवं एमआर-२ का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जाए।पोषण पुनर्वास केन्द्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मध्य समन्वय स्थापित किया जाए। बड़नगर में एनआरसी पोर्टल पर शून्य प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा तराना में भी संतोषजनक प्रगति नहीं पाई गई। नियमित मॉनिटरिंग कर कुपोषित बच्चों को भर्ती करवाया जाए एवं फॉलो-अप सुनिश्चित किया जाए। एसएनसीयू में लामा दर कम करने हेतु विशेष ध्यान दिया जाए।मातृ एवं शिशु मृत्यु के मामलों का ऑडिट कर पीपीटी तैयार कर रिव्यू किया जाए तथा पाए गए मेजर पॉइंट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर मैदानी अमले को अवगत कराया जाए। आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत शेष चिन्हित सर्जरी ऑपरेशनों को शत-प्रतिशत पूर्ण करवाया जाए। एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत महिदपुर एवं उज्जैन शहरी क्षेत्र में स्क्रीनिंग की प्रगति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।अनमोल पोर्टल पर खाचरौद एवं महिदपुर में शेष समग्र आईडी बनाने, गर्भवती महिलाओं की मॉडरेट एवं सीवियर एनीमिया, पीआईएच का शत-प्रतिशत प्रबंधन एवं डिलीवरी अपडेशन यथासमय सुनिश्चित किया जाए। एएनसी पंजीयन के समय ही समस्त दस्तावेज प्राप्त किए जाएं। जिले में कहीं भी घर पर प्रसव न हो, यह सुनिश्चित करने हेतु सतत निगरानी रखी जाए एवं शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव करवाए जाएं। महिदपुर में एफआरयू को क्रियाशील कर संचालन प्रारंभ किया जाए। एनबीएस के अंतर्गत सैंपल कलेक्शन बढ़ाया जाए।प्रोजेक्ट संवर्धन के अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों का पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु समन्वय किया जाए। मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन को मजबूत किया जाए। आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण की कार्ययोजना बनाकर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।आगामी 28 जून 2026 को आयोजित पल्स पोलियो कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना सुनिश्चित किया जाए।

## न्यूज -कॉलम

### ड्रक्स तस्करों को फिर 19 जून तक रिमांड पर लिया



**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने गरोठ हाइवे ब्रिज के नीचे से 8 जून की रात स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 13 एफआर 2515 में सवार पंकज पिता श्यामराव चरडे 34 साल निवासी प्रभासिटी पवनगांव नागपुर महाराष्ट्र और अमित पिता महेन्द्र तिवारी 20 साल निवासी बिहार हाल मुकाम जयसिंहपुरा को 1 किलो एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों को पूछताछ के लिये 13 जून तक रिमांड पर लिया गया था। शनिवार को रिमांड अवधि पूरी होने पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोबारा 19 जून तक पूछताछ के लिये रिमांड अवधि बडवाई गई है। एएसआई दिनेश सरोठिया के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में पंकज ने मंदसौर के सीमामऊ स्थित करणसिंह से ड्रग्स लाना बताया था। जिसकी तलाश में टीम पहुंची थी लेकिन वह फरार होना सामने आया था। दोनों की मोबाइल कॉल डिटेल खंगाली गई है। जिसके आधार पर कुछ ओर जानकारी सामने आई है। पंकज के खिलाफ नागपुर में पहले भी मादक पदार्थ का मामला दर्ज है। अमित बिहार का रहने वाला है। उसके परिजन उज्जैन में पंडिताई करते है। अमित ने भी यहां आकर पंडिताई शुरू कर दी थी। कुछ समय पहले पंकज महिला मित्र के साथ उज्जैन आया था। तभी दोनों की पहचान हुई थी। जिसके बाद दोनों मादक पदार्थ का अवैध कारोबार करने लगे। मादक पदार्थ के साथ खाचरौद पुलिस ने भी 7 जून को एक नाबालिग युवती के साथ बबलू पिता गोपाल, कृष्णपाल पिता अशोक और प्रदीप पिता रामेश्वर निवासी मंदसौर को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से डोडाचूरा और अफीम मिली थी। तीनों युवकों को रिमांड पर लिया गया था। शनिवार को रिमांड खत्म होने पर जेल भेजा गया है। पूछताछ में तीनों ने गणेश पिता रणछोड निवासी खजूरिया सारंग मंदसौर से मादक पदार्थ लाना कबूल किया था लेकिन गणेश गिरफ्त में नहीं आ सका।

### रात में रस्सी के फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुवासा में रहने वाले रोहित पिता जगदीश पाटीदार 37 साल ने शुक्रवार-शनिवार रात फांसी लगा ली। परिजनों ने रस्सी के फंदे पर लटका देखा तो नीचे उतारा और रात 1 बजे उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। रोहित की मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। शनिवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों का कहना था कि तनाव में चल रहा था, लेकिन किस चीज का तनाव था यह स्पष्ट नहीं किया। अस्पताल कोतवाली पुलिस चौकी प्रधान आरक्षक प्रवीण चौहान ने बताया कि मामले की जांच इंगोरिया थाना पुलिस को सौंपी जायेगी। वहीं घटना के संबंध में इंगोरिया थाना एएसआई दिनेश निनामा ने बताया कि रात में सूचना मिली थी लेकिन परिजन उज्जैन लेकर चले गये थे। मर्ग डायरी मिलने पर परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। सिर्फ इतना पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था।

### सड़क हादसे में मृतक का शव लेने आई बहन

**उज्जैन।** दिल्ली से पूणे लौटते समय शुक्रवार सुबह उज्जैन-झालावाड मार्ग तुलाहेडा टोल के पास गरोठ हाइवे पर लोडिंग वाहन टायर फटने पर अनियंत्रित होकर खडे कंटेनर से टकरा गया था। हादसे में चालक शिव पिता रामदीन यादव गंभीर घायल हो गया था और आईटी यश मार्केटिंग कंपनी का कर्मचारी महेश पिता कृष्ण तुम्मल निवासी नाना पेठ पूणे की मौत हो गई थी। उसका शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया था। शनिवार को पूणे से बहन सुषमा के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा। बहन ने बताया कि महेश की कुछ माह पहले ही शादी हुई थी। उसकी पत्नी पांच माह की गर्भवती है। बहन शव अंतिम संस्कार के लिये पूणे लेकर गई है। घायल चालक शिव का चरक में उपचार जारी है।

### उधार रूपये लौटाने को कहा तो लाठियों से किया हमला

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के जगोटी स्थित मालीखेडी में रहने वाला भूरू पिता हयात खान गांव में किराना दुकान चलाता है। उसने कुछ माह पहले सरदार नामक ग्रामीण को 13 हजार रूपये का सामान उधार दिया था। सरदार ने कुछ दिन बाद रूपये लौटाने की बात कहीं थी लेकिन वह लगातार टाल रहा था। शुक्रवार रात भूरू घर लौट रहा था, तभी रास्ते में सरदार अपने दोस्तों पिन्टू और गोवर्धन के साथ खडा मिल गया। भूरू ने उधार रूपये लौटाने की बात कहीं तो सरदार ने दोनों साथियों के साथ मिलकर उसके साथ लाठियों से बुरी तरह मारपीट की और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। घायल भूरू को परिजनों ने उपचार के लिये उज्जैन शासकीय अस्पताल लाकर भर्ती कराया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 579-1 | 449-7 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 140-5 | 112-4 |
| मिलन नाइट | 240-6 | 169-6 |
| मधुर डे | 338-4 | 128-1 |
| मधुर नाइट | 599-3 | 200-2 |
| शुभांक | 2 7 | 9 |

# दूसरे की जमीन अपनी बताकर 1 करोड़ में कर दिया सौदा

## रजिस्ट्री नहीं कराने पर खुला राज, अनुबंध कर लिये थे 38.92 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दूसरों की जमीन अपनी बताकर बेचने के मामले लगातार सामने आ रहे है। शनिवार को नया मामला महिदपुर से सामने आया। 1.50 करोड में 13 बीघा जमीन का सौदा कर फर्जी अनुबंध कर 38.92 लाख रूपये ले लिये गये। पुलिस ने जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि इंगोरिया के ग्राम कंथारखेडी में रहने वाले नवलसिंह पिता पीरूलाल राजावत ने लिखित शिकायती आवेदन दिया था कि उन्होने अपनी जमीन साढें सात बीघा जमीन का सौदा 37 लाख बीघा में वर्ष 2024 में इंदौर के व्यक्ति से किया था। उसके बाद दूसरी जमीन की तलाश में था। उस दौरान ग्राम बंजारी में रहने वाले विकास ने पता चला कि ग्राम झरखेडी में रहने वाले



बालूसिंह द्वारा जमीन खरीदी-बेची जाती है। ग्राम बैजनाथ में उसका आफिस है। बालूसिंह से संपर्क कर जमीन खरीदने की बात कहीं तो उसने ग्राम ठिकरिया में 13 बीघा जमीन दिखाई और कहा कि रतनसिंह से खरीदी है, जिसे बेचना है। 11 लाख रूपये बीघा का रेट है। जमीन देखने के बाद बालूसिंह से 1.50 करो? में सौदा तय कर लिया गया। 19 जुलाई 2024 को सौदा चिट्ठी पर बयाने के तौर पर 1.21 लाख रूपये नगद दिये गये। 3 अगस्त 2024 को बालूसिंह ने अनुबंध के लिये भरतपुरी कार्यालय बुलाया और सौ-सौ के 10 स्टाम्प पर अशोक राजावत और अन्य साथियों के सामने अनुबंध किया। उस दौरान 21 लाख 51 हजार नगद और 16 लाख 20 हजार का चैक दिया गया। बालूसिंह ने चैक के बदले नगद देने की बात कहीं। उसे 7 अगस्त को आईसीआईसी बैंक से 16 लाख 20 हजार भी केश कराकर दे दिये। तीन माह बाद बालूसिंह रजिस्ट्री के लिये कहा तो आनाकानी करने लगा उसने सौदा करने के समय जमीन रतनसिंह से खरीदना बताया था। रतनसिंह से संपर्क करने पर पता चला कि उसे अब तक रूपये नहीं मिले है। इसलिये रजिस्ट्री नहीं कराई है। उन्होने सौदा होने की बात कहीं तो रतनसिंह ने कहा कि बालूसिंह से बात करों। बालूसिंह से रूपये लौटाने को कहा तो उसने अलग-अगल नाम से 5 चैक दिये, जो बैंक में बाउंस हो गये। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार लिखित शिकायत पर जांच के बाद पता चला कि बालूसिंह पहले भी कई लोगों से इसी तरह धोखाधडी कर चुका है। उसके खिलाफ नवलसिंह की ओर से धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया गया है। वर्तमान में बालूसिंह जेल में है। जिसे पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन वारंट पर लाया जायेगा।

### उज्जैन-उन्हेल में सामने आ चुके है मामले

दूसरों की जमीन अपनी बताकर करोडों में सौदा करने और अनुबंध के नाम पर लाखों की धोखाधडी के मामले कुछ दिन पहले माधवनगर और उन्हेल थाना क्षेत्र से सामने आये थे। माधवनगर पुलिस ने फर्जी दिलीपसिंह बनकर 1.39 करोड में सौदा कर 36 लाख की धोखाधडी में दिलीप उर्फ भैरूसिंह और मंगलसिंह को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से फर्जी आधार कार्ड, दस्तावेज बरामद किये गये थे। दोनों ने मानपुरा के रहने वाले रविन्द्रसिंह तवंर से सौदा किया था। यहीं नहीं उन्हेल थाना पुलिस ने ग्राम नवादा में 11 बीघा जमीन की मालिकीन मानीबाई का निधन होने पर उज्जैन की रहने वाली महिला ने तथाकथित मानीबाई पति शैतानसिंह बनकर कविता दडिंग से सौदा कर लाखों की धोखाधडी करने का मामला दर्ज किया था।

# आत्महत्या की 33 माह बाद सामने आई वजह

## नाबालिग रही युवती और दोस्त पर केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

क्षिप्रा नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में 33 माह बाद उसके मोबाइल से जान देने की वजह सामने आ गई। मामले में तथ्यों के आधार पर नाबालिग रही युवती और उसके दोस्त के खिलाफ धारा 306, 34 भादवि का प्रकरण दर्ज किया गया है।

जवाहर नगर में रहने वाले यश पिता श्याम सिसौदिया 2 अगस्त 2023 को लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी नीलगंगा थाने में दर्ज कराई थी। 2 दिन बाद यश का शव क्षिप्रा नदी बडे पुल के पास सुनहरी घाट से लाश मिलना सामने आया था। जिसकी जेब से मोबाइल भी मिला था। लेकिन पानी में भीगने की वजह से पूरी तरह बंद हो चुका था। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। मामला आत्महत्या होना सामने आया था लेकिन वजह सामने नहीं आ पाई थी। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल का डाटा खंगालने का प्रयास शुरू किया था। मोबाइल चालू नहीं होने पर सायबर टीम के पास भेजा गया। जहां तकनीकी तरीकों से मोबाइल का डाटा निकालने पर काम शुरू किया। 33 माह बाद पता चला कि आत्महत्या से पहले यश ने मोबाइल वाट्सएप पर सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें उसने नाबालिग युवती और सौरभ सूर्यवंशी निवासी वेदनगर के नाम का उल्लेख कर झूठे मामले में फंसाकर रूपयों की मांग करने की बात लिखी थी। यश ने उक्त सुसाइड नोट स्टोरी पर अपलोड करने का प्रयास किया था लेकिन वह



अपलोड नहीं हो पाया था। सायबर से जांच रिपोर्ट जीवाजीगंज थाना पुलिस के पास पहुंची। मामले में थाना प्रभारी प्रतिक शर्मा ने बताया कि मोबाइल में मिले सुसाइड नोट और परिजनों के साथ अन्य साक्ष्यों के आधार पर आत्महत्या की वजह सामने आने पर सौरभ सूर्यवंशी और नाबालिग रही युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

प्रेम प्रसंग में आया था त्रिकोणी एंगल

बताया जा रहा है कि पुलिस जांच में पता चला कि यश का नाबालिग से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच सौरभ आ गया था, इस बात का पता यश को चला तो उसने नाबालिग प्रेमिका से मिलने का प्रयास किया लेकिन नाबालिग और सौरभ ने उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुए रूपयों की मांग करना शुरू कर दिया। इसी वजह से यश ने क्षिप्रा नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। जानकारी यह भी सामने आई है कि सौरभ सूर्यवंशी ने महाकाल थाना क्षेत्र में हुये जानलेवा हमले का आरोपी है। जिसे महाकाल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नाबालिग से बालिक हो चुकी युवती को कस्टडी में लेकर बाल न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# बदमाश रौनक नरसिंहपुर केन्द्रीय जेल स्थानांतरित

**उज्जैन।** कुख्यात गुर्जर गैंग के बदमाश रौनक गुर्जर की अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उसे केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ से नरसिंहपुर केन्द्रीय जेल स्थानांतरित किया गया है।

ढांचा भवन में रहने वाले कुख्यात बदमाश रौनक पिता मनोहर गुर्जर को चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा कुछ दिनों पहले फर्जी गोलीकांड के मामले में गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ जेल भेजा था। बदमाश रौनक के खिलाफ दर्जनों संगीन अपराध है। वह गैंग के माध्यम से शहर में दहशत फैलाने का काम भी करता है। उसकी अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए जेल मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी आदेश पर केंद्रीय जेल उज्जैन से केंद्रीय जेल नरसिंहपुर स्थानांतरण किया गया है। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि विचाराधीन बंदी रौनक गुर्जर को आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 457 तथा मध्यप्रदेश जेल नियमावली, 1968 के नियम 791 (एफ) के अंतर्गत प्रदत्त प्रावधानों के तहत स्थानांतरित किया गया है। यह निर्णय प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार केंद्रीय जेल उज्जैन प्रशासन द्वारा बंदी से संबंधित आवश्यक अभिलेख, न्यायालयीन दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड तैयार कर नियमानुसार केंद्रीय जेल नरसिंहपुर को हस्तांतरित किये गये है। केंद्रीय जेल नरसिंहपुर प्रशासन द्वारा बंदी को नियमानुसार दाखिल कर जेल नियमों के अनुरूप रखा जाएगा।

# ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का दूसरा चरण पूरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर पुलिस विभाग द्वारा ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान शुरू किया गया है। जिसके दूसरे चरण का समापन हो गया। अभियान में 170 पुलिसकर्मियों को व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

बाबा महाकाल की नगरी में इस बार सिंहस्थ 2028 का भव्य आयोजन होना है। दुनियाभर से 40 करोड लोगों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था का जिम्मा पुलिस प्रशासन पर रहेगा। जिसको लेकर पिछले कुछ माह से लगातार तैयारी की जा रही है। पिछले माह डीजीपी द्वारा ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान की शुरूआत की थी। जिसमें प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था, भीड प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, यातायात नियंत्रण, श्रद्धालु सहायता, सायबर तकनीक, जनसंपर्क और बहु-विभागीय समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण में 170 पुलिसकर्मियों को सेनानिवृत्त और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया साथ ही पूर्व के अनुभवों से भी अवगत कराया गया।

दूसरे चरण का समापन होने पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये और बताया कि सिंहस्थ केवल ड्यूटी नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण का महापर्व है। दूसरे चरण के समापन समारोह में डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, पीटीएस पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी, एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर उपस्थित रहे। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम को पढ़ना नहीं, बल्कि उसके मूल भाव को समझना और व्यवहारिक रूप से लागू करना है। सिंहस्थ 2028 विश्व के सबसे बडे मानव समागमों में से एक है, इसलिए प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को गंभीरता एवं समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभानी होगी।

# खंबे उखड़ाने पर भाईयों में विवाद



**उज्जैन।** बडनगर थाना क्षेत्र के ग्राम झालरिया में सादिक पिता सब्बीर खां और उसके भाई मोसिन खां के बीच खेत में लगे खंबे उखाडने की बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट हुई, जिसमें परिवार भी शामिल हो गया। सादिक के साथ अरबाज खां घायल हुआ है। वहीं दूसरी ओर से मोसिन और उसके पिता सब्बीर घायल है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सादिक का कहना था कि उसके खेत से मोसिन ने खंबे उखाड दिये थे। वहीं मोसिन का कहना था कि उसे खंबे गाडने के लिये कहा जा रहा था, जो उसने नहीं उखाडे थे। इसी बात पर विवाद हुआ।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी शक्ति अटल पिता श्री प्रीतम सिंह जी अटल, उम्र 26 वर्ष, व्यवसाय - कृषि निवासी - पंवासा मक्सी मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य एवं अपने हक हिस्से कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 320 रकबा 1.030 हेक्टर मे से रकबा 0.400 हेक्टर भूमि, ग्राम- परोलिया झाली तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक-13/06/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मो. 94248 78460**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी जमील हुसैन पिता युसुफ मोहम्मद, निवासी-ग्राम पिपलोदकलां तहसील व जिला आगर-मालवा (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन ग्यु. क्रमांक-181 का मध्य दिशा वाला भाग जो कि वजीर पार्क कॉलोनी उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन वर्तमान में दो (त्र+1) मंजिला आर. सी. सी. की छत का निर्मित होकर फ्री-होल्ड राईट्स का है। भवन की पैमाईश में लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान-15.24 मीटर, चौड़ाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान 04.57 मीटर होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-69.65 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में मकान मुश्ताक अली का, पश्चिम दिशा में मकान श्रीमती मुखत्यार आपा का, उत्तर दिशा में-नाला एवं दक्षिण दिशा में रास्ता स्थित है। उक्त पैंमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 (तीन) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक-13.06.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार मेरे पक्षकार सिंकदर खान पिता अफजल खान निवासी-75, बेगमबाग बस्ती उज्जैन के द्वारा विशाल एहमद मंसूरी पिता कमरूद्दीन मंसूरी निवासी-89, तिलक मार्ग, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कै भूखण्ड नं 23, 24, 32 व 33 कुल क्षेत्रफल 144.98 वर्गमीटर अर्थात् 1560 वर्गफिट है जो कि भूमि सर्वे नंबर 228/4/3 रकबा 0.291 हेक्टर का भाग होकर ग्राम खिलचीपुर तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन में अंदर की ओर स्थित है उपरोक्त भूखण्डों पर पक्का आरसीसी का गोडाउन निर्मित है जिसमें आगे शर्टर एवं पीछे दरवाजा लगा हुआ है, तथा दोनों तरफ रास्ता है को क्रय करने का सौदा/अनुबंध किया गया है तथा अनुबंध के पालन में बयाना पेटे राशि भी अदा कर दी गई है तथा शेष विक्रय मूल्य अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में किया जाना है। ऐसी स्थिति में यदि उक्त अनुबंधग्रस्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/विशेष/संस्था/बैंक आदि को कोई आपत्ति हो या किसी का कोई भार, ग्रहण उक्त सम्पत्ति के संबंध में शेष हो तो वह मेरे कार्यालय में इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय रेकॉर्ड के मेरे कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा और उसके पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

दिनांक 13.06.2026

**( अब्दुल रहीम शेख ) हाईकोर्ट, एडवोकेट**
**कार्या.04, नगारचीपुरा, एटलस चौराहा के पास उज्जैन**
**मो.नं. 9977079096**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम चौरवासा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. में कृषि भूमि सर्वे नंबर 11. 12. 17 रकबा क्रमश: 0. 75, 0.30, 0.79 कुल सर्वे नंबर 3 कुल रकबा 1.84 हेक्टर की भूमि श्री स्वतंत्र पिता विमलचन्द्रजी मेहता जाति जैन निवासी महिदपुर के नाम पर राजस्व अभिलेख में अंकित है। इसी प्रकार इसी ग्राम चौरवासा तहसील महिदपुर में कृषि भूगि सर्वे नंबर 10/1 रकबा 0.02 हेक्टर की भूमि श्री लोकेश पिता गिरधारीलालजी उथरा निवासी महिदपुर के नाम पर राजस्व अभिलेख में अंकित है तथा इसी ग्राम चौरवासा तहसील महिदपुर में कृषि भूमि सर्वे नंबर 16 रकबा 1.58 हेक्टर भूमि श्री देवीसिंह पिता तोलारामजी आंजना निवासीग्राम चौरवासा तहसील महिदपुर के नाम पर राजस्व अभिलेख में अंकित है। यह कि उपरोक्त वर्णित सभी सर्वे नंबरान की भूमि उपरोक्त भूमियों के भूमिस्वामीयों श्री स्वतंत्र पिता विमलचन्दजी मेहता, श्री लोकेश पिता गिरधारीलालजी उथरा एवं श्री देवीसिंह पिता तोलारामजी आंजना से मेरे पक्षकार ने कय करने का अनुबंध अपने हित में बयाना राशि अदा कर निष्पादित करवा लिया होकर उक्त अनुबंध के पालन में शीघ्र ही विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित होना है। इसलिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी व्यक्ति्त, संस्था अथवा बैंक आदि का कोई ऋण भार बोझ एवं अन्य किसी भी प्रकार का कोई लेख आदि हो तो वह इस जाहीर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस में मुडा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करे। उपरोक्त अवधि के पश्चात मेस पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमियों का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र उपरोक्त भूमिस्वामीयों से अपने हित में निष्पादित एवं पंजीकृत करवा लेगा तथा विकय पत्र पंजीयन उपरान्त किसी भी उज्र आपत्ति मान्य नही होगी, सो सूचित हो।

इतिदिनांक-13-06-2026

**एस. के. सोनगरा एडव्होकेट**
**89/1, राजेन्द्र मार्ग महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं. 9926505150**



# संत जीवन का उद्देश्य व्यक्ति को सही राह दिखाना

संसार में ईश?वर ने अपनी बातों को समझाने के लिए, लोगों को सही रास्ते पर लाने के लिए संतों को प्रेरित किया है। कैसे लोगों का विकास हो, चिंतन, शरीर, धन, ज्ञान का कैसे विकास हो, इसके लिए एक प्रतिनिधि परंपरा शुरू हुई, यही संत परंपरा है। जो ईश?वर की भावनाएं, स्थापनाएं होती हैं, जो ईश?वर के उद्देश्य होते हैं, ईश?वर जिन भावनाओं, गुणों से जुड़ा होता है, जिन अच्छाइयों से जुड़ा होता है, वो सब संतों में होती हैं। संत के जीवन में समाज भी यही खोजता है कि संत में लोभ नहीं हो, कामना-हीनता हो। समाज संत में यह देखता है कि उसमें श्रे?ठता है या नहीं, संयम है या नहीं। संत में दूसरों की भलाई करने की भावना है या नहीं। संतों को परखा जाता है। लोग यह नहीं देखते कि संत को गाड़ी चलाना आता है या नहीं, कंप्यूटर चलाना आता है या नहीं, संत को प्रबंध करना आता है या नहीं। संत हैं, तो संतत्व होना चाहिए। जो गुण, जो भाव, जो उत्कर्ष, जो ग्रहणशीलता, जो विशिष्टता ईश?वर में पाई जाती है, उन सभी भावों को लोग लोकतंत्र में खोजते है और संतों में भी खोजते हैं। लोग जब किसी में इन गुणों को नहीं पाते हैं, तब उसे ढोंगी कहते हैं। ईश?वर ने अपने प्रतिनिधि के रूप में संतों को भेजा है। जैसे लोकतंत्र प्रतिनिधि तंत्र है, ठीक उसी तरह से संतों का समाज भी ईश?वर का प्रतिनिधि तंत्र है। उसके सभी उद्देश्यों, सभी इच्छाओं, सभी लीलाओं, क्रियाओं, सभी व्यवस्थाओं को संत जन समाज कल्याण के लिए प्रयुक्त करते हैं। संत स्वयं को केवल समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण व?श?व के लिए, केवल मानवता के लिए ही नहीं, अपितु संपूर्ण प्राणियों के लिए समर्पित करके सबके विकास को गति देते हैं।

संसार में साधुओं, संतों का बड़ा काम है। संतों ने मानव समाजों को ईश्वरीय ज्ञान से जोड़ा, संस्कारों से जोड़ा, जीवन जीने की कला से जोड़ा है। विकास की तमाम क्रियाओं से जोड़ा है और सबकुछ इतना अच्छे से किया है कि पूरा संसार उनकी ओर देखता है ॉ संत का सम्बंध केवल वस्त्र-आभूषण से नहीं है, किसी एक पंथ या संप्रदाय से नहीं है, बाहरी आडंबरों से नहीं है। वास्तव में आंतरिक उत्कर्ष ही संतत्व का लक्षण है। यह उत्कर्ष संत की क्रियाओं में प्रकट होता है और यह संत की सबसे बड़ी पहचान है। संत का कर्म कभी स्वार्थ के अनुरूप नहीं होता, हमेशा परमार्थ के अनुरूप होता है। हमें यह देखना चाहिए कि आज के संत अपने जीवन को कहां लगा रहे हैं। निस्संदेह, संत का उद्देश्य सम्पूर्ण संसार के लिए होना चाहिए। संत चाहते हैं कि सभी लोगों को महा-आनंद मिल जाए, सभी लोग सुखी हो जाएं। यदि कोई ऐसा चाहता है और इसके लिए प्रयास करता है, तो वैदिक सनातन धर्म में उसे संत कहा गया है।



सम्पादकीय

## भारतीयों की चिंता

पश्चिम एशिया में फिर तनाव फैलने और युद्ध भड़कने से भारत पर सीधी आंच आई है। बीते तीन दिन में ऐसे तीन मालवाहक जहाजों पर हमले हुए हैं, जिन पर भारतीय नाविक सवार थे। एक हमले में तो तीन भारतीयों की जान भी गई है और इस पर भारत ने उचित ही नाराजगी का इजहार किया है। पहले ईरान होर्मुज में हमले कर रहा था, लेकिन अब अमेरिका ने दुर्भाग्यजनक रूप से जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया है। एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब करके भारत सरकार ने अपनी आपत्ति जताई है। भारत इस युद्ध में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल नहीं है। फिर भी मालवाहक जहाजों को निशाना बनाना अमेरिकी मनमानी का प्रमाण है। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि होर्मुज समुद्री मार्ग पर यातायात में एक बड़ी बाधा अमेरिका भी है। वह बल के जोर पर होर्मुज में ईरान को किनारे करना चाहता है, लेकिन मालवाहक व्यावसायिक वाहनों को निशाना बनाने का क्या तुक है? जो देश या जो जहाज युद्ध में शामिल नहीं हैं, उन पर या उनके नागरिकों पर चोट करने की अमेरिकी रणनीति किसी वैश्विक अपराध से कम नहीं है।

अमेरिकी कमान ने भी माना है कि उसने होर्मुज में आठ ऐसे जहाजों को निष्क्रिय किया है, जो उसके निर्देशों का अनुपालन नहीं कर रहे थे। इसके अलावा अमेरिका ने करीब 134 जहाजों को मार्ग बदलने के लिए मजबूर किया है। पश्चिम एशिया में हालात खतरनाक है। वार्ता रुक गई है और दोनों पक्ष एक दूसरे के ठिकानों को तबाह करने में जुटे हैं। अमेरिका और ईरान के बीच 8 अप्रैल को हुए युद्ध विराम के बाद से पहली बार युद्ध इस कदर भड़का है। बीते बुधवार को वाशिंगटन ने अमेरिकी सेना के एक हेलीकॉप्टर को गिराए जाने के जवाब में ईरान पर हमले किए हैं। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए मिसाइलें दागीं, जिससे खाड़ी क्षेत्र में सायरन बजने लगे। मिसाइलों और ड्रोन हमलों का सिलसिला जारी है। पश्चिम एशिया में परिवहन पर बहुत असर पड़ा है। वैसे, इस बार ईरान का व्यवहार ज्यादा संतुलित है। उसने फारस की खाड़ी में खड़े उन जहाजों को सब्र करने का निर्देश दिया है, जिन्हें पहले ही पारगमन परमिट मिल चुके हैं। हालांकि, अगले आदेश तक ईरान भी किसी जहाज को यहां से गुजरने नहीं देगा। इसके दो मतलब हैं, एक तो दुनिया में तेल संकट बढ़ने वाला है और दूसरा, अमेरिका को ही कोई उपाय निकालना पड़ेगा।

## बंगाल में अजेय रहने वाली ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के हालात क्यों बिगड़ गए?



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)



पश्चिम बंगाल की राजनीति में कभी अजेय दिखाई देने वाली ममत बेनर्जी और उनकी पार्टी टीएमसी आज गंभीर राजनीतिक संकट का सामना कर रही है। 2026 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर होने के बाद पार्टी के भीतर असंतोष, बगावत और नेतृत्व को लेकर सवाल लगातार बढ़ते दिखाई दे रहे हैं।

अगर डूबबदूबार मंथन करेंगे तो सर्व प्रथम सत्ता-विरोधी माहौल का असर दिखाई दे रहा है। लगभग 15 वर्षों तक पश्चिम बंगाल की सत्ता में रहने के बाद टीएमसी को स्वाभाविक रूप से सत्ता-विरोधी लहर का सामना करना पड़ा। भ्रष्टाचार, स्थानीय स्तर पर कथित कट मनी संस्कृति, प्रशासनिक अक्षमता और कुछ चर्चित घोटालों ने पार्टी की छवि को नुकसान पहुँचाया। कई विश्लेषकों का मानना है कि जनता के एक वर्ग में बदलाव की इच्छा मजबूत हो गई थी।

नेतृत्व और उत्तराधिकार की चुनौती : टीएमसी की सबसे बड़ी ताकत हमेशा ममता बनर्जी का व्यक्तिगत जनाधार रहा है। लेकिन समय के साथ पार्टी में नेतृत्व का अत्यधिक केंद्रीकरण दिखाई देने लगा। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी की भूमिका को लेकर भी संगठन के भीतर मतभेद सामने आए हैं। हाल के घटनाक्रमों में कई नेताओं और सांसदों द्वारा असंतोष व्यक्त किए जाने की खबरें आई हैं।बगावत ने संकट को गहरा किया : सबसे बड़ा झटका तब लगा जब बड़ी संख्या में विधायकों ने बागी रुख अपनाया। रिपोर्टों के अनुसार 58 से अधिक विधायकों ने अलग समूह का समर्थन किया और पार्टी नेतृत्व को खुली चुनौती दी। इससे ञरूष्ट की एकजुटता पर गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं।संगठनात्मक कमजोरी उजागर: चुनावी हार के बाद कई स्थानीय इकाइयों और समितियों को भंग करने की नौबत आई। यह कदम आत्ममंथन के लिए उठाया गया बताया गया, लेकिन इससे यह भी संकेत मिला कि पार्टी का संगठनात्मक ढाँचा दबाव में है।कानूनी और विवादास्पद मामलों का दबाव : पार्टी के कुछ नेताओं पर लगे आरोप, जांच एजेंसियों की कार्रवाई और हस्ताक्षर जालसाजी जैसे विवादों ने भी ञरूष्ट की मुश्किलें बढ़ाई हैं। विपक्षइन मुद्दों को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि पार्टी को लगातार सफाई देनी पड़ रही है।

आगे की राह :टीएमसी का संकट केवल चुनावी हार का परिणाम नहीं है, बल्कि यह संगठनात्मक कमजोरी, नेतृत्व संबंधी प्रश्नों और लंबे समय तक सत्ता में रहने से पैदा हुई चुनौतियों का संयुक्त परिणाम है। फिर भी ममता बनर्जी भारतीय राजनीति की सबसे संघर्षशील नेताओं में गिनी जाती हैं। यदि वे संगठन को पुनर्गठित करने, असंतुष्ट नेताओं को साथ लाने और जनता के बीच विश्वास बहाल करने में सफल रहती हैं, तो टीएमसी फिर से मजबूत वापसी कर सकती है। लेकिन यदि आंतरिक कलह और नेतृत्व विवाद जारी रहे, तो पश्चिम बंगाल की राजनीति में ञरूष्ट का प्रभाव पहले जैसा बनाए रखना कठिन हो सकता है। वर्तमान संकट पार्टी के लिए आत्ममंथन का अवसर भी है और अस्तित्व की चुनौती भी।

### टीएमसी पार्टी के राज्यसभा सदस्यों में बिखराव क्यों ?

हाल के दिनों में राज्यसभा सांसद सुखेंदु सेखर रॉय के इस्तीफे और कई सांसदों के असंतोष की खबरों ने यह संकेत दिया है कि पार्टी के भीतर असहमति अब खुलकर सामने आ रही है।टीएमसी के राज्यसभा सदस्यों में बढ़ते बिखराव के पीछे कई कारण दिखाई देते हैं। पहला कारण नेतृत्व को लेकर असंतोष है। पार्टी के कई नेताओं को लगता है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया सीमित दायरे में सिमट गई है और वरिष्ठ नेताओं की राय को पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद यह असंतोष और बढ़ गया है।दूसरा कारण राजनीतिक भविष्य की चिंता है। सत्ता से बाहर होने के बाद अनेक सांसद और विधायक अपने राजनीतिक अस्तित्व को लेकर चिंतित हैं। ऐसे समय में कुछ नेताओं द्वारा नए राजनीतिक विकल्प तलाशना स्वाभाविक माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों में कई सांसदों के संभावित अलग रुख अपनाने की चर्चा भी सामने आई है।तीसरा कारण भ्रष्टाचार और संगठनात्मक कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे प्रश्न हैं। इस्तीफा देने वाले नेताओं ने सार्वजनिक रूप से पार्टी में बढ़ती गुटबाजी, भ्रष्टाचार और जनभावनाओं से दूरी की बात कही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि संकट केवल चुनावी हार का नहीं बल्कि संगठनात्मक विश्वास के क्षरण का भी है।चौथा कारण टीएमसी के भीतर उभरता शक्ति-संघर्ष है। पार्टी के पुराने और नए नेतृत्व के बीच संतुलन बनाने की चुनौती लगातार बढ़ती गई है। चुनावी पराजय के बाद यह संघर्ष अधिक स्पष्ट दिखाई देने लगा है।राज्यसभा सदस्यों में यह बिखराव केवल टीएमसी की समस्या नहीं है, बल्कि यह उन सभी क्षेत्रीय दलों के लिए चेतावनी है जो किसी एक नेता के करिश्मे पर अत्यधिक निर्भर रहते हैं। जब संगठनात्मक लोकतंत्र कमजोर होता है और संवाद की गुंजाइश घटती है, तब असंतोष अंततः विद्रोह का रूप ले लेता है।टीएमसी के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती अपने सांसदों और कार्यकताओं का विश्वास पुनः अर्जित करने की है। यदि पार्टी नेतृत्व समय रहते संवाद, संगठनात्मक सुधार और सामूहिक नेतृत्व की दिशा में कदम नहीं उठाता, तो राज्यसभा में दिखाई दे रहा यह बिखराव भविष्य में और गहरा राजनीतिक संकट बन सकता है।

## हे रिमोट महाराज! और कितना पिटोगे!

ड्राइंग रूम की धुंधली रोशनी में टीवी रिमोट किसी दिव्य ब्रह्मास्त्र की तरह सोफे के कुशन पर आराम फरमा रहा था। हम सब जानते हैं कि जब उसकी स्क्रीन धुंधली होती है और चैनल बदलने की गति कछुए से भी धीमी हो जाती है तब घर का हर सदस्य एक मूक वैज्ञानिक बन जाता है। हमारी रगों में बहता स्वदेशी जुगाड़ हमें प्रेरित करता है कि हम नई बैटरी खरीदने के बजाय उस प्लास्टिक के टुकड़े को उसकी औकात याद दिलाएं। जैसे ही स्टार स्पोर्ट्स पर अंतिम ओवर की पहली गेंद फेंकने की तैयारी हुई रिमोट ने अचानक दम तोड़ दिया। पिताजी के चेहरे पर वैसे ही भाव उभरे जैसे किसी अंतरिक्ष यात्री का ऑक्सीजन सिलेंडर अंतरिक्ष में खत्म हो गया हो। उन्होंने रिमोट को हाथ में लिया और उसे इस तरह निहारा जैसे कोई जौहरी नकली हीरे को परख रहा हो। पहली बार में उन्होंने उसे हौसले के साथ सोफे की गद्दी पर पटका ताकि उसके भीतर सोए हुए रासायनिक कण जाग जाएं। यह भारतीय परिवारों का वह आदिम विश्वास है जो मानता है कि दुनिया की हर तकनीकी समस्या का समाधान केवल दो थप्पड़ मारकर ही निकाला जा सकता है। रिमोट को ठोकना सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं है बल्कि यह हमारे भीतर छुपे उस इंजीनियर का जागना है जो मानता है कि घर्षण से ही अग्नि पैदा होती है और ठोकर से ही इंसान और रिमोट सुधरते हैं। जब पहली चोट के बाद भी चैनल नहीं बदला तो माताजी ने मोर्चा संभाला और उनके चेहरे पर एक रहस्यमयी मुस्कान तैर गई। उनका मानना था कि रिमोट को सिर्फ पीटना काफी नहीं है बल्कि उसे सही कोण और सही दिशा में घुमाना भी जरूरी है। उन्होंने रिमोट को अपने आंचल से पोंछा जैसे कोई मां अपने लाडले को परीक्षा से पहले तिलक लगा रही हो। फिर उन्होंने उसे टीवी की तरफ ऐसे ताना मानो वह कोई तीर कमान हो जिससे सीधे महिषासुर का वध करना हो।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14 जून 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:36 सूर्यास्त 19:09
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - चतुर्दशी 12:20 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - रोहिणी 22:14 उपरांत मृगशिरा
योग - धृति 13:15 उपरांत शूल
करण - शकुनि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृषभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 27 तारिख

**मेष-** कारोबार-व्यवसाय आज ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। धन का व्यय होगा। नौकरी में प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें।

**कर्क-** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**सिंह-** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए।

**कन्या-** खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला-** व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी। कुसंगति से हानि होगी।

**वृश्चिक-** वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

**धनु-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मकर-** धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**कुंभ-** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।

प्रसंगवश

## 14 जून रक्तदान दिवस



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

रक्तदान दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन के आह्वान पर की गई । प्रसिद्ध वैज्ञानिक कार्ल लेंडस्टायनर जिन्होंने ब्लड ग्रुप के शोध पर नोबल पुरस्कार जीता ,उनके जन्म दिनांक 14 जून को रक्तदान दिवस मनाया जाता है ।रक्तदान करने के लिए मात्र कुछ ही व्याधियों जैसे कैंसर, एचआईवी ,हेपेटाइटिस बी से ग्रस्त लोगों को छोड़कर सभी सामान्य , स्वस्थ्य व्यक्ति एक निश्चित अंतराल से रक्तदान कर सकते हैं । नेगेटिव ब्लड ग्रुप की सदस्य संख्या कम होने से इसका राष्ट्रव्यापी नेटवर्क बनाना चाहिए । आर एच फैक्टर के अनुसार इन्हे रेयर ग्रुप भी कहा जाता है । अनुमानतः वार्षिक एक करोड़ यूनिट खून के सामने लगभग पिचत्तर प्रतिशत ही मिल पा रहा है । विगत कुछ समय में ब्लड बैंक की सर्वसुविधायुक्त बस ( वाहन)को भी बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है । पूर्व से सूचना देने पर यह रक्त एकत्रीकरण बस वाहन शैक्षणिक संस्था,अस्पताल व कार्यालयों एवम सामाजिक संस्थाओ के परिसर में पहुंच कर नियत समय तक रहती है ।तकनीशियन,चिकित्सक भी बस में मौजूद रहकर ब्लड यूनिट इकट्ठा करते है । बतौर उदाहरण देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के शासकीय एम व्हाय हॉस्पिटल व अन्य शहरों में भी जिला चिकित्सालयों के माध्यम से ये कार्य सफलतापूर्वक जारी है ।दुर्घटना और शल्य चिकित्सा के दौरान हुए रक्तस्राव के पश्चात तुरंत निदान के रूप मे एकमात्र विकल्प तत्काल रक्तदान ही होता है ।रक्तदान के संदर्भ में भ्रांतियों पर ध्यान नहीं देकर रक्तदाता को नियमित रूप से मूंगफली दाना,गुड,अनार ,चुकंदर ,सेब और अन्य फल ,सब्जियों का सेवन करना चाहिए और पौष्टिक आहार लेने से लाल रक्त कोशिका निर्माण होकर हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है तथा वे आगामी रक्तदान कार्यक्रम के लिए तेयार हो सकते है । रक्तदान के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगो को भागीदारी करनी चाहिए ।गर्भवती महिलाओं ,अमृतपान कराने वाली माताओं की एनेमिया (रक्तल्पता) के मामलों में पूर्व से ब्लड - प्रोफाइल करवाना उचित रहता है । सुपोषित आहार जरूरी है ताकि ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत ही न पड़े । शरीर में हीमोग्लोबिन स्तर आदर्श तालिका 13-16 तक रहती है दस से नीचे जाने पर तुरंत चिकित्सा परामर्श लेना चाहिए । शासकीय अस्पतालों में आयरन और फोलिक एसिड की टेबलेट्स निशुल्क वितरित की जाती है ,विदित है कि कैल्शियम की गोलियां भी दी जाती है । दवा कंपनी में ये आयरन कि खुराक सिरप के रूप में बाजार में उपलब्ध रहती है।

अनेक सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़ी संस्थाएं वर्ष भर रक्तदान शिविरों का आयोजन करती है ,इसमें भागीदारी जरूर करनी चाहिए । ब्लड बैंक भी रक्तदाता समूह का डाटा बैंक बनाकर रखते है ताकि जरूरत पड़ने पर इन्हें बुलाया जा सके । उल्लेखनीय है कि कई उम्रदराज रक्तदाता ऐसे है जिन्होंने अपने जीवन में सैकड़ों मर्तबा रक्तद्दान किया है । चिकित्सा प्रतिनिधियों, प्रबंधकों व फार्मा कंपनियों के पास रक्तदान के संदर्भ में श्रमशक्ति व अमला अधिक है तथा बेहतर कार्यक्रम भी है। इनको भी मुख्य धारा में लेना चाहिए ताकि यह नेटवर्क पूरे देश में कार्य कर सके ।पेशेवर रक्तदाताओं की सघन और नियमित जांच बेहद जरूरी है । ये भी पाया जा रहा है कि ये आर्थिक लाभ पाने की जल्दबाजी में दो मर्तबा रक्तदान के मध्य अंतर भी नहीं रख पा रहे है तथा गंभीर बीमारी से ग्रसित होने पर सूचित नहीं करते ।नशे के आदतन लोगो के खून का का रक्तआधन नहीं होना चाहिए ।प्रत्येक नागरिक के पहचान पत्र पर ब्लड ग्रुप आवश्यक रूप अंकित होना ही चाहिए। जिस तरह क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन में ब्लड ग्रुप का उल्लेख करना आवश्यक है ,वैसे ही अन्य समस्त शासकीय व अशासकीय कार्यालयों संस्थानों के पहचान पत्र व बैंक, पोस्ट ऑफिस वित्तीय संस्थाओं के केव्हाइसी में इसका कॉलम जरूर होना चाहिए ।

## रक्तदान तो करना है, साथ में सावधानियाँ भी आवश्यक

### 14 जून विश्व रक्तदान दिवस



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

यह तो हम सभी जानते हैं, कि रक्तदान से मरीज को जीवनदान मिल जाता है। किन्तु समय पर रक्त या खून न मिले तो मरीज की जान भी चली जाती है। अगर हर इंसान अपनी जिन्दगी में सिर्फ एक बार भी रक्तदान करे , तो अस्पतालों में शायद ही कभी खून की किल्लत होगी। न जाने हर वर्ष कितनी ही मौते खून के समय पर न मिलने या फिर एड्?स अथवा हैपटाइटिस जैसी जानलेवा बीमारियो के विषाणुयुक्त रक्त मिलने के कारण असमय ही हो जाती है। दुर्घटनाग्रस्त रोगियों को अक्सर खून की जरूरत होती है। उसी प्रकार थैलेसीमिया, हीमोफिलिया, एनीमिया और रक्त कैंसर से ग्रसित लोगों को बराबर खून की जरूरत पड़ती है। शल्य चिकित्सा से गुजरने वाले व्यक्ति को भी आपरेशन के दौरान हुई रक्त की हानि को पूरा करने लिए खून लेना पड़ता है। इस तरह जिन मरीजों को रक्त की जरूरत होती है, उसकी आपूर्ति रक्तदान से संभव होती है। दूसरी ओर रक्तदान को लेकर काफी भ्रांतियां भी अवश्य होती है, उन्हें दूर भी किया गया था। 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है।

स्मरण रहे शुरू में बहुत से देशों में जानवरों का खून मानव शरीर में पहुंचने का प्रचलन रहा, परन्तु जानवरों का रक्त-मनुष्य के लिए घातक व जान लेवा साबित हुआ , और उससे कर मौते इंसानों की हो चुकी ही। इसे वर्ष 1678 में प्रतिबिधित कर दिया गया था । करीब 150 वर्ष के बाद लंदन के सेन्ट थामस अस्पताल में कार्यरत डाक्टर जेम्स वलंडेल सन् 1818 में खून चढ़ाने के यंत्र को आविष्कार किया। इसके परिणाम भी अच्छे नहीं रहे। सन् 1901 तक डॉक्टरों के लिए यह समस्या गंभीर रही। समस्या का हल युवा वैज्ञानिक कार्ल लैंड स्टेईनर ने किया। यह देखा गया, कि सभी मनुष्यों का रक्त एक जैसा नहीं होता। इस तरह चिकित्सा विज्ञान ने मुख्य रूप से यह देखा सभी मनुष्यों के रक्त चार तरह के रक्त समूह होते है। ए, बी, ओ व एबी । अब इससे यह फायदा हुआ , कि मरीज को उसी समूह का रक्त चढाया जाए , तो उसकी मृत्यु की आशंका कम रहेगी। वर्तमान में रक्त चढ़ाने भी अनेकानेक बाधाओं को दूर किया गया। नवीन तकनीकी आधार पर काम किया जा रहा है ।

रक्तदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां जिनका ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

- प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में, जिसका वजन 45 किग्रा से अधिक है, सामान्यतः 5-6 लीटर रक्त होता है।
- रक्तदान के दौरान मात्र 300 मिलीमीटर रक्त लिया जाता है। शरीर इस रक्त की आपूर्ति मात्र 24 से 48 घंटे कर लेता है।
- मनुष्य के शरीर में वजन का 7 प्रतिशत रक्त होता है।
- 18 से 60 वर्ष का कोई भी व्यक्ति, जो स्वस्थ हो रक्तदान कर सकता है।
- रक्तदाता का शारीरिक भार 45 किग्रा से कम नही होना चाहिए।
- जिन लोगों ने टैटू गुदवाया - हो वो टैटू गुदवाने के एक साल बाद रक्तदान कर सकते हैं।
- रक्तदान करने वाला नशा या मादक पदार्थ लेने वाला या मिरगी आदि का रोगी से खून नही लिया जाता है।
- स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करने वाला चुस्त- दुरुस्त होना चाहिए।
- हीमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 ग्राम से कम नहीं होना चाहिए।
- रक्तदाता का रक्तचाप उच्चतम 100 से 180 के बीच होनी चाहिए।

धर्म-आस्था

## सीताजी की रावण को समझाना एवं श्रीराम को अजेय बताना



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

रावण को श्रीरामकथा में कई पात्रों (व्यक्तियों) ने श्रीराम से वैर न लेने की सलाह दी, उनमें राक्षस मारीच ने भी रावण को बहुत समझाया किन्तु अन्त में इसे स्वर्णमृग बनना ही पड़ा तथा श्रीराम के हाथों से मोक्ष प्राप्त किया। इसी क्रम में मन्दोदरी, विभीषण, कुम्भकर्ण, शुक-सारण और माल्यवान ने तो श्रीराम से संधि करने के लिए भी समझाया था। इन्हीं पात्रों में मन्दोदरी के बाद सीताजी दूसरी नारी पात्र ने भी रावण को श्रीराम से युद्ध न करने हेतु बहुत समझाया किन्तु जो अहंकार के वश अंधा हो जाता है, उसे समझाना अत्यन्त ही कठिन ही नहीं असम्भव हो जाता है। अतः सीताजी के द्वारा उसे श्रीराम के समक्ष नगण्य बताने के बाद भी वह मोहवश अंधा ही बना रहा।

उस भयंकर राक्षस रावण की बात सुनकर सीताजी को बड़ी पीड़ा हुई। उन्होंने दीन वाणी में बड़े दुःख के साथ धीरे-धीरे रावण को उत्तर देना आरम्भ किया। उस समय पतिव्रता देवी तपस्विनी सीता दुःख से भरकर रोती हुई काँप रही थी और अपने पतिदेव का चिन्तन कर रही थी।

तृणमन्तरतः कृत्वा प्रत्युवाच शुचिस्मिता।
निवर्तय मनो मत्तः स्वजने प्रीयतां मनः।।
वाल्मीकि रामायण सुन्दरकाण्ड सर्ग 21-3

पवित्र मुस्कानवाली विदेहनन्दिनी ने तिनके की ओट करके रावण को इस प्रकार उत्तर दिया- तुम मेरी ओर से अपना मन हटा लो और आत्मीयजनों (अपनी पत्नियों) पर प्रेम करो।

जैसे पापाचारी पुरुष सिद्धी की इच्छा नहीं कर सकता, उसी प्रकार तुम मेरी इच्छा करने के योग्य नहीं हो। जो पतिव्रता के लिए निन्दित है, वह न करने योग्य कार्य में मैं कदापि नहीं कर सकती क्योंकि मैंने एक महान कुल में जन्म लिया है और ब्याह करके इस पवित्र कुल में आई हूँ। रावण से ऐसा कहकर यशस्विनी विदेहराजकुमारी सीता ने उसकी ओर अपनी पीठ फेर ली तथा इस प्रकार कहा- रावण! मैं सती और परायी स्त्री हूँ। तुम्हारी भार्या बनने योग्य नहीं हूँ। तुम श्रेष्ठ धर्म की ओर दृष्टिपात करो और सत्पुरुषों के व्रत का इच्छी तरह पालन करो। जैसे तुम्हारी स्त्रियाँ तुम से संरक्षण पाती है दूसरों की स्त्रियों की तुम्हें रक्षा करनी चाहिए। तुम अपने को आदर्श बनाकर अपनी ही स्त्रियों में अनुरक्त रहो। जो अपनी स्त्रियों से संतुष्ट नहीं रहता तथा जिसकी बुद्धि धिक्कार देने योग्य है, उस चपल इन्द्रियों वाले चंचल पुरुष को परायी स्त्रियाँ पराभव को पहुँचा देती है। इसे फजीहत में डाल देती है। क्या यहाँ सत्पुरुष नहीं रहते हैं अथवा रहने पर भी तुम उनका अनुसरण नहीं करते हो? जिससे तुम्हारी बुद्धि ऐसी विपरीत एवं सदाचार शून्य हो गई है अथवा बुद्धिमान पुरुष जो तुम्हारे हित की बात कहते हैं, उसे निःसार मानकर राक्षसों के विनाश पर तुले रहने के कारण तुम ग्रहण ही नहीं करते हो?

अकृतात्मानमासाद्य राजानमयें रतम्।
समृद्धानि विनश्यन्ति राष्ट्राणि नगराणिच।।
वाल्मीकिरामायण सुन्दरकाण्ड सर्ग 21-11

जिसका मन अपवित्र तथा सदुपदेश नहीं ग्रहण करने वाला है, ऐसे अन्यायी राजा के हाथ में पड़कर बड़े-बड़े समृद्धशाली राज्य और नगरी नष्ट हो जाते हैं।

इसी प्रकार यह रत्नराशि से पूर्ण लंकापुरी तुम्हारे हाथ में आ जाने से अब अकेले तुम्हारे ही अपराध से अतिशीघ्र नष्ट हो जाएगी। रावण! जब कोई अदूरदर्शी पापाचारी अपने कुकर्मों से मारा जाता है उस समय उसका विनाश होने पर समस्त प्राणियों को प्रसन्नता प्राप्त होती है। इस प्रकार तुमने जिन लोगों को कष्ट पहुँचाया है, वे तुम्हें पापी कहेंगे और बहुत अच्छा हुआ। जो इस आततायी को यह कष्ट प्राप्त हुआ। इतना कहकर हर्ष मनाएंगे। जैसे प्रभा सूर्य से अलग नहीं होती है, उसी प्रकार मैं श्रीरघुनाथजी से अभिन्न हूँ। ऐश्वर्य या धन के द्वारा तुम मुझे लुभा नहीं सकते। जगदीश्वर श्रीरामचन्द्रजी की सम्मानित भुजा पर सिर रखकर अब मैं किसी दूसरे पुरुष की बाँह की तकिया कैसा लगा सकती हूँ। यदि तुम्हें अपने नगर की रक्षा और दारूण बन्धन से बचने की इच्छा हो तो पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराम को अपना मित्र बना लेना चाहिए क्योंकि वे ही इसके योग्य हैं।

विदितः सर्वधर्मज्ञः शरणागतवत्सलः।
तेन मैत्री भवतु ते यदि जीवितु मिच्छसि।।
वाल्मीकिरामायण सुन्दरकाण्ड सर्ग २१-२०

भगवान श्रीराम समस्त धर्मों के ज्ञाता और सुप्रसिद्ध शरणागतवत्सल हैं। यदि तुम जीवित रहना चाहते हो तो उनके साथ तुम्हारी मित्रता हो जानी चाहिए।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,48,600 रवा- 1,48,500 चांदी-टंच- 2,42,200 पाट- 2,41,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## ईरान बोला- अमेरिका से कल शांति समझौता नहीं होगा

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर रविवार को हस्ताक्षर नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता अगले कुछ दिनों में हो सकता है, लेकिन अभी इसकी तारीख तय नहीं है। बघाई के मुताबिक, पाकिस्तान की मध्यस्थता से तैयार हो रहे इस समझौते का मकसद सिर्फ युद्ध खत्म करना है। इसमें फिलहाल परमाणु मुद्दे पर कोई बात नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का रुख बार-बार बदलता रहा है, इसलिए समझौते को लेकर अभी सावधानी बरतने की जरूरत है। इससे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच अगले 24 घंटे में शांति समझौता हो सकता है।

## फॉरेस्ट टीम पर पत्थर-गोफन से हमला, ग्रामीणों ने घेरा

**देवास।** देवास में कमलापुर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। करीब 100 ग्रामीणों ने वन अमले और पुलिस बल को घेरकर आधे घंटे तक पत्थर और गोफन बरसाए। 8 वाहनों में तोड़फोड़ की गई और ड्रोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। 6 वनकर्मी घायल हुए हैं, जिनमें 3 को सिर में गंभीर चोट लगी है। घटना का ड्रोन वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वनकर्मी जान बचाकर खेतों की ओर भागते दिखाई दे रहे हैं।घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे देवास जिले के जिनवाणी वन परिक्षेत्र अंतर्गत कमलापुर बीट के कक्ष क्रमांक-94 में हुई। वन विभाग की टीम सरकारी वन भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। 70 वनकर्मियों पर बरसाए पत्थर- जानकारी के मुताबिक कार्रवाई के लिए सात रेंजों के करीब 70 वनकर्मी और कमलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। इसी दौरान भीलआमला गांव के 100 से ज्यादा ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने गोफन से भी पत्थर बरसाए।

## पत्नी को वीडियो कॉल कर आरक्षक फंदे पर लटका

**डबरा।** डबरा सिटी थाने में पदस्थ एक आरक्षक ने शुक्रवार देर रात अपने सरकारी क्वार्टर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की खबर मिलते ही एसडीओपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। डबरा एसडीओपी सौरभ कुमार ने सुसाइड की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे उसका शव फांसी पर लटका मिला है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है। वीडियो कॉल कर फंदे पर झूला-शुक्रवार रात तकरीबन 10 बजे राघवेंद्र ने पत्नी से वीडियो कॉल पर बात की। वह उसके सामने ही फांसी के फंदे पर झूल गया। पत्नी ने तुरंत अपने देवर मानवेंद्र उर्फ मोनू को पूरे मामले की जानकारी। उसने डबरा सिटी थाने में पदस्थ एक आरक्षक को मामले की जानकारी दी। साथी आरक्षक राघवेंद्र के कमरे पर पहुंचा तो वह फांसी के फंदे पर झूल गया था।

## शादी से इनकार पर ब्लैकमेलिंग फोटो भेजकर तुड़वा दी शादी

**जबलपुर।** जबलपुर में प्रेम प्रसंग के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। युवती के शादी से इनकार करने के बाद युवक ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसकी एक-एक फोटो उस परिवार तक पहुंचा दी, जहां युवती की शादी तय हुई थी। इससे रिश्ता टूट गया। इसी बात को लेकर दोनों परिवार आमने-सामने आ गए। देर रात थाने के सामने बाजार चौक में जमकर लाठी-डंडे चले, सड़क किनारे खड़े वाहन फूंक दिए गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 16 लोगों पर नामजद मामला दर्ज किया है। घटना जबलपुर से करीब 48 किमी दूर मझौली में शुक्रवार रात की है। पुलिस के मुताबिक, मझौली इलाके के रहने वाले एक युवक और युवती के बीच कई महीनों से प्रेम संबंध थे। बाद में युवती ने शादी करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह अपने परिवार की मर्जी से ही विवाह करेगी। इसके बाद युवक ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था।

## सीएम बोल- 3 साल में 22 हजार पुलिसकर्मियों की होगी भर्ती

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ढाई साल के कार्यकाल में हमारी पुलिस ने कई ऐतिहासिक काम किए हैं। इसमें नक्सलवाद से मध्य प्रदेश को मुक्त करने का काम सबसे प्रमुख है। पुलिस ने साइबर चुनौतियों से निपटने में भी बड़ा रोल प्ले किया है। सीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश में 8 साल बाद सब-इंस्पेक्टरों की भर्ती की गई है और अगले तीन वर्षों में 22 हजार पद भरे जाएंगे। इसके लिए हर साल भर्ती प्रक्रिया चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि धार में भोजशाला पर कोर्ट के फैसले के बाद पुलिस ने बड़ी ही समझदारी से पूरे मामले को हैंडल करने का काम किया है।

## राजस्व विभाग ने जारी की पटवारी संविलयन नीति 2026

**भोपाल।** राजस्व विभाग मध्य प्रदेश ने तबादलों की अवधि (15 जून) समाप्त होने से तीन दिन पहले शुक्रवार को पटवारियों के संविलयन की नई नीति 2026 जारी कर दी है। नई नीति में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी पटवारी की पदस्थापना उसकी गृह तहसील में नहीं की जाएगी। साथ ही नए जिले में पदस्थ होने के बाद वरिष्ठता वहीं की सीनियरिटी सूची के आधार पर तय होगी। नीति के अनुसार पटवारी का पद जिला संवर्ग का होने के कारण अलग से संविलयन नीति लागू की गई है। इसमें कहा गया है कि पटवारी परीक्षा 2022 का परिणाम घोषित होने से पहले नियुक्त हुए पटवारी ही अंतर जिला संविलयन के पात्र होंगे। हालांकि वर्ष 2022 की परीक्षा पास कर नियुक्त हुए पटवारियों को कुछ विशेष परिस्थितियों में संविलयन का लाभ मिलेगा। वर्ष 2022 की पटवारी परीक्षा में पास होने वाले पटवारी केवल कुछ विशेष परिस्थितियों में ही आवेदन कर सकेंगे।

# मक्सी औद्योगिक क्षेत्र में टास्क फोर्स का औचक निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर




बच्चों के कोमल हाथों में औजार नहीं, बल्कि किताबें होनी चाहिए। इसी उद्देश्य को सार्थक करने और बाल मजदूरी जैसी कुप्रथा पर पूर्णत: लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में शाजापुर जिले में गठित जिला टास्क फोर्स समिति ने मक्सी औद्योगिक क्षेत्र में एक सघन औचक निरीक्षण और जन-जागरूकता अभियान चलाया। राहत की बात यह रही कि इस सघन जांच के दौरान किसी भी औद्योगिक संस्थान में 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बालक या बालिका मजदूरी करते हुए नहीं पाए गए। निरीक्षण के दौरान टास्क फोर्स के दल ने विभिन्न कारखानों और संस्थानों के प्रबंधकों से चर्चा की। उन्हें बाल एवं किशोर श्रमिक अधिनियम 1986 के दंडात्मक प्रावधानों से विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि कारखाने या संस्थान में किसी भी हाल में छोटे बच्चों या किशोरों से काम न करवाया जाए, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**इन संस्थानों का हुआ निरीक्षण**

दल द्वारा मक्सी के प्रमुख औद्योगिक संस्थानों का सघन दौरा किया गया, जिनमें सुदर्शन कंस्ट्रक्शन सीमेंट, बालाजी पाइप फैक्ट्री, पवन श्री फूड इंटरनेशनल प्रा. लिमिटेड (कृषि उपकरण), रीजेंट बियर फैक्ट्री शामिल हैं। अभियान केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे जन-जागरण का माध्यम भी बनाया गया। कारखानों में काम कर रहे वयस्क श्रमिकों को उनके अधिकारों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने श्रमिकों को संबल योजना, म.प्र. भवन एवं संनिर्माण कर्मकार योजना, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के लाभ बताए। इसके साथ ही उन्हें न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, ग्रेच्युटी अधिनियम 1972, मातृत्व अवकाश और बोनस भुगतान अधिनियम 1965 की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

**मानव तस्करी रोकने के लिए रेलवे पुलिस के साथ बैठक-** औद्योगिक क्षेत्र के अलावा, दल ने रेलवे पुलिस थाना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ भी एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक की। बैठक में तय किया गया कि रेलवे स्टेशन पर यदि कोई बेसहारा या लावारिस बच्चा दिखाई दे, या किसी गिरोह द्वारा बच्चों के अपहरण और तस्करी का संदेह हो, तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाने या महिला एवं बाल विकास विभाग के टोल फ्री नंबर 1098 चाइल्डलाइनपर दी जाए, ताकि बच्चों का सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। इस संयुक्त कार्रवाई और जागरूकता अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला।

दल में मुख्य रूप से श्रम विभाग के नोडल अधिकारी रूप किशोर चौहान, पुलिस इकाई से आरक्षक अमित सिसोदिया, महिला बाल विकास विभाग की बाल संरक्षण अधिकारी दीपाली वर्मा, आउटरीच वर्कर अतुल जादौन, विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के जिला प्रभारी शुभम जोशी और बाल कल्याण समिति के सदस्य रवि मालवीय उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को दिया जीवन रक्षक

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



जिले के हाईवे किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं एवं आकस्मिक आपात स्थितियों में आमजन को जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण देकर मानव जीवन की रक्षा के लिए सक्षम बनाना है। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनेरा, अभयपुर, मझनिया, भीलवाड़िया, पनवाड़ी उकावता एवं जलौदा में प्रशिक्षण आयोजित किए गए। सभी ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं सचिव की उपस्थिति में ग्रामीणों को सीपीआर, प्राथमिक उपचार तथा आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले आवश्यक उपायों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डिस्ट्रिक कमाण्डेंट विक्रम सिंह, प्लाटून कमांडर नम्रता सरावत, एसडीईआरएफ टीम द्वारा ग्रामीणों को सीपीआर की तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। साथ ही राहवीर योजना एवं प्रधानमंत्री राहत योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों को प्राथमिक सहायता प्रदान करना, उन्हें स्थिर रखना, मानसिक संबल देना, एम्बुलेंस एवं ईएमएस सेवाओं के पहुंचने तक आवश्यक देखभाल करना तथा गंभीर घायलों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाना मानव जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की उपयोगिता के बारे में भी समझाईश दी गई। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य के निर्देशन पर शासकीय चिकित्सालय शाजापुर की चिकित्सा टीम ने डॉ. सचिन नायक के नेतृत्व में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में ग्रामीणों के रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर की जांच की गई। जांच उपरांत आवश्यकतानुसार मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा होमगार्ड विभाग एवं जिला स्वास्थ विभाग के सहयोग से संचालित यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जो की निरंतर चलता रहेगा!

## अनुसूचित जाति कांग्रेस की जिला कार्यकारणी घोषित

**गुना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग, मप्र के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के आदेशानुसार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी महेश मधुरिया के मार्गदर्शन तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग गुना के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह अहिरवार ने अपनी कार्यकारणी घोषित कर दी है। अनुसूचित जाति कांग्रेस की नवनियुक्त कार्यकारिणी में 10 जिला उपाध्यक्ष, 12 जिला महासचिव और 20 जिला सचिव बनाए गए हैं। उक्त सभी ऊर्जावान सदस्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। वे जिला स्तर पर कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत व गतिशील बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के 21 मंडलों के कार्यकर्ताओं की वृहद बैठक संपन्न

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रमुख रूप से मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं ग्वालियर संभाग के प्रभारी रामस्वरूप शुक्रवारे उपस्थित रहे। बैठक के पूर्व संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र बड़कुल अहिरवार ने बताया कि प्रदेश संगठन से जारी निर्देशानुसार गुना जिले के समस्त 21 मंडलो के कार्यकर्ताओं की वृहद बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई एव मोर्चा को मजबूती प्रदान करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री चन्द्रप्रकाश अहिरवार पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप सेन ओमप्रकाश राठौर ब्रजनारायण शर्मा शंभू सेन, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश मालवीय, रवि खटीक, सचिन सप्रे, तोलाराम सिलावट सहित बड़ी संख्या में मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेम विवाह की सजा, परिजनों ने जीवित बेटी को माना मृत, किया पिंडदान

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

दूसरे समाज में प्रेम विवाह करने पर परिवार ने अपनी 19 वर्षीय जीवित बेटी का ही श्राद्ध कर दिया। परिजनों की नाराजगी इस कदर थी कि उन्होंने बाकायदा बेटी की तस्वीर सामने रखकर तर्पण और पिंडदान की रस्में निभाईं और सामाजिक रूप से उसे हमेशा के लिए मृत घोषित कर दिया।

इस पूरी घटना की शुरुआत 2 जून को हुई, जब कॉलेज के प्रथम वर्ष में पढ़ने वालीयुवती अचानक अपने घर से लापता हो गई थी। चिंतित परिजनों ने मोहन बड़ोदिया थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद 6 जून को जब पुलिस ने युवती को ढूंढ निकाला, तो मामले की असल सच्चाई सामने आई। पुलिस की जांच में युवती बालिग पाई गई और उसने बताया कि उसने अपनी मर्जी से दूसरे समाज के एक युवक के साथ सात फेरे ले लिए हैं। युवती ने पुलिस और प्रशासन के सामने स्पष्ट कर दिया कि वह अपने पति के साथ ही रहना चाहती है और अब किसी भी कीमत पर अपने घर वापस नहीं जाना चाहती। बेटी के इस कदम से उसका परिवार और समाज के लोग बेहद खफा हो गए। इसी भारी आक्रोश के चलते परिवार ने सामाजिक रीति-रिवाजों का हवाला देते हुए बेटी से हमेशा के लिए नाता तोड़ने का कठोर फैसला लिय और युवती के सगे भाई ने अपनी बहन की तस्वीर के सामने बैठकर पूरे विधि-विधान से तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान की रस्में पूरी कीं। इन रस्मों के पूरा होने के बाद, प्रतीकात्मक अवशेषों और पूजा की सामग्री को चौमा स्थित लखुंदर नदी में प्रवाहित कर दिया गया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, युवक और युवती के बीच पिछले एक-दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वे दोनों लगातार एक-दूसरे के संपर्क में थे और कई बार मिल भी चुके थे, लेकिन परिवार को इस रिश्ते की भनक तक नहीं लगी थी।

# मनरेगा में चल रही पुराने कामों की स्वीकृति पर फर्जी लेबर



**गुना/राधौगढ़।** मध्य प्रदेश शासन में काफी समय से संचालित योजना नरेगा में केंद्र शासन द्वारा परिवर्तन कर बीबीजी रामजी योजना का संचालन कर दिया है। जिसके चलते नरेगा योजना के पुराने तकनीकी स्वीकृतियों को कंप्लीट करने के लिए 30 जून तक छूट दी गई है जिसके चलते पंचायत की निर्माण एजेंसी एवं तकनीकी अधिकारी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतो में मनमानी करते नजर आ रहे है। जनपद पंचायत राघौगढ़ के अंतर्गत आने वाले सेक्टर रामनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मोतीपुरा में मनरेगा योजना अंतर्गत मजदूरों के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

मीडिया कर्मी द्वारा मौके पर जाकर देखा तो उक्त पोखर निर्माण कार्य रोडेलाल के खेत के पास, सीपीटी निर्माण कार्य ग्राम संजय सागर बंजारा बस्ती नाले पर, वृक्षारोपण कार्य हनुमान मंदिर बारियाखेड़ा, खेत तालाब निर्माण कल्याण सिंह मांगीलाल, वृक्षारोपण कार्य सीरा मंदिर मोतीपुरा एवं सामुदायिक निर्माण कार्य ग्राम बरियाखेड़ा आदि कामों पर नरेगा जॉब कार्ड मजदूर देखने को नहीं मिले, जबकि ऑनलाइन मस्टर मनरेगा साइट पर 228 जो कि 34 कामों पर शो हो रहे हैं। जबकि मौके पर एक भी श्रमिक नहीं मिला। जबकि नियम अनुसार मस्टरों के अनुसार मजदूरों को मौके पर काम करते दिखना चाहिए जो कि शासन द्वारा उनकी मजदूरी राशि मापदंड अनुसार निर्धारित है। उक्त ताजा मामला ग्राम पंचायत मोतीपुरा में देखने को मिला है, हालांकि कुछ प्रधानमंत्री आवासों पर लोग काम करते पाए गए। जिसमें संबंधित ग्राम पंचायत सरपंच गीलीबाई गोपालसिंह भील, सचिव दीवानसिंह कुशवाह, तोरण सिंह भील रोजगार सहायक पंचायत की निर्माण एजेंसी होती है और ज्यादा श्रमिकों के मस्टर भरकर शासन की राशि को पलीता लगाया जा रहा है और धरातल पर श्रमिक मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। मामला केवल मोतीपुरा ग्राम पंचायत का ही नहीं अपितु ओर भी ग्राम पंचायत में फर्जी मस्टर डालकर राशि को बंदरबाट किया जा रहा है। आने वाले अंक में और भी ग्राउंड रिपोर्ट के साथ खबर को प्रकाशित किया जाएगा। इस मामले में जनपद पंचायत के सीईओ गौरीशंकर सिंह राजपूत को अवगत कराना चाहा तो कॉल रिसीव करना उचित नहीं समझा।

## मंत्री परमार ने जमधड़ नदी में उतरकर किया श्रमदान, रोपे पौधे

**शाजापुर।** जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और उनके संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को शुजालपुर की जमधड़ नदी में सफाई और गहरीकरण का बड़ा अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने स्वयं आगे आकर श्रमदान किया और जनभागीदारी की एक बेहतरीन मिसाल पेश की। मंत्री परमार ने पहले नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए चल रहे कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने खुद फावड़ा और तगारी उठाकर नदी के गहरीकरण और शुद्धिकरण कार्य में अपना पसीना बहाया। मंत्री को खुद श्रमदान करते देख वहां मौजूद स्थानीय लोगों का उत्साह भी दोगुना हो गया। श्रमदान के साथ-साथ पर्यावरण को सहेजने के लिए मंत्री परमार ने नदी के किनारे पौधारोपण भी किया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को संदेश दिया कि जल और पर्यावरण का संरक्षण केवल सरकार का काम नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मंत्री की इस पहल के बाद कार्यक्रम में मौजूद जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी पूरी ऊर्जा के साथ नदी की सफाई में अपना योगदान दिया। इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान शुजालपुर के अनुविभागीय अधिकारी सहित क्षेत्र के कई अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक विशेष रूप से मौजूद रहे।

## अंधेरे में छत पर सोने गए युवा किसान की गिरने से मौत

**गुना।** जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुहालपुर में रात्रि दौरान बिजली कटौती के बीच दर्दनाक हादसा सामने आया है। इस हादसे में एक युवा किसान की अंधेरे में छत से गिरने से मौत हो गई। इन दिनों लगातार बिजली गुल होने से ग्रामीण क्षेत्र की जनता दिन रात उमस और भीषण गर्मी का सामना कर रही है। यह बिजली कटौती भी अब लोगों को जानलेवा साबित होने लगी है। ताजा मामला मुहालपुर गांव का है, जहां भीषण गर्मी और बार-बार बिजली गुल होने से परेशान एक 35 वर्षीय किसान की छत से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है। परिजनों का कहना है कि यदि क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती नहीं होती तो यह हादसा कभी नहीं होता। मिली जानकारी के अनुसार मुहालपुर निवासी युवा किसान लोकेन्द्र धाकड़ पुत्र मेहरबान धाकड़ रात करीब 10 बजे घर की छत पर सोने के लिए गया था। परिजनों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बिजली की आंख-मिचौली चल रही थी। उमस और गर्मी से परेशान होकर परिवार के लोग छत पर चले गए थे। बताया जा रहा है कि लोकेन्द्र छत से नीचे उतर रहा था, तभी अंधेरा होने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह सीधा नीचे जा गिरा। इससे उनके सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आईं। आवाज आते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में शव को जिला अस्पताल लाया गया, जहां पुलिस ने मार्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## नेशनल ट्रैकिंग कैंप में शामिल होंगी शाजापुर की दो एनसीसी कैडेट्स

**शाजापुर।** पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय शाजापुर की एनसीसी कैडेट अंजली राठौर एवं बुलबुल राजपूत का चयन हिमाचल प्रदेश के सोनल में 13 जून से 20 जून तक आयोजित होने वाले एनसीसी नेशनल ट्रैकिंग कैंप के लिए हुआ है। दोनों कैडेट्स इस राष्ट्रीय स्तर के कैंप में महाविद्यालय एवं जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। कैंप के दौरान कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व कौशल, टीम वर्क तथा विभिन्न साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही ट्रैकिंग और आउटडोर गतिविधियों के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास, सहनशीलता एवं चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित की जाएगी।

## ज्हरीला पदार्थ मुंह में जाने से बालिका की मौत

**शाजापुर।** जहरीली दवा मुंह में जाने से बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उज्जैन जिले के माकड़ोन थाना क्षेत्र के करेडी माताजी गांव में रहने वाली 15 वर्षीय बालिका तेजश्वनी गेहूं में रखने वाली दवा का पाउच मुंह से फाड़ रही थी और उसमें मौजूद पदार्थ उसके मुंह के अंदर चला गया जिससे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे प्राथमिक उपचार के लिए शुक्रवार शाम शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देररात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।


### नाम परिवर्तन की सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं ROOPLAL जो की मेरे हाई स्कूल की अंकसूची में अंकित है। अब मेरा नाम "ROOPLAL KOTARYA" S/O JHULKHU KOTARYA (रूपलाल कोटार्य) कर लिया गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाता है ।

**ROOPLAL KOTARYA S/O JHULKHU KOTARYA**
**77, Mahalakshmi Avenue, Nagziri Dewas Road**
**Ujjain P.O:-Ujjain**
**Madhya pradesh 456010**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री कमलसिंह पिता नाथूसिंहजी आंजना, निवासी ग्राम महङ्गी, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन ने श्री नाथूलाल पांचाल पिता श्री हीरालालजी पांचाल तथा श्री अशोक पांचाल पिता श्री नाथूलालजी पांचाल निवासींगण-ग्राम खुरचन्या प्रताप, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन से उनके भूमिस्वामी स्वत्व एवम् आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 169/2 तथा सर्वे नं. 251/1 में से 0.54 आरे स्थित ग्राम खुरचन्या प्रताप्र, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा दिनांक 12-06-2026 को किया है और दोनों के मध्य एक सौदा चिट्ठी का निष्पादन भी गवाहों के समक्ष किया जाकर बयाना पेटे राशि अदा कर दी है तथा विक्रय मूल्य की शेष राशि डेढ़ माह में अदा कर और उक्त कृषि भूमि पर बैंक के बंधक के हटने पर विक्रय-पत्र का निष्पादन और पंजीयन किया जाना है। यदि उक्त विक्रय संव्यवहार पर किसी व्यक्ति, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था/बैंक अथवा किसी निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि में किसी का कोई हक, हिस्सा, हित निहित हो तो ऐसा व्यक्ति/संस्था इस जाहिर सूचना से 07 दिवस की अवधि में मेरे नीचे दिए गए पते पर मय दस्तावेज के आपत्ति दर्ज करावें, बाद मियाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार उपरोक्त सौदे के पालन में उपरोक्त उल्लेखित कृषि भूमियों के विक्रय-पत्र का निष्पादन अपने पक्ष में करवाकर उपपंजीयक कार्यालय के समक्ष अपने हित में विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेंगे, जो सर्वसाधारण पर बंधनकारक होगा व किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। उज्जैन, दिनांक 13-06-2026

**विरेन्द्रसिंह तोमर, एडवोकेट**
**88-ए, मंगल कॉलोनी, सेठी नगर के पास,**
**उज्जैन, मो. 7987694036,9993813101**

न्यूज-कॉलम

## नगर परिषद द्वारा जन कल्याण मेला शिविर का आयोजन 15 से

**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद पिपलियामंडी के माध्यम से जन कल्याण मेला शिविर आयोजन अंतर्गत दिनांक 15 जून से 18 जून को समय प्रातः 11 से 2 बजे तक स्थान कार्यालय नगर परिषद में पिपलिया मंडी में किया जा रहा है जिसमें आम जनता की सहभागीदारी रहेगी तथा शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जाना है जिसमें पीएम स्वनिधि योजना ,उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना, अन्य योजनाओं की जानकारी व स्टाल लगाया जाएगा 7 व नवीन पथ विक्रेताओं के आवेदन लिए जागेंगे जो भी पथ विक्रेता अपने व्यापार या व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहते हैं, वे इस योजना का लाभ अवश्य लें। और आवश्यक दस्तावेजः एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, समग्र आईडी, वोटर आईडी, नगर परिषद ने पात्र पथ विक्रेताओं से अपील की है कि वे समय पर आवेदन कर इस जनहितकारी योजना का लाभ प्राप्त करें।

## भारत विकास परिषद द्वारा आज होगा रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण

**जावरा ।** भारत विकास परिषद भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी लायंस क्लब स्फटिक एवं अन्य संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में स्व मदन लाल नाहर एवं संगीता नाहर की पुण्य स्मृति में रविवार को शासकीय चिकित्सालय में प्रातः 10 बजे से विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही वृक्षारोपण भी किया जावेगा। भारत विकास परिषद अध्यक्ष शेखर नाहर ने बताया कि रविवार को शासकीय चिकित्सालय में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान एवं वृक्षारोपण का विशाल आयोजन किया गया है।

## 128 .64 ली. देशी-अंग्रेजी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के लोढ़ाखेड़ा नईआबादी पुलिया के पास पुलिस ने अवैध 13 पेटी शराब जब्त की। जब्त शराब में 72 ली. देशी शराब, 8.64 ली. अंग्रेजी शराब व 48 ली. बीयर कुल 128.64 ली. अवैध शराब जब्त की। पुलिस के अनुसार नारायणगढ़ थाना पुलिस ने यह कार्यवाही शुक्रवार की रात करीब 8.30 से 9.20 बजे के बीच की। इस प्रकरण में आरोपी कैलाश (50) पिता खन्ना दायमा निवासी लोढ़ाखेड़ा को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## पीजी कॉलेज के पूर्व अतिथि विद्वान का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

**मंदसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के भूगोल विभाग से जुड़े दो होनहारों का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक (भूगोल) के पद पर चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों में डॉ. कैलाश डावर शामिल हैं, जिन्होंने दिसंबर 2025 तक इस महाविद्यालय में अतिथि विद्वान के रूप में अपनी सेवाएँ दी थीं, तथा विभाग की पूर्व छात्रा कु. निकिता शर्मा शामिल हैं, जो वर्तमान में नीमच में अतिथि विद्वान के रूप में कार्यरत हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने दोनों चयनित अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई दी ।

## मुक्तिधाम रोड वाले उद्यान की बनेगी बाउण्ड्रीवॉल

**रतलाम ।** वार्ड क्रमांक ३ में जवाहर नगर मुक्तिधाम रोड़ वाले उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती धीरजकुवंर राठौर व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि 12 लाख की लागत से उक्त उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण का कार्य किया जायेगा कार्य पुरा होने पर उद्यान सुरक्षित होकर सुन्दर दिखाई देगा। उन्होने इस अवसर पर अपील करते हुए कहा कि रतलाम को हरियाली से आच्छदित करने हेतु प्रत्येक नागरिक इस वर्षा ऋतु कम से कम एक पौधे का रोपण कर उसे पेड़ बनने तक अपने बच्चों की तरह पालन पोषण करें ताकि पर्यावरण सुधार में उपयोगी साबित हो।

# सामुदायिक भवनों उघानों में योग की अमृत गंगा प्रवाहित

## नगर के प्रथम नागरिक ने किया वार्डो का योग भ्रमण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अमृत महोत्सव नगर निगम परिषद महापौर प्रहलाद पटेल एवं पतंजलि योगपीठ जिला आयुष विभाग रतलाम के प्रयासों से 49 वार्डों में चल रहें शिविरों में नगर के प्रथम नागरिक ने योग भ्रमण कर योग साधकों को संबोधित किया हनुमान ताल, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, बिरसा मुंडा उघान, जवाहर नगर, सहित वार्ड क्र. 4 देवरा देवनारायण कालोनी जलेश्वर महादेव पार्षद श्रीमती देवकन्या मुकेश मीणा द्वारा प्रकृतिमय भक्ति वातावरण में वार्ड योग समिति का गठन कर नियमित योग शाला संकल्प के साथ रहवासियों के लिए सात दिवसीय निरूशुल्क योग शिविर लगाया जाएगा साथ ही वार्ड क्र. २ विधायक सामुदायिक भवन लक्ष्मणपुरा स्थित जनसमूह में योग शिक्षक बनने के लिए अग्रसर होकर योग से आत्मनिर्भर बनने की ओर कदम बड़ा रहे ऐसे कई साधकों में उर्जा का संचार दिखाई दे रहा कौशलता लिए पतंजलि परिवार के कुशल योग शिक्षकों द्वारा वार्डों में योगाभ्यास कराया योग मार्ग निश्चित ही क्षेत्र वासियों को आ रही जन सामान्य परेशानीयों का भी निराकरण करने में सहायक बनेगा।पतंजलि युवा भारत राज्य प्रभारी प्रेम पुनिया जिला आयुष अधीकारी डॉ. दाताराम जयवंत जी के मार्गदर्शन में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला प्रभारी डॉ. उत्तम शर्मा, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अपार उपाध्याय, महिला पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी पिस्ता यादव, जय श्री राठौर, युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी नित्येन्द्र आचार्य, युवती प्रभारी दिव्या उपाध्याय, जिला यज्ञ प्रभारी महर्षि संजय शिवशंकर दवे, भागवताचार्य पं चेतन शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य रत्नेश विजयवर्गीय, डॉ प्रदीप जैन, गोवर्धन बिलवार, कमला शंकर पाठक, कार्यालय प्रभारी अशोक शर्मा, संवाद प्रभारी इंदु कुमार तिवारी, समस्त गुरु निष्ठ योग शिक्षक शिक्षिका साधक अपनी सेवाएँ दे रहें ।महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा योग आग्रह समस्त 49 वार्डों के योग शिक्षकों साधकों का एकत्रीकरण 19 से 21 जून तीन दिवसीय भव्य योग शिविर स्वस्थ समाज की लहर विधायक सभागृह बड़बड़ में नगर परिवार जन स्वास्थ्य लाभ लेगें।

# भादवामाता में विभिन्न पांच निर्माण कार्यो का किया कलेक्टर ने निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र, महामाया मां भादवामाता में आने वाले श्रृद्धालुओं की सुविधाओं के लिए संस्थान द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्यो का कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मौके पर निरीक्षण कर कार्यो की प्रगति का जायजा लिया और कार्य तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए। चार करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न निर्माण कार्य प्रस्तावित

भादवामाता में लेंडस्केपिंग, विद्युतीकरण, दुकानों का निर्माण, महिला सुविधा घर का निर्माण होगा

मंदिर प्रांगण एवं आस्था भवन के रिक्त परिसर में कलेक्टर ने लैडस्केपिंग कार्य के लिए 91 लाख लागत, भादवा माता में श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए संस्थान की ओर से 2.20 करोड़ की लागत से व्यवसायिक दुकानों का निर्माण करवाने, भादवामाता मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा एवं स्क्रीन की व्यवस्था करने, बस स्टेण्ड से मंदिर के मुख्य द्वार तक ३१ लाख की लागत से 500 मीटर विद्युतीकरण कार्य एवं 27 लाख की लागत से नवीन महिला सुविधा घर एवं स्नानाघर निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए एवं प्रस्ताव स्वीकृति की प्रत्याशा में उक्त कार्य अविलम्ब प्रारंभ करवाने के निर्देश भी दिए है।

कलेक्टर ने भादवामाता में पाथ वे निर्माण कार्य, नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होने नाला निर्माण कार्य के साथ नाले को कव्हर्ड करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने भादवामाता में स्थिति सभी सुविधा घर एवं स्नानाघर का जीर्णोद्वार रेनोवेशन कार्य का तत्काल प्रारंभ कर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। जिससे कि श्रृद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव को भादवामाता के सम्पूर्ण परिसर व ग्राम पंचायत स्कूल परिसर दुकानों के परिसर और कोरीडोर, डोम आदि स्थानों पर विशेष टीम लगाकर पर्याप्त साफ सफाई करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होने साफ-सफाई व्यवस्था उपयुक्त नहीं पाए जाने पर संस्थान द्वारा कार्यरत सफाई कामगारों एवं दरोगा के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा प्रबंधक सहायक प्रबंधकों द्वारा साफ-सफाई कार्य की मॉनिटरिंग में ढिलाई बरतने पर उनके विरूद्ध भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण दौरन एसडीएम श्री पराग जैन, तहसीलदार सुश्री मृणालिनी तोमर व अन्य अधिकारी संस्थान के कर्मचारी उपस्थित थे।




# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करना अवैध व अलोकतांत्रिक- कांग्रेस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भाजपा का राजनैतिक षड्यंत्र करार दिया है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री महेंद्रसिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के पास निर्वाचन के लिए स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद भाजपा ने तीसरा उम्मीदवार खड़ा किया और फिर मिथ्या आधार पर आपत्ति प्रस्तुत कर नामांकन निरस्त करवा दिया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार बताते हुए कहा कि फॉर्म २६ के कॉलम में निजी परिवाद के नोटिस को लेकर कोई जानकारी नहीं पूछी गई थी, लेकिन चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को ताक पर रखकर यह निर्णय लिया। पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने कहा कि भाजपा द्वारा लोकतंत्र पर किए गए इस प्रहार का कांग्रेस वैज्ञानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से प्रतिकार करेगी। वहीं पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान की मयार्दा का हनन कर पूरी व्यवस्था को अपने नियंत्रण में करना चाहती है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि सुश्री नटराजन के विरुद्ध ऐसा कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है जिस पर न्यायालय ने संज्ञान लिया हो, बल्कि संबंधित न्यायालय ने प्रकरण वापस कर दिया था। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने भी नामांकन निरस्त करने की पुष्टि नहीं की है बल्कि चुनाव याचिका की प्रक्रिया अपनाने का मत दिया है। इस दौरान पूर्व विधायक पुष्पा भारती, परशुराम सिसोदिया, सोमील नाहटा आदि उपस्थित थे।

## रामचरितमानस कथाः पुण्य आत्मा के प्रताप से पापी भी बचे रहते हैं – स्वामी सत्यव्रत चैतन्य

**मंदसौर।** केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरुषोत्तम (अधिक) मास के उपलक्ष्य में नर्मदा तट के पूज्य पाद स्वामी श्री सत्यव्रत चैतन्य द्वारा 1 जून से 15 जून तक प्रतिदिन रामचरितमानस कथा का वाचन किया जा रहा है। शनिवार को कथा के दौरान स्वामी जी ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब रावण को पता चला कि विभीषण उसकी जगह प्रभु श्री राम की आराधना कर रहे हैं, तो उसने विभीषण को लंका से निकाल दिया। विभीषण के निकलते ही लंका के पतन की शुरूआत हो गई, क्योंकि राक्षस कुल में जन्म लेने के बाद भी विभीषण परम भक्त थे और उनके पुण्य प्रताप के कारण ही लंका के पापी लोग अब तक सुरक्षित बचे हुए थे। शास्त्रों के अनुसार, भले ही किसी पापी का भला हो जाए, लेकिन पुण्यशाली व्यक्ति को कभी दुःख या अहित नहीं पहुँचना चाहिए। विभीषण निष्कासन के बाद असमंजस में थे, लेकिन विचार करने के बाद वे प्रभु श्री राम की शरण में पहुँचे, जहाँ भगवान ने उन्हें सहर्ष स्वीकार कर लंका का राजा बनाने का वचन दिया। यह प्रसंग सिखाता है कि जो भी सच्चे मन से भगवान की शरण में जाता है, प्रभु उसे अपना सानिध्य और आशीर्वाद अवश्य प्रदान करते हैं। इसके बाद, विभीषण की सलाह पर जब प्रभु श्री राम ने समुद्र से रास्ता देने के लिए तीन दिनों तक प्रार्थना की और समुद्र प्रकट नहीं हुआ, तब भगवान के क्रोधित होने पर समुद्र देव प्रकट हुए। उन्होंने प्रभु को उपाय बताते हुए कहा कि वानर सेना में शामिल नल और नील यदि श्री राम नाम लिखकर पत्थर समुद्र में फेंकेंगे, तो वे डूबने के बजाय तैरने लगेंगे। इस प्रकार, पत्थरों पर 'श्रीराम' लिखकर ऐतिहासिक रामसेतु का निर्माण किया गया।

# कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर की बेटियों ने निकाली जनजागरण रैली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर




गायत्री शक्तिपीठ मंदसौर में आयोजित निःशुल्क पाँच दिवसीय आवासीय कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत शिविर की कन्याओं द्वारा शहर में एक प्रेरणादायी जनजागरण रैली निकाली गई।

मुख्य ट्रस्टी सुषमा दीदी ने बताया कि निशा धनोतिया एवं पवन गुप्ता की कुशल टोली द्वारा इस शिविर का संचालन किया जा रहा है। इस रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में नारी जागरण, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशामुक्ति और संस्कारों का संदेश फैलाना था। रैली के दौरान कन्याएँ अनुशासित पंक्तियों में चलते हुए उत्साहपूर्वक च्च्हम बदलेंगे, युग बदलेगाज्ज और च्च्नारी शक्ति जागेगीज्ज जैसे प्रेरक नारों का उद्घोष कर रही थीं, जिसकी नगरवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना की।

शिविर के दौरान एक विशेष जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें सुश्री निशा दीदी ने कन्याओं को आधुनिक समय में सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों, भावनात्मक शोषण और संबंधों के प्रति सजग रहने की महत्वपूर्ण जानकारी दी। आलोट से पधारे शिवनारायण चौहान ने बेटियों को स्व-बोध कराते हुए अपनी लड़ाई खुद लड़ने की प्रेरणा दी। जिला समन्वयक जसवंत सिंह राठौर ने बताया कि शिविर की दिनचर्या उपासना, प्रज्ञायोग और सूर्य अर्घ्यदान से शुरू हुई, जिसके बाद व्यक्तित्व विकास, महिला सशक्तिकरण और जीवन प्रबंधन जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। उज्जैन उपजोन समिति के सदस्य ईश्वरलाल फरक्या ने कहा कि युगऋषि श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माताजी के विचारों से प्रेरित इस शिविर का उद्देश्य कन्याओं को आत्मनिर्भर और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित बनाना है।

## जीवन संजीवनी अभियान के अंतर्गत

# सीपीआर व प्राथमिक चिकित्सा के बारे में प्रोग्राम आयोजीत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच




जीवन संजीवनी अभियान के अंतर्गत नीमच सिटी के हॉटस्पॉट जवासा भादवा माता चौराहे पर सीपीआर और और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिला नीमच में वर्ष 2023 में 359 सडक दुर्घटना घटित होकर 101 व्यक्तियों की मृत्यु हुई, वर्ष 2024 में 368 सडक दुर्घटना घटित होकर 120 व्यक्तियों की मृत्यु हुई एवं वर्ष 2025 में 321 सडक दुर्घटना घटित होकर 117 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है ।

जिला नीमच में हो रही सडक दुघटनों एवं उनमें हो मृत्यु की संख्या को कम करने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा स्वंय गहन चिंतन किया कर नगर पुलिस अधीक्षक नीमच, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद एवं मनासा, थाना प्रभारी यातायात, टेक्नीकल सहायक ईडीएआर संचालक डीएमआर के साथ कई बार मिटींग आयोजित कर सडक दुर्घटनाओं को कम करने हेतु कारणों को विक्ष्लेषण किया गया। पुलिस अधीक्षक के स्वंय गहन चिंतन, नगर पुलिस अधीक्षक नीमच, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद एवं मनासा, थाना प्रभारी यातायात, टेक्नीकल सहायक ईडीएआर संचालक डीएमआर के टेक्नीकल सहयोग से जिले के 22 अत्यधिक सडक दुर्घटना संभावित स्थलों का चयन किया जाकर भौतिक निरीक्षण किया गया, दुर्घटनाओं को कम करने हेतु दुर्घटनाओं के संभावित कारणों का टेक्नीकल एवं भौतिक निरीक्षण के माध्यम से पता किया गया।

उक्त टेक्नीकल एवं भौतिक निरीक्षण के पश्चात श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिले में सडक दुर्घटओं को कम करने एवं सडक दुर्घटनाओं में घालयों को तुरंत सीपीआर व प्राथमिक उपचार मुहिया करवाने हेतु जिले में ज्जीवन संजीवनी अभियानज्ज प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। उक्त अभियान के तहत जिलें में चिन्हित 22 हॉट स्पाटों पर आस पास रहने वाले 50-50 लोगों को सीपीआर ट्रेनिंग, प्राथमिक उपचार हेतु एक डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जो दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को सीपीआर व प्राथमिक ईलाज तुरंत मुहिया करवा सके तथा पीड़ित की जान बचाई जा सके। जीवन संजीवनी अभियान एक क्यूआर कोड के माध्यम से संचालित होगा जिसमें कोई भी व्यक्ति गुगल के माध्यम से स्केन कर सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर सडक सुरक्षा मित्र बन पायेगा। गुगल फॉर्म के अंतर्गत व्यक्ति द्वारा घायल व्यक्ति की किस प्रकार मदद की आदि महत्वपूर्ण अपने सहयोग को भर पायेगा और वह जिले के सडक सुरक्षा मित्र के रूप में पहचाना जायेगा ।

*दिनांक 12 जून को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश व्यास व अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती हेमलता अग्रवाल के निर्देशन में च्च्जीवन संजीवनी अभियानच्च का आयोजन थाना नीमच सिटी हॉट स्पॉट ग्राम जवासा में किया गया। उक्त अभियान के दौरान चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश चौधरी और नर्सिंग ऑफिसर जाहिद अली द्वारा अभियान से जुडें लोगो को दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को सीपीआर व प्राथमिक ईलाज तुरंत मुहिया करवानें संबंधी लाईव प्रशिक्षण दिया गया।

न्यूज कालम



## पेयजल संकट से निपटने के लिए नपाध्यक्ष व सभापति ने किया निरीक्षण

**मंदसौर।** आगामी समय में शहर में जल संकट की स्थिति निर्मित न हो, इसे लेकर नगरपालिका परिषद मंदसौर लगातार मुस्तैद दिखाई दे रही है। इसी सिलसिले में नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं नपा जलकार्य सभापति निलेश जैन ने जलकार्य समिति के सदस्यों और नपा कर्मचारियों के साथ शिवना नदी के मोरवनी दोह का मौका मुआयना किया। अधिकारियों ने वहाँ संग्रहित पानी को नगरपालिका के जल स्त्रोतों तक पहुँचाने की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान नपा कर्मचारियों ने अवगत कराया कि मंदसौर नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर मोरवनी दोह पर 10-10 हॉर्स पावर की दो मोटरें लगाई गई हैं। इन मोटरों के माध्यम से पानी को पाइपलाइन द्वारा आजाद जलाशय की ओर शिफ्ट किया जा रहा है, जहाँ से इसे कालाभाटा जलाशय में स्टोर किया जा रहा है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि मानसून की देरी की स्थिति में भी मंदसौर नगर में पानी की किल्लत नहीं होने दी जाएगी और जलकार्य का अमला इसके लिए लगातार काम कर रहा है। जलकार्य सभापति निलेश जैन ने भी दोहराया कि नगरपालिका का मुख्य प्रयास नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराना है। इस दौरान समिति सदस्य गोवर्धन कुमावत, सुनीता गुजरिया, कमलेश सिसोदिया और राकेश भावसार सहित अन्य मौजूद थे।

## अन्नक्षेत्र जन कल्याण समिति को शर्मा परिवार द्वारा टू चैनल थैरेपी मशीन भेंट



**जावरा।** नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आर.एन. मंडवारिया एवं डॉक्टर अतुल मंडवारिया साहब की प्रेरणा से स्वर्गीय सार्थक शर्मा निकिता बंसीलाल शर्मा (धामनोद) की स्मृति में नाना नानी सुशीला चिंतामणि शर्मा विवेक शर्मा संयम शर्मा परिवार द्वारा अन्न क्षेत्र जन कल्याण समिति के सुभाष जैन को फिजियोथैरेपी हेतु 2 चैनल थैरेपी मशीन विथ टाइमर जन कल्याण हेतु अन्न क्षेत्र जनकल्याण समिति को भेंट की गई इस अवसर पर सुशीला मंडवारिया, सेवा निवृत शिक्षक मांगीलाल जेलवाल, किरण चोरडीया, मनोहर पांचाल, जयदीप सिंह डोडिया, गोपाल विदा की उपस्थिति रही ।

## 30 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा और एक मोटरसाइकिल जब्त



**नीमच।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जीरन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल तथा नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार शनिवार 13 जून 2026 को हर्कियाखाल पुलिस सहायता केंद्र के पास महू-नीमच रोड पर नाकाबंदी और वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-14 एमडी-5410 पर सवार एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम विनोद पिता कारूलाल बावरी राठौर (30 वर्ष) निवासी मनासा खुर्द, थाना मल्हारगढ़, जिला मंदसौर बताया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर बंधे काले रंग के प्लास्टिक कट्टे से 30 किलो ग्राम अवैध पीसा हुआ डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह मादक पदार्थ उसे नेपालसिंह निवासी सेमली मेवाड़ ने उपलब्ध कराया था।

## 15 दिवसीय डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरीज का शुभारंभ रक्तदान शिविर के साथ होगा

**नीमच।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नीमच द्वारा डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित 15 दिवसीय डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरीज का शुभारंभ शनिवार को रक्तदान शिविर के साथ होगा। शहर के चोरड़िया हॉस्पिटल स्थित डी-लाइफ ब्लड बैंक में सुबह 9.30 बजे से आयोजित इस शिविर में चिकित्सक स्वयं रक्तदान कर समाज को मानव सेवा और रक्तदान का संदेश देंगे।अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़िया ने बताया कि डॉक्टर्स डे के अवसर पर संस्था द्वारा 15 दिनों तक विभिन्न सामाजिक, स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी शुरूआत रक्तदान जैसे महादान से की जा रही है, ताकि जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और समाज में रक्तदान के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचे। सचिव डॉ. आदित्य भंडारी ने बताया कि रक्तदान किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जाने वाला सबसे बड़ा मानवीय योगदान है। इसी उद्देश्य से चिकित्सक स्वयं आगे आकर रक्तदान करेंगे, ताकि आमजन भी इस अभियान से प्रेरित होकर अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें।



## भागवत प्रवचन कथा का पूर्णाहुति, हवन शांति यज्ञ के साथ हुआ समापन

**सुसनेर।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर स्थानीय न्यायालय प्रांगण में स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सुसनेर छ दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा पर आधारित संगीतमय प्रवचन कथा का प्रवचनकर्ता पंडित वेदप्रकाश भट्ट महंत के द्वारा गुरुवार 11 जून को सातवें दिन पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के पावन अवसर पर आयोजित भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन का समापन वैदिक मंत्रोच्चार, पूर्ण आहुति और हवन-शांति यज्ञ के साथ हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया। प्रवचन कथा समाप्ति पर आयोजित पूणार्हुति हवन शांति में डॉक्टर गजानंद व्यास, राणा चितरंजनसिंह, ललित नागदीया, मांगीलाल शर्मा, विशाल अटल, दुगार्शंकर जाटव, राहुल चौहान, श्याम प्रजापत, घनश्याम शर्मा, दीपक सक्सेना, मदनलाल विश्वकर्मा, ललित पांडे, धर्मेंद्र चौहान, कौशल जैन, सुनील जैन कबाड़ी, कमलेश जैन कबाड़ी, विजयसिंह बगड़ावत, संजय जैन नायब नाजिर, पप्पू माली, मनोहरलाल पांडे, श्याम राठौर, राजेश श्रीवास्तव, रमेश शर्मा, देवकरण प्रजापत, शिव भाटी, ईश्वरसिंह, कन्हैया मेघवाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु भावसार आदि ने भाग लिया। वहीं बुधवार रात्रि की छठे दिवस की कथा में समाजसेवी द्वारकादास लड्ढा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर गजेन्द्रसिंह चंद्रावत, वरिष्ठ अभिभाषक रूपनारायण श्रीवास्तव एवं विजयसिंह बगड़ावत, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, किशोर बांगड़, मुकेश वर्मा, गिरिराज पाटीदार एवं मनोज सोनी आदि ने प्रवचन में उपस्थित होकर कथावाचक पंडित वेदप्रकाश भट्ट महंत का सम्मान किया एवं महाआरती में भाग लिया। गुरुवार को पूणार्हुति, हवन शांति यज्ञ के बाद महाआरती हुई उसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लेकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

## एकादशी पर श्री व्यंकटेश लक्ष्मी नारायण मंदिर में की गई विशेष पूजा-अर्चना



**सुसनेर।** एकादशी पर्व के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर स्थित श्री व्यंकटेश लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान का आकर्षक एवं भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। मंदिर के पुजारी गौरव शर्मा द्वारा विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न कराई गई। इस दौरान भगवान श्री लक्ष्मी नारायण के मनोहारी स्वरुप के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। आरती के पश्चात भक्तों ने भगवान से परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। एकादशी के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भगवन बिरसा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**महिदपुर।** नारायणा रोड़ स्थित डॉक्टर बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन पर बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति ओर अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा भगवन बिरसा जी कि पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कि गई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता डोमा परिसंघ के महासचिव जे के मालवीय द्वारा की गई और संचालन समिति के सहसचिव अनिल दावरे द्वारा किया गया। अनेक सामाजिक कार्यकताओं द्वारा भगवन बिरसा जी के व्यक्तिव पर प्रकाश डाला गया और उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित समाजजन आशाराम गेहलोत, बी एल मालवीय, नंदराम सोलंकी, नागजी परिहार, रामचन्द्र, जोकचंद, गंगाराम कलेशिया, बालूसिंह वर्मा, नागजी राठी, नरेंद्र परमार, यशराज परमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार समिति के उपाध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी द्वारा माना गया।

## तहसील टप्पा कार्यालय पर शैफाली जैन नई नायब तहसील दार बनी

**इंगोरिया।** उप तहसील ( टप्पा कार्यालय ) इंगोरिया पर शुक्रवार को शैफाली जैन ने नायब तहसीलदार का कार्य भार संभाल लिया है। यहां पदस्थ नायब तहसीलदार प्रियंका जैन का गत दिनों तहसील कार्यालय झारड़ा पर प्रभारी तहसीलदार के पद पर तबादला कर दिया गया था। शैफाली जैन राजस्व विभाग उज्जैन से स्थानांतरित होकर इंगोरिया पदस्थ हुई है। अब इंगोरिया उप तहसील के इस कार्यालय में रीडर से लेकर सभी बाबू बदल दिए गए हैं।

## श्रीमती पटेल का निधन



**जगोटी।** आंजना समाज के वरिष्ठ देवीसिंह काका पटेल (बावड़ी वाले) की धर्म पत्नी कांता बाई 70 का बीमारी के पश्चात निधन हो गया, गुरुवार को उनके आवास से निकली अंतिम यात्रा में क्षेत्र के ग्रामीणों व समाजजनों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि दी। मुखाग्नि पुत्र भगवान सिंह व महेश पटेल ने दी।

### सारंगपुर में पेंशनरों का फूटा गुस्सा : खोला मोर्चा

# छः सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

प्रदेश के 5 लाख पेंशनर्स की न्यायोचित और लंबे समय से लंबित 6सूत्रीय मांगों के समर्थन में अब पेंशनर संघ ने मोर्चा खोल दिया है। मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर द्वारा स्थानीय साईं मंदिर परिसर में एक बैठक और धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसके बाद वरिष्ठ नागरिकों ने एक व्यापक रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।




**अनुशासन के साथ निकाली रैली**

धरना प्रदर्शन के बाद आयोजित रैली का नेतृत्व प्रांतीय सचिव व शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पेंशनर मणि शंकर पाटीदार ने की। रैली के दौरान पेंशनरों ने पूरी गरिमा और अनुशासन का परिचय देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठाई। इस दौरान हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते, पेंशनरों के साथ भेदभाव बंद करो और धारा 49(6) धोखा है जैसे नारे गुंजायमान रहे।

**भोपाल में होगा जंगी प्रदर्शन**

एसोसिएशन ने साफ कर दिया है कि यह आंदोलन अभी थमेगा नहीं। यदि सरकार ने समय रहते मांगें पूरी नहीं कीं, तो आंदोलन दो और चरणों में आगे बढेगा। संघ ने बताया कि ३० जून को जिला स्तर पर प्रदर्शन होगा, जबकि २२ जुलाई को भोपाल में प्रदेश स्तरीय जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। संघ के बीएल मालवीय ने कहा कि हमने शासकीय सेवा के दौरान पूर्ण कर्तव्य परायणता और अनुशासन के साथ कार्य किया है। इसलिए इस आंदोलन में भी हम अमर्यादित नारों से बचकर एक अच्छे और वरिष्ठ नागरिक होने का परिचय दे रहे हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार हमारी मांगों पर सकारात्मक विचार करेगी। रैली के समापन के पश्चात बैठक स्थल पर एक शोक सभा का भी आयोजन किया गया। इसमें विष्णु प्रसाद जोशी की दिवंगत धर्मपत्नी को २ मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन पंडित सत्यनारायण शर्मा ने किया और मुख्य सचिव नंदकिशोर सोनी ने भी धरना प्रदर्शन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अंत में सह सचिव भेरूलाल मालवीय ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रेम शंकर पांडे, कृष्णकांत शर्मा, दिनेश पाठक, शिवनारायण मालवीय, प्रदीप शर्मा, नंदकिशोर पुष्पद, रामकिशन पुष्पद, कैलाश नारायण शर्मा, शिक्षक शिवनारायण मालवीय, मुमताज खान, हरीश शर्मा, अर्जुन बातरै, रामेंद्र बेस, रामबचन सिंह कुशवाह, दिनेश विजयवर्गीय, दिनेश चौहान, गंगाराम सिरोलिया, अर्जुन मंडले, गिरिराज गुप्ता सहित महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष करुणा सक्सेना, आशा दुबे और मोटवानी मैडम सहित बडी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित थे।

### बड़ौद से लापता नाबालिग लड़की गुजरात में मिली

# युवक अपहरण के आरोप में गिरफ्तार, कोर्ट ने जेल भेजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़ौद

आगर मालवा जिले के बड़ौद थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग लड़की गुजरात के राजकोट शहर में मिली है। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गुरुवार रात लड़की को पुलिस साथ ले आई है।



बड़ौद थाना प्रभारी रूप सिंह बैस ने बताया कि 8 जून 2026 को एक नाबालिग लड़की के घर से अचानक लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजन ने शिकायत में महिदपुर के रहने वाले रोहित सूर्यवंशी पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का शक जताया था। इस आधार पर पुलिस ने तुरंत अपहरण का केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया।

**राजकोट में मिली लोकेशन**

नाबालिग का सुराग लगाने के लिए पुलिस की एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी सबूतों (साइबर सेल) की मदद ली और मुखबिरों को सक्रिय किया। जांच के दौरान पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली कि आरोपी लड़की को लेकर गुजरात के राजकोट शहर में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही बड़ौद पुलिस की टीम राजकोट पहुंची और नाबालिग को सुरक्षित छुड़ा लिया। इसके साथ ही संदेही रोहित (पिता तूफानसिंह सूर्यवंशी, निवासी महिदपुर) को भी हिरासत में ले लिया गया।

**आरोपी भेजा गया जेल**

पुलिस पूछताछ में जुर्म कबूलने के बाद आरोपी रोहित सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सीएसपी मोतीलाल कुशवाहा ने बताया कि लापता और अपहरण किए गए बच्चों को सुरक्षित ढूंढ निकालना पुलिस की पहली प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में बिना देरी किए त्वरित एक्शन लिया जा रहा है।

### घर के बाहर फायरिंग करने वाले पकड़ाए

## कानवन में दूसरे को जमीन बेचने पर नाराज थे, पिस्टल और कार जब्त

**बदनावर।** बदनावर में कानवन पुलिस ने ग्राम कुसावदा में एक व्यक्ति के घर के बाहर हवाई फायरिंग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह पूरी घटना जमीनी विवाद और पैसों के लेन-देन को लेकर हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल और एक स्विफ्ट कार जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम कुसावदा के रहने वाले नाहरू पटेल (35) ने 9 जून की रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि दो अनजान लोगों ने उन्हें डराने के लिए उनके घर के बाहर गोली चलाई थी। इस मामले में कानवन पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार बारिया ने बताया कि जांच के दौरान पीड़ित के शक और मुखबिर से मिली खबर के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने शरदचन्द्र शर्मा (35) निवासी हटवाड़ा डाबरी और चिराग पाटीदार (34) निवासी लबरावदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि नाहरू पटेल ने उन्हें कुशावदा में मौजूद दो बीघा जमीन बेचने का भरोसा दिया था। हालांकि, बाद में नाहरू ने वह जमीन किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दी। इसी बात से गुस्सा होकर दोनों आरोपियों ने नाहरू के घर के बाहर देसी पिस्टल से फायरिंग की थी।

### गोकुल सिंह हत्याकांड:

## दो आरोपियों को उम्रकैद, उधारी मांगने पर आग में झोंककर की थी हत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर जिले के बहुचर्चित गोकुल सिंह हत्याकांड में प्रथम सत्र न्यायालय ने शुक्रवार को दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला प्रथम सत्र न्यायाधीश नीतिराज सिंह सिसोदिया ने सुनाया।

न्यायालय ने ग्राम उमरपुर, थाना आगर निवासी कमल पिता भेरूसिंह यादव (37) और लालू पिता भग्गा (62) को हत्या का दोषी पाया। दोनों पर उम्रकैद के साथ 5-5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक यशराज परमार ने बताया कि 9 जनवरी 2019 की रात दोनों आरोपी गोकुल सिंह को पार्टी करने के बहाने खेत पर ले गए थे। वहां करीब 1 लाख 20 हजार रुपए के उधार को लेकर उनके बीच विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने 9 और 10 जनवरी 2019 की मध्यरात्रि में गोकुल सिंह को जलते हुए अलाव में डालकर उसकी हत्या कर दी। घटना के अगले दिन 10 जनवरी 2019 को मृतक के पुत्र ने आगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना की और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त लोक अभियोजक यशराज परमार ने प्रभावी पैरवी की। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए यह फैसला सुनाया।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनांतर्गत चयनित दर्शनार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत वैष्णौदेवी यात्रा हेतु प्राप्त आवेदनों का जिला कार्यालय उज्जैन द्वारा लॉटरी माध्यम से बड़नगर नगरीय क्षेत्र के 27 यात्रियों का चयन किया गया था। वैष्णौदेवी यात्रा के लिए चयनित तीर्थ यात्रियों द्वारा यात्रा पर जाने के लिए अपनी सहमती प्रदान किये जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, पार्षद प्रतिनिधी लालबहादुर बादशाह, शांतिलाल गोखरू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एम.आर.निंगवाल, पायल सोनी समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी एवं नगर पालिका अधिकारी/कर्मचारी द्वारा नगर पालिका कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में पुष्पमाला एवं शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया, उपस्थित अतिथियों द्वारा तीर्थ यात्रियों को सफल यात्रा हेतु मंगलकामना की गई एवं तीर्थ यात्रा के सबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के अब तक वर्ष 2022 से आज तक 373 तीर्थ यात्रियों द्वारा योजना का लाभ प्राप्त किया गया है। जानकारी हेमंत सोनी प्रभारी तीर्थ दर्शन योजना द्वारा प्रदान की गई।

### हरित क्रांति का संकल्प:

# प्रधानमंत्री के गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया पौधारोपण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण के सफल १२ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका कार्यालय परिसर में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप राठौर सहित नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। सभी ने मिलकर स्वच्छता, पर्यावरण एवं हरित क्रांति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का द्दढ संकल्प लिया।



**पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प**

इस विशेष अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं था, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरियाली के प्रति गहरी जागरूकता पैदा करना भी रहा। कार्यक्रम के दौरान परिसर में विभिन्ना प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे रोपे गए। इसके साथ ही उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने केवल पौधे लगाने की औपचारिकता न निभाते हुए, उनके बडे होने तक निरंतर देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली।

**आने वाली पीढियों के लिए जरूरी**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप राठौर ने कहा कि वर्तमान समय में बढते प्रदूषण, गहराते जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए वृक्षारोपण आज की सबसे बडी आवश्यकता बन गया है। वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि आने वाली पीढियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का एकमात्र आधार हैं। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण और हरित विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित राजस्व प्रभारी सूर्यप्रकाश सिंह झाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संचालित विभिन्ना जनकल्याणकारी योजनाओं और स्वच्छता अभियानों ने समाज में एक बडा सकारात्मक बदलाव लाया है। इसी भावना को आगे बढाते हुए नगर पालिका परिवार ने सामूहिक रूप से शहर में हरियाली बढाने और स्वच्छ वातावरण निर्मित करने का संकल्प दोहराया है। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं, जल का अपव्यय रोकें तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, ताकि आने वाली पीढियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। इस गरिमामय पर्यावरण अभियान के अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका के जल प्रभारी राजकुमार गिरजे, योजना प्रभारी रशीद मेव, अकाउंट प्रमुख आनंद शर्मा, राजू पुष्पद, समंदर सिंह, राजेश पुष्पद सहित सभी शाखाओं के अधिकारी और कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जून तक लगेगा जनकल्याण शिविर, हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**महिदपुर।** शासन के निदेर्शानुसार विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद महिदपुर द्वारा दिनांक 15, 16 एवं 17 जून 2026 को नगरपालिका कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। शिविर से पूर्व वार्ड प्रभारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं द्वारा वार्डों में भ्रमण कर पात्र किंतु वंचित हितग्राहियों को चिन्हित करने की कार्यवाही की जा रही है। शिविर में केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख हितग्राही मूलक योजनाओं के पंजीयन एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने जनकल्याण शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन तक जानकारी पहुंचाने की अपील की।

## ऋषभ जैन आकाशवाणी पर 16 को

**महिदपुर।** नगर के वरिष्ठ मालवी कवि ऋषभ जैन की



काव्य रचनाओं का प्रसारण दिनांक 16/06/26 मंगलवार को सायं 7.21 से 8.00 बजे के मध्य खेती गृहस्थी कार्यक्रम के अंतर्गत होगा। उल्लेखनीय है कि इनकी रचनाओं का प्रसारण पूर्व में भी आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर होता रहा है। इष्टमित्रों, साहित्यकारों, कवियों ने इस उपलब्धि पर श्री जैन को बधाई दी है।

## अब निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को भी सांदीपनि विद्यालयों में मिलेगा प्रवेश




**सारंगपुर।** सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश को लेकर प्रदेश शासन ने बडा फैसला लिया है। अब तक यहां मुख्य रूप से शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रवेश मिलता था। नए निदेर्शों के बाद निजी स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थी भी सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश मेरिट और प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। लोक शिक्षण संचालनालय के निदेर्शों के अनुसार सत्र 2026-27 में सांदीपनि विद्यालयों की रिक्त सीटों पर शासकीय और निजी, दोनों तरह के विद्यार्थियों को मौका मिलेगा। इससे बेहतर शैक्षणिक माहौल चाहने वाले अभिभावकों और विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। यहां सामान्य सरकारी स्कूलों की तुलना में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, खेल सुविधाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराया जाता है। अब तक योजना का प्रमुख उद्देश्य आसपास के शासकीय विद्यालयों का समेकन कर विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देना था।

## ग्रामीणों तक पहुंचाई जन-कल्याणकारी योजनाएं- राज्यमंत्री



**सारंगपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल ने क्षेत्र के विभिन्ना ग्रामीण अंचलों का सघन दौरा कर आमजन से संवाद किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई। अभियान के दौरान मंत्री टेटवाल ने भैंसवा माता, टूटीयाहेडी, अरन्या माताजी, धामन्दा, खुजनेर, संडावता, भ्याना, लीमाचौहान, पाडल्यामाता, बिलोदा पाल, सुल्तानिया, उदनखेडी, आसारेटा, मऊ, पडाना और टिकोद सहित अनेक गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विकास कार्यों को लेकर सुझाव प्राप्त किए।

## फरार आरोपी पर एसपी ने घोषित किया 10 हजार रुपये का इनाम


**सुसनेर।** पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने थाना सुसनेर के एक प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार अपराध क्रमांक 183/2026 में बीएनएस की धारा 109(1), 115(2) एवं 309(बी) के तहत दर्ज मामले में आरोपी गोविंद पिता राजेश शर्मा निवासी लोंगड़ी, थाना सुसनेर, लंबे समय से फरार है। आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसपी द्वारा इनाम उद्घोषणा जारी की गई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आरोपी के संबंध में कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा उसे 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

# मौनी रॉय बोलीं- सबसे अजीब अफवाह थी मैं गे हूं

## सेक्शुअलिटी की अटकलों पर तोड़ी चुप्पी, मुश्किल समय में दोस्तों के सपोर्ट का किया जिक्र

एक्ट्रेस मौनी रॉय ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी सोशल मीडिया चचाओं और अफवाहों पर खुलकर बात की। मोनिका शर्मा के डिजिटल टॉक शो में उनसे पूछा गया कि बॉलीवुड में आने के बाद उन्होंने अपने बारे में सबसे अजीब अफवाह कौन-सी सुनी। इस पर मौनी ने जवाब दिया, यह कि मैं गे हूं। मौनी ने इस सवाल का जवाब हल्के अंदाज में दिया और साफ किया कि वह ऐसी अटकलों को गंभीरता से नहीं लेतीं। पिछले कुछ समय से उनकी निजी जिंदगी चर्चा में रही है और सोशल मीडिया पर उनके रिश्तों व दोस्ती को लेकर कई तरह के अनुमान लगाए जाते रहे हैं।






मौनी ने कहा कि उनके अच्छे-बुरे और मुश्किल दौर में करीबी महिला दोस्तों ने हमेशा साथ दिया। उनके मुताबिक मजबूत दोस्ती और सपोर्ट सिस्टम किसी भी इंसान को मुश्किल समय से बाहर आने में मदद करता है। एक्ट्रेस ने युवा महिलाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और भावनात्मक रूप से मजबूत बनना चाहिए। उनके मुताबिक आत्मनिर्भरता सिर्फ करियर नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती से भी जुड़ी होती है।

मौनी ने कहा कि लोगों की राय और सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन सबसे जरूरी खुद को समझना और अपने फैसलों पर भरोसा रखना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मजबूत सपोर्ट सिस्टम बनाना चाहिए और अपनी पहचान किसी बाहरी धारणा से तय नहीं होने देनी चाहिए। मौनी का यह बयान सोशल मीडिया पर चर्चा में है और लोग उनकी बेबाकी व आत्मनिर्भरता के संदेश पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### मुश्किल घड़ी में परिवार और दोस्तों ने दिया साथ

सूरज नांबियार से अलग होने के बाद के इस कठिन दौर का जिक्र करते हुए मौनी ने बताया कि वह खुद को बेहद खुशकिस्मत मानती हैं क्योंकि उनके पास एक बेहद मजबूत सपोर्ट सिस्टम है. एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं बहुत लकी महसूस करती हूं कि मेरे पास हमेशा से ऐसे दोस्त और परिवार के लोग रहे हैं, जो हर परिस्थिति में एक मजबूत चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे हैं.' अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए 40 साल की इस एक्ट्रेस ने मुश्किल समय में अपनी महिला दोस्तों से मिली मदद की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा, 'मेरी जिंदगी में हमेशा मेरा साथ देने के लिए बहुत अच्छी लड़कियां दोस्त रही हैं. वे मेरे अच्छे, बुरे और हर मुश्किल दौर में साए की तरह मेरे साथ खड़ी रही हैं. जीवन में ऐसी महिलाओं का होना बहुत जरूरी है, जो आपको आगे बढ़ने की हिम्मत और हौसला दें.

# अनिल कपूर बोले- इनकी डिग्री का क्या आचार डालूं



अनिल कपूर ने बिग बॉस 3 होस्ट करने के बाद अब एक नए रियलिटी शो इंडिया के टॉप 1% का ऐलान किया है। मेकर्स ने हाल ही में इसका प्रोमो जारी किया है, जिसमें अनिल कपूर अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं।

प्रोमो में अनिल कपूर एक मीटिंग से बाहर निकलते हैं और टाई ढीली करते हुए कहते हैं, किसी भी मीटिंग से निकलो तो दिमाग का शॉट हो जाता है। कोई हार्वर्ड से, कोई हावड़ा से है। इनकी डिग्री का क्या आचार डालूं? सिंपल सा सवाल पूछो तो रट्टू तोते की तरह किताब में घुस जाते हैं।

इसके बाद अनिल कपूर एक व्यक्ति को उनका वीडियो रिकॉर्ड करते हुए देखते हैं और उस पर नाराज होते हैं। फिर वह कहते हैं कि ऐसा शो बनाया जाएगा जहां सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि दिमाग चलेगा और कोई भी योग्य व्यक्ति भारत के टॉप 1% में शामिल हो सकता है।

इंडिया के टॉप 1%का प्रीमियर स्टार प्लस और जियो हॉटस्टार पर किया जाएगा। हालांकि, शो की रिलीज डेट का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

प्रोमो के लास्ट में अनिल कपूर अपने गाने माई नेम इज लखन पर डांस करते नजर आते हैं। इस दौरान एक व्यक्ति उनसे कहता है, सर, आधार कार्ड में तो अनिल कपूर नाम है। इस पर अनिल कपूर जवाब देते हैं, ज्यादा फ्री मत बन, कल मुझसे मिल।

## सलमान खान ही बिग बॉस 20 होस्ट करेंगे

रियलिटी शो बिग बॉस के 20वें सीजन के लिए सलमान खान होस्ट के रूप में वापसी करेंगे। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वह 21 सितंबर से नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इससे पहले सलमान खान डायरेक्टर वामसी पेडिपल्ली की आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म की शूटिंग का बड़ा हिस्सा पूरा करने की तैयारी में हैं। इस फिल्म में नयनतारा भी नजर आएंगी। सूत्र के मुताबिक, एक्टर की टीम उनकी शूटिंग और शो के शेड्यूल को कोऑर्डिनेट करने में बिजी है। बिग बॉस 20 के लिए शॉर्टलिस्टिंग और ऑडिशन जल्द शुरू होने की उम्मीद है। सूत्र का कहना है कि शो के मेकर्स ने कई जाने-माने टीवी पर्सनैलिटीज से संपर्क किया है और शुरूआती बातचीत चल रही है। रियलिटी शो के कुछ कंटेस्टेंट्स को नए सीजन के लिए भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।



13.27 सेकेंड में 110 मीटर रेस पूरी की, कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया

# तेजसने हर्डल रेस में नेशनल रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय एथलीट तेजस शिर्से ने हर्डल रेस में नया रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने शनिवार को 110 मीटर की रेस 13.27 सेकेंड में पूरी की। तेजस ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने मई 2024 में फिनलैंड के जैवस्किला में मोटोनेट जीपी मीट में 13.41 सेकेंड का रिकॉर्ड बनाया था।

तेजस ने पंजाब के लुधियाना स्थित गुरु नानक स्टेडियम में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-9 में यह रिकॉर्ड बनाया। वे इस टूनामेंट में रिलायंस फाउंडेशन को रिप्रेजेंट कर रहे थे।

तेजस ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई कर लिया। उनका निर्धारित क्वालिफिकेशन मार्क 13.39 सेकेंड से बेहतर रहा। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का आयोजन 23 जुलाई से 2 अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होगा। तेजस चोट के कारण कुछ समय ट्रैक से दूर रहे थे। इसके बाद उन्होंने रांची में हुए फेडरेशन कप 2026 में गोल्ड मेडल जीता था।




तेजस ने 13.27 सेकेंड का समय निकालकर एशिया का छठा बेस्ट प्रदर्शन भी दर्ज किया। यदि उनका चयन भारतीय टीम में होता है तो वह 2014 में सिद्धार्थ थिंगालाया के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लेने वाले पहले भारतीय मेंस 110 मीटर हर्डलर बन जाएंगे।

### रेस-बी में तेजस का दबदबा

110 मीटर हर्डल्स रेस-बी में तेजस ने शुरूआत से ही बढ़त बना ली थी। कृष्णिक एम ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंतिम हर्डल से टकराने के बावजूद तेजस ने 13.27 सेकेंड में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। कृष्णिक एम 13.55 सेकेंड के साथ दूसरे और राजस्थान के माधवेंद्र सिंह 14.00 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। दिल्ली के हरमनजीत सिंह 14.42 सेकेंड के साथ चौथे स्थान पर रहे। हरियाणा के शिवदर्शन ने 14.65 सेकेंड का समय निकालकर पांचवां स्थान हासिल किया। एयर फोर्स के तरनदीप सिंह भाटी 15.01 सेकेंड के साथ छठे और ऑल इंडिया पुलिस के सचिन कुमार 15.48 सेकेंड के साथ सातवें स्थान पर रहे।

### रेस-ए में पंकज पाल साहू विजेता

रेस-ए में पंजाब के पंकज पाल साहू ने 14.65 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। दिल्ली के शुभम रावत 14.77 सेकेंड के साथ दूसरे और बलराम शर्मा 14.85 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। राजस्थान के मुकुल 15.23 सेकेंड के साथ चौथे और उत्तर प्रदेश के शिवम सिंह 16.91 सेकेंड के साथ पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में नेशनल रिकॉर्ड बनाने वाले मोहम्मद अफसल कॉमनवेल्थ गेम्स का क्वालिफिकेशन मार्क हासिल नहीं कर सके।

## बांग्लादेशी क्रिकेटर को पुलिस ने सड़क पर पीटा, गला पकड़कर गाड़ी में बैठाया

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश टेस्ट टीम के स्पिनर नईम हसन ने चटगांव पुलिस पर मारपीट और गाली देने के आरोप लगाए हैं। नईम का दावा है कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें गला पकड़कर गाड़ी में बैठाया और फिर डंटे से पीटा। 26 साल के क्रिकेटर ने कहा- मैंने अधिकारियों को अपने नेशनल क्रिकेटर होने की बात भी बताई, लेकिन वे नहीं रुके।

नईम ढाका प्रीमियर लीग में प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद 12 जून की रात फ्लाइट से चटगांव पहुंचे थे। वे रात 11:25 बजे उठॠ ऑटो से घर लौट रहे थे, तब लंकन बाजार फ्लाईओवर के नीचे पुलिस ने उनका वाहन रोक लिया और मारपीट की। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार तीन अधिकारियों को हटा दिया गया है। नईम जिम्बाब्वे के खिलाफ इकलौटे टेस्ट के लिए बांग्लादेश के टेस्ट टीम में चुने गए हैं।

चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर अमीरुल इस्लाम ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि और पेशेवर आचरण से जुड़े मामलों में विभाग की जीरो टॉलरेंस नीति है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने घटना पर चिंता जताई है। बोर्ड ने इस मामले को बेहद गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



## सिंधु ऑस्ट्रेलियन ओपन का सेमीफाइनल हारी

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में सफर समाप्त हो गया है। महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में सिंधु को जापान की वर्ल्ड नंबर-3 अकाने यामागुची के हाथों सीधे गेमों में 20-22, 12-22 से करारी हार झेलनी पड़ी। पहले गेम में कड़ी टक्कर देने के बाद सिंधु दूसरे गेम में पूरी तरह अपनी लय खो बैठीं और मुकाबला गंवा दिया। इस जीत के साथ ही टॉप सीड अकाने यामागुची ने बीडब्ल्यूएफ (इहऋ) टूर पर लगातार अपने चौथे फाइनल में जगह बना ली है। वहीं पिछले दो साल से खराब फॉर्म और चोट से जूझने के बाद वापसी की कोशिशों में जुटीं सिंधु का इस साल का पहला खिताब जीतने का सपना एक बार फिर टूट गया।

## विमेंस टी-20 वर्ल्डकप- मेजबान इंग्लैंड की जीत से शुरूआत

**नई दिल्ली।** मेजबान इंग्लैंड ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरूआत जीत से की है। उसने शुक्रवार रात को ओपनिंग मैच में श्रीलंका को 87 रनों से हराया। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 219 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 10 विकेट पर 132 रन ही बना सकी। 21 साल की फ्रेया केम्प ने अपने टी-20 वर्ल्ड कप डेब्यू मैच में 4 विकेट झटके। इंग्लिश ओपनर डैनी वायट-हॉज को शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

प्रवेश प्रारंभ
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
अफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

आवश्यकता है
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए-
2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9893713817

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### मल्टी के नीचे हार्डवेयर दुकान में लगी आग, मल्टी से सड़क पर उतरे परिवार



**इंदौर।** वीर सावरकर नगर स्थित माया भवन मल्टी के नीचे एक हार्डवेयर दुकान में शनिवार को अचानक आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मल्टी में रहने वाले लोग तुरंत नीचे उतर आए। स्थानीय लोगों ने शुरूआती स्तर पर आग बुझाने की कोशिश करते हुए केनों से पानी डालना शुरू किया। इसी दौरान क्षेत्रीय पार्षद भी मौके पर पहुंचे और पानी का टैंकर बुलाया गया। घटना की सूचना मिलने पर इंदौर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने करीब 20 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक आग हार्डवेयर दुकान में लगी थी। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। मल्टी में रहने वाले सुभाष चौधरी ने बताया कि जैसे ही दुकान में आग लगने की जानकारी मिली, तो बिल्डिंग में रहने वाले लोग रोड पर उतर आए। इस दौरान धुएं का गुब्बार ऊपरी मंजिल तक पहुंच गया था। इधर, आग लगते ही आसपास के लोगों ने केनों से पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। चौधरी ने बताया कि मल्टी में 5 से 6 फ्लैट है, यहां के सभी लोग वक्त रहते नीचे आ गए थे। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद प्रशांत बडवे भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत यहां पर पानी का टैंकर भी बुलवा लिया। हालांकि लोग पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं और दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कवायद शुरू कर दी थी। इधर, पार्षद ने फ्लैटों में लोग तो नहीं हैं ये चेक किया। बताया जा रहा है कि आग शुभम इंटरप्राइजेंस में लगी थी। ये दुकान जी प्लस थ्री बिल्डिंग में नीचे बनी है, जो किराए से है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक हार्डवेयर की दुकान शिवम त्यागी के नाम से है। आग के कारण दुकान में पीवीसी फिटिंग का सामान, पेंट-थिनर, हार्डवेयर का सामान और फर्नीचर जला है। वहीं आग की लपटों के कारण ऊपरी मंजिल पर माया पति सुभाष के फ्लैट में पर्दे, पलंग और एलईडी टीवी जला है।

### 105 ग्राम ब्राउन शुगर मामले में दो साल से फरार चल रहा तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने दो साल से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। शुक्रवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। क्राइम ब्रांच के मुताबिक 7 नवंबर 2024 को भंडारी ब्रिज के पास एमआर-4 रोड पर कार्रवाई करते हुए शादाब खान को 105.16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान मामले में सह आरोपी इमरान पिता शमशेर साकरिया निवासी प्रतापगढ़ का नाम सामने आया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि फरार आरोपी इमरान साकरिया पटेल प्रतिमा चौराहे के पास नीली जींस और नीली चौकड़ीदार शर्ट पहनकर घूम रहा है और भागने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने पटेल प्रतिमा चौराहे से मधुमिलन की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसकी विधिवत गिरफ्तारी कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ पहले से तीन एनडीपीएस एक्ट और एक मारपीट का मामला दर्ज बताया गया है।

### 30 लाख की लूट मामले में पुलिस ने खंगाले कैमरे, आरोपी सेंट्रल कोतवाली इलाके में भी दिखे

**इंदौर।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में स्क्रैप व्यापारी से 30 लाख रुपए की लूट के मामले में शुक्रवार को भी पुलिस जांच में जुटी रही। करीब 25 से अधिक पुलिस जवानों की टीम ने शहर के कई बाजारों और रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में सामने आया है कि बदमाश वारदात से करीब एक घंटे पहले से ही व्यापारी की रैकी कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक निहालपुरा निवासी स्क्रैप व्यापारी मनय उर्फ मुकेश अग्रवाल के साथ नकली पुलिसकर्मी बनकर बदमाशों ने लूट की वारदात की थी। आरोपी उन्हें अपने साथ ले गए और रास्ते में रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए। जांच में पता चला है कि बदमाश गाड़ी अड्डा इलाके से ही व्यापारी के पीछे लग गए थे। यहीं से व्यापारी ने सबसे पहले पेमेंट लिया था। इसके बाद आरोपी लगातार उनका पीछा करते रहे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस को आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र में भी दिखाई दिए हैं। पुलिस को पहले से ही आशंका थी कि पूरी वारदात रेकी के बाद अंजाम दी गई है। अब जांच में यह बात लगभग स्पष्ट हो गई है कि आरोपी व्यापारी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए थे। इस मामले में पुलिस को व्यापारी के साथ काम करने वाले कुछ लोगों पर भी शक है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस अधिकारियों तक दो संदिग्ध बदमाशों के नाम पहुंच चुके हैं और उनकी जल्द गिरफ्तारी हो सकती है। देर रात तक पुलिस की एक टीम गाड़ी अड्डा और जूनी इंदौर इलाके में आरोपियों की तलाश करती रही।

### 17 वर्षीय छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया

**इंदौर।** पीथमपुर के रहने वाले एक 17 वर्षीय छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर जांच संबंधित थाने को भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम हिमांशु सिंह राठौर पिता दीपसिंह राठौर निवासी पीथमपुर है। वह 10वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुका था और पीथमपुर के एक निजी स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को हिमांशु अपनी मां से दोस्तों के साथ देवास और उज्जैन घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था। मां ने उसे घर पर मेहमान आने का हवाला देकर जाने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना। मां ने दोस्तों के मोबाइल नंबर व्हाट्सऐप पर भेजने के लिए कहा, जिस पर हिमांशु ने बाद में भेजने की बात कही और घर से निकल गया। शाम करीब 6 बजे हिमांशु के एक दोस्त ने परिजनों को फोन कर बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर राजेंद्र नगर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शनिवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि छात्र ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 13 से 15 जून तक अंजनी नगर में भव्य वेदी प्रतिष्ठा व जिनबिम्ब स्थापना महोत्सव

**इंदौर।** श्री दिगम्बर जैन 1008 पंचबालायति जिनालय, अंजनी नगर इंदौर में 13 जून शनिवार से 15 जून सोमवार तक तीन दिवसीयभव्य वेदी प्रतिष्ठा, कलशारोहण एवं जिनबिम्ब स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस महोत्सव में आशीर्वाद प्रदाता श्रंमण संस्कृति के महामहिम संत आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज, परम पूज्य आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी महाराज का आशीर्वाद एवं आयोजन में परम सानिध्य प्रदाता श्रुत संवेगी महाश्रमण पूज्य मुनि आदित्य सागर महाराज ससघ का पावन सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। राजेश जैन खाकरोड ने बताया कि जिनालय में स्वर्ण कार्य का सौभाग्य एवं नुतन दो भव्य वेदी जी एवं शिखर कलश पर स्वर्ण कार्य कराने का पुण्य अवसर धर्म निष्ठ श्रावक दिनेश-पंकज पाटोदी परिवार को प्राप्त हुआ।

**द्रव्य प्रदाता परिवार** : विमलाबाई पाटोदी (दादी), दिनेश-पंकज, देवेंद्र-नीना, सीए विनम-अंशु, गौरव-बरखा पाटोदी, नयन, निवांश, कियांश पाटोदी (सुमठा वाला) परिवार को परम सौभाग्य प्राप्त हुआ।

---

इंदौर में छात्राओं ने हॉस्टल मेस के खाने में कीड़े-मकोड़े निकलने का आरोप लगने पर मेस को तत्काल बंद कराया

# दूषित खाने से एक सप्ताह में 10 से 15 छात्राएं बीमार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





साउथ तुकोगंज स्थित मधुर गर्ल्स हॉस्टल में दूषित खाने को लेकर परिजनों ने विरोध जताया है। हॉस्टल में रहने वाली 10 से 15 छात्राओं की तबीयत बिगड़ने के बाद यह मामला सामने आया। छात्राओं ने मेस के खाने में कीड़े-मकोड़े और लंबे बाल मिलने के आरोप लगाए हैं।

घटना के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परिजन हॉस्टल पहुंचे और विरोध जताया। हंगामे के बाद शनिवार को खाद्य विभाग की टीम मेस की जांच के लिए पहुंची। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद मेस को बंद कर दिया गया।

जांच में मेस में साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों में गंभीर लापरवाही मिलने पर मेस को तत्काल बंद करा दिया गया। टीम ने आटा और घी के नमूने जांच के लिए भोपाल लैब भेजे हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि छात्राओं को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।

जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह में कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं हॉस्टल प्रबंधन का दावा है कि बीमार हुई छात्राएं बाहर से खाना मंगाकर खा रही थीं, जबकि हॉस्टल मेस में भोजन करने वाली सभी छात्राएं पूरी तरह स्वस्थ हैं।

#### चावल में सिगरेट के टुकड़े, कीड़े और बाल निकलते हैं

- हॉस्टल की छात्राओं ने बताया कि जहां हॉस्टल का खाना बनता है, उसके ठीक पास ही चेंबर (गटर) है। इस भारी गंदगी के बीच ही रसोइया खाना तैयार करता है। छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया, एक महीने से हम नरक झेल रहे हैं। खाने में से कीड़े निकल रहे हैं। दो-दो बार चावल के अंदर से सिगरेट के टुकड़े (बड्स) निकले हैं।
- खाने में कंकड़ और बाल मिलना तो रोज की बात है। आरोप हैं कि जब छात्राएं इसकी शिकायत करने गईं तो उसने लाइव सबूत मांगे गए।

#### छात्राओं को हुआ लिवर और आंतों का इन्फेक्शन

छात्राओं ने अपनी मेडिकल रिपोर्ट दिखाते हुए बताया, गंदे पानी के कारण एक छात्रा को गले में गंभीर इन्फेक्शन हो गया, जिसके बाद उसे गोकुलदास अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अब वह बाहर से कैंपर का पानी मंगाकर पीने को मजबूर है। आरोप है कि कई छात्राओं को पिछले तीन-चार दिनों से लगातार उल्टियां हो रही हैं। हॉस्टल में रह रही कई लड़कियों को लिवर इन्फेक्शन, पेट दर्द और आंतों का इन्फेक्शन हो गया है।

#### दूषित पानी सप्लाई का भी आरोप

छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि हॉस्टल में पिछले कई दिनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। उनका कहना है कि गंदा खाना और खराब पानी लगातार उनकी सेहत पर असर डाल रहा है।

# 10 लाख की आबादी के बीच दौड़ेगी मेट्रो

### इस रूट पर एयरपोर्ट और 12 बड़ी कंपनियों के ऑफिस, किराया-शेड्यूल भोपाल में फाइनल होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर मेट्रो की येलो लाइन के दूसरे फेज को सरकार ने हरी झंडी दे दी है। 20 जून को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सुपर कॉरिडोर-2 से रेडिसन चौराहे तक के रूट का लोकार्पण करेंगे। इसके एक दिन बाद 21 जून से आम लोगों के लिए मेट्रो नए ट्रैक पर दौड़ने लगेगी। भोपाल स्थित मेट्रो कार्यालय में किराया, फेरे और शेड्यूल को लेकर मंथन चल रहा है। अगले तीन-चार दिन में इस पर अंतिम निर्णय हो जाएगा।

सुपर कॉरिडोर-2 से रेडिसन चौराहे तक का मेट्रो कॉरिडोर शुरू होने पर यह इंदौर मेट्रो का सबसे व्यस्त और अधिक यात्री घनत्व वाला रूट बन जाएगा। इस रूट से सीधे 4 से 6 लाख लोगों को लाभ मिलने का अनुमान है, जबकि फीडर बसों और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों के जरिए यह संख्या 8 से 10 लाख तक पहुंच सकती है।

यह कॉरिडोर सुपर कॉरिडोर, गांधी नगर, लवकुश, सुखलिया, विजय नगर, स्कीम- 78, स्कीम-54 और रेडिसन चौराहे जैसे प्रमुख रिहाइशी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों को जोड़ेगा। विशेष रूप से विजय नगर और रेडिसन क्षेत्र शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय केंद्र हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है।

एक्सपर्ट के अनुमान के अनुसार, मेट्रो संचालन के शुरूआती चरण में इस कॉरिडोर पर रोजाना 25 से 40 हजार यात्री सफर कर सकते हैं, वहीं सुपर कॉरिडोर और आसपास के क्षेत्रों के विकसित होने के बाद यह संख्या 60 हजार से लेकर एक लाख यात्रियों रोज तक पहुंच सकती है।

#### इस रूट पर कई बड़ी कंपनियों के ऑफिस

इस रूट के दायरे में टीसीएस, इंफोसिस और यश टेक्नोलॉजीज जैसी बड़ी आईटी कंपनियों के कैंपस हैं। इसके अलावा एसईजेड, आईटी पार्क, एयरपोर्ट, शैक्षणिक संस्थान, होटल और कई कॉर्पोरेट कार्यालय भी इसी कॉरिडोर के आसपास हैं। केवल टीसीएस और इंफोसिस के कैंपस ही हजारों कर्मचारियों की क्षमता रखते हैं।

# ग्यारह देशों के कृषि मंत्रियों की अनाज से बनीं तस्वीरें



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ग्राम सुपरली के कृषक कलाकार योगेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने इंदौर में आयोजित होने वाले ब्रिक्स कृषि मंत्रियों के सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न देशों के कृषि मंत्रियों की अनाज से आकर्षक तस्वीरें तैयार की हैं। इन तस्वीरों में ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, चीन, रूस, इथियोपिया, मिस्त्र (इजिप्ट), इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब सहित ब्रिक्स एवं सहयोगी देशों के कृषि मंत्रियों को विभिन्न प्रकार के अनाजों के माध्यम से चित्रित किया गया है।

### इंदौर चिड़ियाघर में जन्मा गुलाबी आंखों वाला दुर्लभ सफेद हिरण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के चिड़ियाघर में एक दुर्लभ और आकर्षक सफेद हिरण के शावक का जन्म हुआ है। जन्म के साथ ही यह नन्हा मेहमान अपनी अनोखे रंग और गुलाबी आंखों के कारण चिड़ियाघर का नया आकर्षण बन गया है। आम हिरणों की तुलना में इसका रंग पूरी तरह सफेद है, जबकि इसकी आंखें हल्के गुलाबी रंग की दिखाई देती हैं

जू प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि सामान्यतः फीमेल हिरण का रंग गेहुंआ तथा मेल हिरण का रंग गहरा काला होता है। इनके शावक का रंग आमतौर पर माता-पिता के रंगों से मिलता-जुलता होता है, लेकिन इस बार जन्मा शावक पूरी तरह सफेद है। इसे अलबीनो हिरण कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार शरीर में मेलेनिन नामक रंगद्रव्य की कमी के कारण ऐसा दुर्लभ रंग दिखाई देता है। यही कारण है कि इसकी आंखों में भी गुलाबी आभा नजर आती है। चिड़ियाघर प्रबंधन के अनुसार शावक पूरी तरह स्वस्थ है और उसकी विशेष देखभाल की जा रही है।

### मंदिर में गहने ले जाना मना है यह कहकर कड़े उतरवाए और लेकर भाग गया ठग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

घर से मजदूरी करने निकली एक महिला को शातिर ठग ने अपने जाल में फंसा लिया। आरोपी ने महिला को 600 रुपए मजदूरी का लालच दिया और बाइक पर बैठाकर सुनसान स्थान पर ले गया। वहां उसने महिला से कहा कि मंदिर में गहने पहनकर काम करना मना है। इसके बाद उसने महिला के पैरों में पहने करीब 500 ग्राम वजनी चांदी के कड़े उतरवा लिए। महिला को झांसा देकर ठग कड़े लेकर फरार हो गया। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी है। चंदन नगर पुलिस के अनुसार, यह घटना पटेल नगर निवासी गुलाबबाई गेदेले (48) के साथ हुई। महिला ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी का काम करती है। शुक्रवार को वह खजराना चौराहे पर मजदूरी मिलने की उम्मीद में खड़ी थी। तभी बाइक सवार एक व्यक्ति वहां पहुंचा और बोला कि चंदन नगर के आगे एक जैन मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है, जहां खाना बनाने के लिए महिला मजदूर की जरूरत है। उसने 600 रुपए मजदूरी देने की बात कही।

आरोपी की बातों में आकर महिला उसके साथ बाइक पर बैठ गई और काम पर जाने के लिए निकल पड़ी। एसीपी शिवेंदु जोशी ने बताया कि आरोपी महिला को सीधे मौके पर नहीं ले गया, बल्कि वह महिला को पहले सराफा बाजार ले गया। जहां कुछ देर रुकने के बाद उसने महिला से कहा कि अम्मा मंदिर में गहने पहनकर काम पर नहीं करते हैं। इसलिए दोनों पैरों के कड़े उतारकर रख लो। महिला भी ठग की बातों में आ गई और अपने 500 ग्राम वजनी चांदी के कड़े उतारकर कपड़े की पोटली में रख लिए। शातिर ठग ने ऐसा जाल बुना कि महिला उसके इरादों को भांप नहीं सकी। वह महिला को ग्राम सिंहासा ले गया और वहां कहा कि वह गहनों की पोटली सुरक्षित नहीं रख पाएगी, इसलिए उसे दे दे। महिला फिर उसकी बातों में आ गई और पोटली उसे सौंप दी। इसके बाद आरोपी ने महिला से कहा कि वह मंदिर से होकर आता है और चांदी के कड़ों से भरी पोटली लेकर फरार हो गया। काफी देर तक उसके वापस नहीं लौटने पर महिला को ठगी का अहसास हुआ। उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।



















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com